RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 175 | ग्वालियर बुधवार 5 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए


## मुख्यमंत्री संग भूटान नरेश ने की गंगा, यमुना और सरस्वती की विधि-विधान से उपासना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

प्रयागराज शनि कुमार यादव

महाकुम्भ नगर। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहीं मंगलवार को नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। भूटान नरेश संगम में आस्?था की डुबकी लगाने के बाद अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन के लिए गये। दोनों नेताओं ने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का भी दौरा किया।

सदी के सबसे बड़े आयोजन %महाकुम्भ 2025% में स्नान के लिए पूरी दुनिया लालायित है। इसी क्रम में भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में %पुण्य की











डुबकी% लगाने प्रयागराज पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें त्रिवेणी संगम पर विधिवत स्नान और पूजा-अर्चना कराई। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही थिम्फू से लखनऊ पहुंचे थे, जहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। संगम में स्नान-ध्यान के उपरांत भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुम्भ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महाकुम्भ नगर में भूटान नरेश की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता %नंदी% और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास (सतुआ बाबा) सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## युवा समाज गौरव अश्विन सेमलानी एवं निखिल को मिला सीएमएसबी अवार्ड

### एफकेसीसीआई के तत्वावधान में हुआ सातवां वार्षिक नेशनल अवार्ड प्रोग्राम

डॉ संजय जोशी

**बेंगलूरु।** काउंसिल फॉर मीडिया एंड सैटलाइट ब्रॉडकास्टिंग (सीएमएसबी) नई दिल्ली की ओर से बेंगलूरु के एफकेसीसीआई स्थित सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में विशिष्ट सेवा अवार्ड अश्विनी सेमलानी को एवं यंग एंटरप्रेन्योर का अवार्ड निखिल डी जैन को प्रदान किया गया। इस अवसर पर एफकेसीसीआई के अध्यक्ष एमजी बालकृष्ण, कोप्पल विश्वविद्यालय के कुलपति, डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस सारा फातिमा, सहायक पुलिस आयुक्त बालकृष्ण सहित कई अन्य लोगों को काउंसिल फॉर मीडिया एंड सैटलाइट ब्रॉडकास्टिंग (सीएमएसबी) के अध्यक्ष बंगारी ने अवार्ड प्रदान किये। फेडरेशन ऑफ कर्नाटक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफकेसीसीआई) के तत्वावधान में हुआ यह सातवां वार्षिक नेशनल अवार्ड प्रोग्राम था। जिसमें कौंसिल फॉर मीडिया एंड सैटेलाइट ब्रोकेस्टिंग मीडिया द्वारा



पुरस्कार दिए गए। इस दौरान समाज में सेवा के हर कार्य को तन, मन, धन से पूरा करने वालों में सर्व समाज में सेवारत युवा गौरव व्यक्तित्व समाज सेवी अश्विन सेमलानी को मनोनीत किया। अश्विन सेमलानी, जो कि अनेक सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक एवं रचनात्मक कार्यों से संबंधित विभिन्न संस्थाओं से जुड़े है। अपने स्तर पर वे समयबद्ध दिनङ्करात सेवा के लिए तत्पर रहते है। हाल ही विगत वर्षों में महामारी कोरोना काल में भी सेमलानी ने अविस्मरणीय सेवाभावी योगदान समर्पण भाव से दिया। इसके अलावा जैसे व्यापक स्तर पर मास्क वितरण, जरूरत मंद लोगों को राशन सामग्री बांटना, दवाई, ऑक्सीजन आदि की व्यवस्था उन्होंने अपनी कर्मस्थली कर्नाटक में बेंगलूरु के साथङ्कसाथ जन्म भूमि राजस्थान के अपने गांव सुमेरपुर क्षेत्र में भी सहायता पहुंचाई। यही नहीं, केंद्र व राज्य सरकार से मिलने वाली विभिन्न लाभकारी योजनाओं का भी लाभ लोगों तक पहुंचाते रहते है। समय समय पर दिवस विशेष पर अनाथ शिशु आश्रम मे जरूरती कपड़े, खाने की सामग्री की मदद करते रहते है। गौ माता की सेवा के तहत विविध क्षेत्रों में गौ शालाओं में जिस तरह की भी जरूरत होती है, पूरी करते हैं। गौ वंश हेतु यदा कदा हरे चारे की भी व्यवस्था करवाते है। सेमलानी को मिले इस विशिष्ट सेवारत्न सरीखे अवॉर्ड पर उनके मित्र बंधुओं ने बधाई शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके प्रगतिपरक उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सूर्यदत्त ग्रुप का 27वां स्थापना दिवस समारोह 7 को पुणे में

### सूर्यदत्त जीवन गौरव, राष्ट्रीय एवं यंग अचीव्हर्स पुरस्कार के नाम घोषित

डॉ संजय जोशी

पुणे। सूर्यदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर %सूर्यदत्त जीवन गौरव पुरस्कार% व %सूर्यदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार% की घोषणा की गई है। पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार, 7 फरवरी 2025, शाम 5॰30 बजे, बंतारा भवन, मुंबई-पुणे हाईवे, बाणेर, पुणे में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी सूर्यदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रो डॉ. संजय बी. चोरडिया ने दी। उन्होंने बताया कि परमवीर चक्र विजेता सुबेदार मेजर संजय कुमार, वरिष्ठ मूर्तिशास्त्र विद्वान डॉ. गोबं. देगलूरकर, प्रसिद्ध अभिनेता सचिन पिळगांवकर, अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो डॉ. नरेंद्र भंडारी, सामाजिक कार्यकर्ता और साहित्यकार सीए डॉ. अशोककुमार पगारिया, नीलकंठ ज्वेलर्स को घर-घर तक पहुँचाने वाले दिलबाग सिंह बीर, चिकित्सा और सामाजिक सेवा प्रदान करने वाले डॉ. सदानंद राऊत तथा उद्यमी मयूर वोरा व मयूर शाह को %सूर्यदत्त जीवन गौरव पुरस्कार% से



सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि %सूर्यदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार% से पद्मश्री पर्यावरणविद चैत्राम पवार, वरिष्ठ अभिनेत्री जया प्रदा और स्मिता जयकर, ऋस्ना डायग्नोस्टिक्स के राजेंद्र मुथा, वैश्विक व्यापार विशेषज्ञ सागर चोरडिया, इज़राइल के भारत में काउंसल जनरल कोब्बी शोषणी, एडवोकेट शेखर जगताप, सहकार विशेषज्ञ डॉ. शिवाजीराव डोले, चिकित्सा व सामाजिक सेवा में योगदान देने वाले डॉ. राजेश पारसनीस, प्रेरक वक्ता राहुल कपूर जैन, उद्यमी इंद्रनील चितळे, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर खाबिया और कृषि उद्यमी सुनील वाघमोडे को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, %सूर्यदत्त राष्ट्रीय यंग अचीवर्स अवॉर्ड% स्टार्टअप और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जैनम और जीविका जैन को दिया जाएगा। डॉ संजय ने यह भी बताया कि कार्यक्रम में अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य डॉ. लोकेश मुनिजी, परमवीर चक्र विजेता सुबेदार मेजर संजय कुमार और वरिष्ठ मूर्तिशास्त्र विद्वान डॉ. गोबं. देगलूरकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस समारोह में वरिष्ठ अभिनेता रज़ा मुराद मुख्य वक्ता होंगे, जबकि सिस्टर लूसी कुरियन और लेफ्टिनेंट जनरल अशोक आंब्रे विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## स्मार्टसिटी के नाम पर स्ट्रीट हॉकर्स के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया

राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी जरूरतमंदों के लिए रोजगार के साथ ही स्वरोजगार भी उपलब्ध कराने में सहयोग करती है आपको बता दें रानू शर्मा एक ग्रहणी हैं और उनके परिवार के लिए आर्थिक संकट की घड़ी में सोसाइटी के द्वारा स्वरोजगार की पहल के तहत एक फ़ूड स्टाल ओल्ड हाईकोर्ट पर लगवाया था ताकि परिवार अपनी आजीविका चला सके और परिवार पूरी मेहनत से इस व्यवसाय में लग गया लेकिन दुर्भाग्य ही कहेंगे की ग्वालियर नगर निगम स्मार्ट सिटी के नाम पर लोगो को उनके स्वरोजगार से वंचित कर रहा है आपको बता दें मदाखलत के लोग रोड किनारे खड़े फ़ूड स्टाल को जबरदस्ती उठाकर गाड़ी में बुरी तरह से पटक रहे हैं जिससे स्टाल भी ख़राब हो रहे है और जब उनसे बात करते हैं तो कहते हैं ग्वालियर को स्मार्टसिटी बनाना है इसलिए रोड किनारे कोई भी स्टाल नहीं लगेगा मैं कहता हूँ बिल्कुल हमारा शहर स्मार्टसिटी होना चाहिए लेकिन किसी को बेघर करके नहीं !




मध्य प्रदेश सरकार एवं नगर निगम के अधिकारियों को इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि यदि आदमी के पास रोजगार ही नहीं होगा तो स्मार्ट सिटी को कोन देखेगा अगर आपको स्ट्रीट वेंडर को हटाना ही है तो उन्हें उचित जगह पर शिफ्ट करे तभी उन्हें हटाए अन्यथा आप को किसी की रोजी रोटी छीनने का कोई अधिकार नहीं है

## ब्राह्मण समाज 30 को परशुराम पालकी सर्व समाज के साथ निकालेगी

कपिल गोयल (दैनिक केसरिया हिंदुस्तान)

**9 को सर्व समाज की बैठक होगी**

**ग्वालियर।** सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर की कोर कमेटी की बैठक भगवान श्री परशुराम पालकी यात्रा के संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन तीरथ मिश्रा ने किया। भगवान श्री परशुराम जी का प्रकटोत्सव पर गत तीन वर्षों से सकल हिन्दू समाज के अराध्य भगवान श्री परशुराम पालकी यात्रा सभी समाजों को साथ अक्षय तृतीया 30 अप्रैल कोनिकल जाएगी इसके लिए दायित्व रोकने के लिए 9 फरवरी दोपहर 2॰30 बजे भगवान श्री परशुराम पालकी को लेकर अग्रवाल,वैश्य, गहोई,क्षत्रिय, ब्राह्मण, कायस्थ, सिन्धी, पंजाबी, राठौर, कल्चुरी, महाराष्ट्रीयन, कुशवाहा, माहौर, सहित सभी समाजों के प्रमुखों की बैठक श्री गौरव महाराज बालाजी सरकार, मैना वाली गली, लोहिया बाजार पर होगी। सकल ब्राह्मण महा समिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जी सकल हिंदू समाज के आराध्य थे ना कि केवल ब्राह्मणों के आज देश को एकजुट होने की आवश्यकता है इस उद्देश्य को लेकर इस बार भगवान श्री परशुराम पाल की यात्रा पूर्व की भांति इस बार भी भगवान श्री परशुराम पाल की यात्रा में सैकड़ो कलशदारी महिलाएं मंगल कलश लेकर शहर की प्रमुख सड़कों से निकलेंगी। बैठक प्रकाश नारायण शर्मा के अलावा भुवनेश्वर सोनू बाजपेई, राम नारायण मिश्रा,अमरीश ललीत गौड़,मनोज त्रिपाठी, हेमंत एडिशन शर्मा , श्याम बाबू शर्मा,नितिन मिश्रा उपस्थित थे।

GRAND INAUGURATION
WEDNESDAY, 5th FEB 2025
AT 10:30 AM

SOLICIT YOUR GRACIOUS PRESENCE
ON THE OCCASION OF INAUGURATION CEREMONY OF

SIM SIM NX
KARNATAKA'S LARGEST INNERWEAR SHOWROOM

CHIEF GUEST
SHRI SHIVANAND S PATIL
Hon'ble Minister of Textiles, Sugarcane Development and Directorate of Sugar Agricultural Marketing
SHRI DINESH GUNDURAO
Hon'ble Minister of Health and Family Welfare of Karnataka

GUEST OF HONOUR
SHRI LABHU RAMJI, IPS.
Inspector General of Police
SHRI MONAZ JAIN IAS,
Principal Secretary Minority Affairs, Bangalore
SHRI MAHENDRA H. SINGHI
ZRUCC Member
DR. D. MUNIRAJU
Chairman of Bangalore, International Group of Institutions
SHRI KULDEEP R. JAIN, IPS
Joint Commissioner of Police
SHRI M.N. KARIBASAVANA GOWDA
Deputy Commissioner of Police

AWAITING FOR YOUR KIND PRESENCE

SCAN TO REACH US

VENUE : 3, Huriyopet, Near Munisuvrat Jain Temple, Avenue Road Cross, Opp. Canara Bank, Bangaluru-560053

From
Ashvin Semlani

CONTACT : 9448822882, 8618786881, 8618178378, 8217856029

# केंद्र व राज्य की योजनाओं का हर एक को लाभ मिल रहा है : जयप्रकाश राजौरिया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**ग्वालियर।** समय-समय पर किसी न किसी कार्यक्रम के माध्यम से व केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से हम कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखते हैं। इससे हमारा भी दायित्व बनता है कि हम इन पार्टी के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर इन कार्यक्रमों को सफल बनाएं। आज केंद्र व राज्य की योजनाओं का हर एक को लाभ मिल रहा है। अभी हाल ही में बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किसानों के लिए 3 लाख से बढ़कर 5 लाख तक का ऋण मुहैया कराया है। इसके अलावा आयकर के क्षेत्र में 12 लाख 75 हजार तक टैक्स फ्री किया है, इसका मतलब आप लोगों को कोई पैसा नहीं देना है। उक्त बात भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने मंगलवार को पूर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंह राठौर, ललित जायसवाल एवं माधौगंज दुकानदार संघ द्वारा कबूतर हाट, माधौगंज पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। राजौरिया ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की इन योजनाओं को नीचे तक ले जाने का कार्य कार्यकर्ताओं का है और जिन लोगों को हमारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम भी कार्यकर्ताओं का है। हमारे कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर इन कार्यक्रमों में भाग लेंगे और लोगों को अपने साथ जोड़ेंगे तब जाकर दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल जो हमारा बना है वह लंबे समय तक सरकार में रहे और लंबे समय तक दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना रहे इसके लिए हम सभी को मिलजुल कर कर करें और आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के अग्रणी काम में पार्टी का सहयोग करें।

# भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट ने किया आदर्श गौशाला का निरीक्षण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**ग्वालियर।** भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट की ग्वालियर शाखा ने आज लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला का निरीक्षण किया एवं गौशाला प्रमुख श्री ऋषिभानंद महाराज से मुलाकात की ट्रस्ट की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु शर्मा के नेतृत्व में संभागीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता पाठक जिला संरक्षक सुनीता शर्मा अध्यक्ष श्रीमती सरला गुप्ता ने गोवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था की संस्था के सभी सदस्यों द्वारा गौ पूजन भी किया गया एवं गौशाला में स्थित हिंदू संस्कृति की भूरी भूरी प्रसंसा की इस अवसर पर भारतीय मानव अधिकार सहकार टेस्ट की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु शर्मा ने आदर्श गौशाला में स्थित वैवाहिक प्रांगण का भी निरीक्षण किया एवं भारतीय संस्कृति को जीवित रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन होना चाहिए इस पर संस्था द्वारा विचार किया गया एवं सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें कि भारतीय संस्कृति को कैसे जीवित रखा जाए और इसको बढ़ावा देने के लिए किस प्रकार के उपाय किया जाए इस पर गहन मंथन किया गया आज निरीक्षण करने वालों में जिला संगठन मंत्री श्रीमती पूनम सेंमर तहसील अध्यक्ष श्रीमती रुचि गुप्ता श्री हेरी गुप्ता उर्मिला नाहर सुकृति गुर्जर रितु शर्मा संध्या सोनी डॉक्टर प्रमिला पचौरी सहित संस्था केअनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व कैंसर दिवस पर स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन

**श्योपुर।** विश्व केंसर दिवस के अवसर 4 फरवरी को जिला अस्पताल श्योपुर में स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 30 से 65 वर्ष की आयुवर्ग के 109 रोगियों में केंसर जैसे ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुख का कैंसर आदि की जांच के लिए स्क्रीनिंग की गई। जांच में किसी भी रोगी में कैंसर के लक्षण नही पाये गये। सभी रोगियों को उनके रोग अनुसार परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से लोगों को कैंसर होने के कारणों एवं उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कैंसर होने से कैसे बचा जा सकता है इसके बारे में लोगों को जागरूक किया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुरैना विभाग का विभाग अभ्यास वर्ग नगर इकाई अम्बाह में संपन्न हुआ

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अम्बाह ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग का शुभारंभ मध्य भारत प्रान्त के प्रान्त संगठन मंत्री श्री रोहित दुबे जी, प्रांत सहमंत्री सत्यादित्य तोमर, प्रांत उपाध्यक्ष शिवकुमार पचौरी जी , विभाग प्रमुख शिवराज शर्मा जी , ने माल्यार्पण कर शुभारंभ किया इस अवसर पर उन्होंने भिंड और मुरैना से पधारी हुई युवा तरुणाई को संबोधित किया कार्यकर्ताओं का सतत विकास, कार्य की गति को बढ़ाने के लिए उनका प्रशिक्षण आवश्यक है प्रांत संगठन मंत्री ने विद्यार्थी परिषद की उपलब्धियो का जिक्र करते हुए बताया वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक छात्र संगठन है जो सदैव छात्र हित एवं समाज हित में कार्य करता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री धनराज जी ने पंच परिवर्तन विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया इस अवसर पर प्रांत एसएफएस प्रमुख श्री विनीत वर्मा जी, भिंड जिला संगठन मंत्री अमित राय जी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राकेश त्यागी, राजू धाकड़, आनंद जैन, रूपाली हाडा ,सोम शर्मा आदि प्रांत कार्यकारिणी सदस्यों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया इस अवसर पर अम्बाह नगर के नगर अध्यक्ष आरएस राठौर नगर मंत्री श्यामू शर्मा एवं भिंड एवं मुरैना से पधारे हुए 180 कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर

संतोष सिंह चौहान



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्व.डॉ.राजेन्द्र प्रकाश सिंह की पांचवी पुण्यतिथि आज बुधवार पांच फरवरी को मौ नगर में शांति निकेतन-निर्वाण मार्केट में सुबह 10 बजे मनाई जाएगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामअख्तियार गुर्जर,मंडल महामंत्री राजू मिश्रा ने बताया कि श्रंदाजलि सभा के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, वृद्ध आश्रम में फल वितरण किए जायेंगे।

# महामंडलेश्वर डॉ मोहनानंद सरस्वती की कुंभ मेले में निरंतर चल रही जन सेवा

## शिविर लगा कर कुंभ में आये साधु-संतों का स्वास्थ्य परीक्षण कर किया निशुल्क दवा का वितरण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर
संतोष सिंह चौहान



भिंड जिले के रामानंद आश्रम के पूज्य संत महामंडलेश्वर डॉ मोहनानंद सरस्वती प्रयागराज महाकुंभ में जगह-जगह शिविर लगाकर निरंतर जरुरतमंदो को निशुल्क दवा वितरण कर रहे हैं इसी क्रम में महामंडलेश्वर डॉ मोहनानंद सरस्वती ने सेक्टर नं 15 में लगे अपने खालसा परिसर में शिविर लागाकर महाकुंभ में आये हजारों साधु-संतों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरण की और दवा के सेवन करने के नियम वताये गये श्री रामानन्द अखंड आश्रम जनसेवा समिति के अध्यक्ष एवं संस्थापक महामंडलेश्वर डॉ मोहनानंद सरस्वती महामंत्री श्री योगेश्वर दत्त शर्मा और खालसा में आश्रय ले रहे सभी धर्मप्रेमी,भक्त,और महामंडलेश्वर मोहनानंद महाराज के शिष्य पुरे सेवा समर्पण भाव से जन सेवा में जुटे हुए हैं।

# व्यसन मुक्त ग्वालियर की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** व्यसन मुक्त ग्वालियर अभियान के तहत विभिन्न महिला सामाजिक संगठनों (मातृशक्ति) ने मंगलवार को शहर को नशा मुक्त बनाने की मांग को लेकर एसडीएम वंदना जैन को जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मातृशक्ति ने व्यसन ब्रिकी केन्द्रों को शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों, चिकित्सालय सहित सार्वजनिक स्थलों के पास से निश्चित दूरी और समय पर बंद कराने की मांग की, ताकि युवा पीढ़ी नशा की लत से बच सके। उन्होंने कहा कि ग्वालियर जिले में मादक पदार्थों का सेवन व्यापक रूप से हो रहा है। जिसके कारण गंभीर रूप से सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में मनीषा इंदापुरकर, अंजलि हर्डीकर, पसन्ना नागपाल, अरुंधती भानपुरकर, नीलम शुक्ला, रजनी खेडकर, साक्षी माईणकर, अर्चना शर्मा बौहरे, रेखा सबनीस, अर्चना काले, अर्चना वाघमारे, वर्षा गुप्ता, अश्विनी अग्रवाल, रश्मि ऋतुराज, सरोज झा, रेखा चौगांवकर, रेखा श्रीवास्तव, आशा मगोन, चित्रा कुशवाह, सुकन्या शर्मा, रंजना कक्कड़, पल्लविका चौधरी, निधि मिश्रा, मंगला केलकर, यशस्वी, प्रीति चौबे, उमा कुशवाह, निर्मला शुक्ला, मीना शर्मा, साधना भदौरिया, नीलिमा शिंदे, करुणा सक्सेना, डॉ.अंजलि रायजादा, मीना सचान, डॉ.वंदना भूपेंद्र प्रेमी आदि शामिल रहीं।

## परिवार कल्याण केंद्र कंपू पर मनाया बसंत पंचमी एवं संक्रान्ति हल्दी कुमकुम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** बसंत पंचमी एवं संक्रान्ति हल्दी कुमकुम उत्सव परिवार कल्याण केंद्र कंपू पर बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिसमें डॉक्टर सुजाता बापट मैडम द्वारा सरस्वती माता की मूर्ति की पद स्थापना कर हल्दी रोली चावल पुष्प द्वारा पूजन आराधना कर कहा कि विद्यादायनी मां सभी के जीवन को अपने ज्ञान से प्रकाशित करे। सभी का कल्याण करे। साथ ही सभी सखियों को बापट मैडमजी द्वारा संक्रांति हल्दी कुमकुम मनाकर सुहाग का सामान मिठाई एवं विशेष उपहार देकर मनाया इस अवसर पर गीता सूर्यवंशी अनीता नागोरी कुसुम लता शाक्य बबीता शाक्य नसीम बानो आदि उपस्थित रही।

## केला देवी मंन्दिर पर वह रही भक्ती रस की धारा, चल रहा मानस सम्मेलन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर
संतोष सिंह चौहान



ग्राम लालपुरा में स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ मां श्री केला देवी मन्दिर पर हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी संगीतमय श्री राम चरित मानस सम्मेलन का सुन्दर आयोजन चल रहा है जिसमें आसपास के क्षेत्रवासी धर्मप्रेमी लोग बडी संख्या में पहुच कर विद्वानों के मुखारविंद से श्रीराम कथा का श्रवण कर रहे हैं मां केला देवी के परम भक्त राजवीर सिंह निर्वाण ने जानकारी देते हुए बताया की यह कार्यक्रम नियमित रुप से दोपहर 12, बजे से शाम 05 बजे चलता है तत्पश्चात आरती और प्रसाद वितरण होता है श्रोताओं को कथा वाचक, श्री राम देव दास जी रामायणी, साध्वी सुश्री गायत्री देवी रामायणी, श्री लक्ष्मी नारायण जी रामायणी आदि विद्वान वक्ताओं के मुखारविंद से कथा श्रवण करने का पुन्य लाभ प्राप्त हो रहा है।

## मुरैना में आज हुई हल्की बारिश, ठंडक बढ़ी

**मुरैना।** मुरैना में मंगलवार को मौसम में बदलाव देखा गया। सुबह से छाए बादलों के बीच दोपहर 11 बजे हल्की बारिश हुई, जिससे वातावरण में ठंडक बढ़ गई। बारिश के बाद धूप निकल आई। मौसम विभाग के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर है, जबकि न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से बढ़कर 12 डिग्री सेल्सियस हो गया है। मौसम विभाग ने पहले ही 3 फरवरी के बाद मुरैना में मौसम परिवर्तन और बारिश की भविष्यवाणी की थी, जो सटीक साबित हुई। मंगलवार सुबह से छाए बादलों के बाद दोपहर में हल्की बूंदाबांदी के साथ बारिश शुरू हुई। हालांकि बारिश कम मात्रा में हुई, लेकिन इसने शहर के माहौल में ठंडक घोल दी। मौसम वैज्ञानिक हरविंदर सिंह ने बताया कि यह हल्की बारिश सरसों की फसल के लिए लाभदायक साबित होगी।

# स्पॉन्सरशिप योजना में संरक्षक बदलने की प्रक्रिया की जायें-डीएम




**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान स्पॉन्सरशिप योजना के तहत बच्चों के संरक्षक बदलने की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश डीपीओ महिला बाल विकास को दिये। इसके साथ ही करंट लगने से भैस की मृत्यु के मामले में पशुपालक को मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश एमपीईबी अधिकारियों को दिये गये। जनसुनवाई के दौरान जरूरतमंद हितग्राहियों को कंबल भी प्रदाय किये गये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 127 आवेदन प्राप्त हुए।

स्पॉन्सरशिप योजना में संरक्षक बदलने की प्रक्रिया की जायें

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने स्पॉन्सरशिप योजना से संबंधित आवेदन पर बच्चों के संरक्षक के रूप में बच्चों की दादी का नाम सहमति एवं पंचनामे के आधार पर वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर दर्ज किये जाने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिये गये। बच्चो के साथ जनसुनवाई में आई दादी श्रीमती अकिला ने बताया कि उसके पुत्र स्व. श्री गब्बर हुसैन की मृत्यु हो जाने के बाद उसकी पुत्रवधु ने अन्यत्र विवाह कर लिया है। ऐसे में दो बच्चें उसके पास (दादी) रहते है। पूर्व में स्पॉन्सरशिप योजना में शासन की ओर से लाभ मिल रहा था, लेकिन संरक्षक के रूप में दर्ज मॉ के द्वारा अन्यत्र विवाह कर लेने से लाभ मिलना बंद हो गया है। इस मामले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि पंचनामा सहमति एवं अन्य प्रक्रिया कर दादी को संरक्षक के रूप में दर्ज किया जायें, जिससे बच्चों को योजना में लाभ मिल सकें।

**संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि की मांग के आवेदन का निराकरण करते हुए हितग्राही श्री सेवाराम आदिवासी निवासी फूलदा को अवगत कराया कि प्रकरण में ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से दो लाख रूपये की राशि भी प्राप्त होगी। श्री सेवाराम आदिवासी द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर पिता स्व. श्री रामपत आदिवासी की मृत्यु हो जाने से अनुग्रह राशि दिये जाने की मांग की गई थी।

**करंट से भैस की मृत्यु मामले में मुआवजा देने के निर्देश :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने गुलमोहर कॉलोनी श्योपुर निवासी श्री देवेन्द्र पंवार के आवेदन पर एमपीईबी अधिकारियों को करंट से भैस की मृत्यु के मामले में मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश दिये गये। आवेदक श्री देवेन्द्र पंवार ने बताया कि करंट लग जाने से उसकी एक भैस की मृत्यु हो गई थी, ततसमय बिजली विभाग के अधिकारी भी मौके पर जांच करने गये थे तथा पंचनामा आदि बनाया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ पूरा प्रकरण विधुत मंडल को भेजा गया है। इस संबंध में प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

# नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजना बंसल ने कैम्प में लाभ उठाने की क्षेत्रवासियों से की अपील




**मुरैना।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत स्वास्थ्य कैम्प जिला प्रशासन के सहयोग से 26 मार्च से 02 अप्रैल तक जिला मुख्यालय मुरैना पर लगाया जा रहा है। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के नेतृत्व में 19 स्थानों पर स्क्रीनिंग कैम्प लगाये जाने के लिये कैलेण्डर जारी किया गया है।

एसडीएम सबलगढ़ श्री अरविन्द माहौर के मार्गदर्शन में 04 फरवरी, मंगलवार को कैलारस मुख्यालय पर स्क्रीनिंग कैम्प लगाया गया। इस दौरान नगर पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती अंजना बंसल ने स्क्रीनिंग कैम्प का शुभारंभ करने के बाद क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक कैम्प में उपस्थित होकर अपनी बीमारी को ठीक कराने के लिये पंजीयन करा सकते है। स्क्रीनिंग कैम्प 05 फरवरी को भी कैलारस मुख्यालय पर लगाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने बताया कि 04 फरवरी, मंगलवार को स्क्रीनिंग कैम्प में 1324 लोगों ने पंजीयन कराये है, जिनमें से 152 मरीज गंभीर बीमारी एवं सर्जरी के पाये गये है। जिनमें मेडीसन के 167, शिशु रोग 148, दंत रोग 195, सर्जरी के 132, हड्डी एवं जोड़ रोग के 165, स्त्री रोग 140, मनोरोग विशेषज्ञ 20, नेत्र रोग 165 और त्वचा रोग 192 मरीज चिन्हित किये गये है। उनकी डॉक्टरों द्वारा फाइल तैयार कर जिले के लिये सूचित किया गया है। इस अवसर पर कैलारस तहसीलदार श्री विश्राम बघेल, जनपद सीईओ, खंड स्तर के स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारी एवं रोटरी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाउस के बाहर संधारित निरीक्षण रजिस्टर पर विधिवत हस्ताक्षर करने के बाद भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत बारीकी से ईवीएम वेयर हाउस का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थायें सही पाई गईं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# बसंत पंचमी पर महाप्राण निराला जी की जयंती का सुंदर आयोजन

## बिष पीकर अमृत बाटने वाला महाप्राण निराला बनता है - प्रो अनिल

**सीधी।** सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी की जयंती पर सुधर्मा भवन शिवाजी नगर नौढिया में आयोजन की अध्यक्षता कर रहें मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. अनिल सिंह सत्यप्रिय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक समरसता, मनुष्यता एवं भाईचारे के पक्ष में जो संघर्ष करता है वह महाप्राण बनता है। शोषणकारी ताकतों के विरुद्ध जो सृजन करता है वह महाप्राण बनता है। लेकिन आजकल संत महंत और साहित्यकार भी सर्वग्रासी राजनीति की जी हुजूरी में लगे हैं ऐसे लोग इनाम अकराम पद और प्रतिष्ठा तो पा सकते हैं किंतु महाप्राण नहीं बन सकते। महाप्राण निराला बनने के लिए अभाव सहना पड़ता है। अंधेरी शक्तियों के विरुद्ध मशाल जलाना पड़ता है, विष पीकर अमृत बांटना पड़ता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कुकुरमुत्ता, वह तोड़ती पत्थर, सरोज स्मृति और राम की शक्ति पूजा को शिद्दत से रेखांकित किया और निराला के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की बात कही। कवित्व, संतत्व और साधुत्व को यथार्थ रूप से जीने पर जोर दिया। निराला की आग को चेतना को और प्रखर बनाने पर जोर दिया। आयोजन के मुख्य अतिथि, मध्यप्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ, जिला इकाई के अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं साहित्यकार सोमेश्वर सिंह सोम के द्वारा मनुष्य के मूल स्वभाव और चरित्र में प्रगतिशीलता होने के साथ साथ समाज की जड़ता और सत्ता की निरंकुशता का सामना करने के लिए निराला की सभी रचना को महत्वपूर्ण बताया गया और इन्होंने ने बताया की निराला का साहित्य दया, करुणा और जिजीविषा से तो भरपूर है ही सबसे महत्वपूर्ण यह है की उनका साहित्य पाठक में अंधेरे



और पूंजीपतियों के विरुद्ध आक्रोश पैदा करता है और बताया की अच्छे लेखन और पाठन के लिए अध्ययनशील होना अति आवश्यक हैं। आयोजन के विशिष्ट अतिथि अशोक तिवारी अकेला ने अपने व्याख्यान में निराला के संपूर्ण व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि निराला निश्छल कवि थे और जीवन में कई तरह के अभाव के बावजूद भी कभी नहीं झुके। विशिष्ट अतिथि डॉ. कमलापति गौतम कमल ने निराला जी को मानवता और मनुष्यता का प्रतीक कहा और अपनी रचना विंध्य वाटिका के हम माली का पाठ किया। के.एम. मिश्र कौस्तुभ ने कहा कि निराला जी ने कभी भी सिद्धांत से समझौता नहीं किया और अपनी रचना राधिका बसी हुई महंत साधु संत में का पाठ किया। डॉ. हरिविलाश गुप्ता ने अपने वक्तव्य में निराला के लेखन को यथार्थवादी लेखन बताया और अपनी रचना मां वीणा पाणी तेरी अथक कहानी का पाठ किया। पूर्व प्राचार्य रामराज यादव विकल्प ने निराला के कविता में आशा और उन्हें बहुमुखी प्रतिभा के धनी होने के साथ निराला को मजदूर और शोषित लोगों का कवि माना और अपनी रचना हथेली पर सरसों उगाने का पाठ किया। आयोजन का संचालन आदर्श सिंह के द्वारा किया गया और इन्होंने अपने संचालन से उपस्थितिजन को अभिभूत करते हुए बताया की निराला के लेखन को आत्मसात किया जाना चाहिए और उनके जीवन से जुड़ी कई घटनाओं को याद करते हुए निराला की कविता गहन है यह अंधकारा, स्वार्थ के अवगुंठनों से, हुआ है लुंठन हमारा का पाठ किया और स्वार्थ के पर्दे से बाहर आने पर जोर दिया। मयंक सिंह के द्वारा निराला के साहित्य की समग्रता को समेटते हुए आभार प्रगट किया गया। इस सुंदर आयोजन में साहित्यकार, कविजन एवं अन्य सामान्यजन उपस्थित रहें।



# जनसुनवाई में एसडीएम गोपद बनास ने सुनी 90 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 90 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# आरोपी बोला- गोली नहीं चलाता तो वे मुझे मार देते

## दोस्त की हत्या की; मिलकर खरीदी थी जमीन, मकान बनाना चाहते थे

**मुरैना।** मुरैना में जमीन की मेढ़ के विवाद पर अपने ही दोस्त लोकेंद्र शर्मा की हत्या करने वाले राजवीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दिए बयान में राजवीर ने बताया- घटना वाले दिन लोकेंद्र, उसके दोनों चाचा और उनके बेटे ने हमें घेर लिया था। अगर हम गोली नहीं चलाते तो वे हमें मार डालते। हमें मजबूरी में फायर करना पड़ा लेकिन यह नहीं जानते थे कि लोकेंद्र की जान चली जाएगी। राजवीर ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने लोकेंद्र के साथ मिलकर जमीन खरीदी थी। इस पर दोनों मकान बनाना चाहते थे।



दरअसल, मुरैना के गंज रामपुर गांव में रविवार को लोकेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके पिता जगदीश और राजाराम शर्मा के खेत आपस में जुड़े हैं। रविवार सुबह राजाराम का बेटा राजवीर खेत पर गया तो मेढ़ की मिट्टी उखड़ी हुई थी। उसी समय जगदीश भी मौके पर पहुंच गया। राजवीर ने मिट्टी उखाड़ने का आरोप लगाते हुए झगड़ना शुरू कर दिया। गुस्से में आकर उसने जगदीश के सिर पर फरसे से वार कर दिया, जिससे वो घायल हो गया। जब जगदीश के बेटे लोकेंद्र को पिता पर हमले की जानकारी मिली तो वह राजाराम के घर पहुंचा। यहां राजवीर ने उस पर दो गोलियां चला दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

28 बिस्वा जमीन की मेढ़ को लेकर हुआ था विवाद : राजवीर तीन भाई हैं। पहला राजवीर खुद, दूसरा भरत और तीसरा त्रिलोकी शर्मा। राजवीर और लोकेंद्र शर्मा ने मिलकर गांव के ही भरत शर्मा से 28 बिस्वा जमीन खरीदी थी। दोनों के हिस्से में 14-14 बिस्वा जमीन आई थी। जमीन का सीमांकन कराने के बाद बीच में मेढ़ बनाई गई थी। राजवीर ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह 9 बजे वह अपने पिता राजाराम के साथ खेत की मेढ़ पर गया। उसने देखा कि मेढ़ की मुड्डियां उखड़ी हैं। उसने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। लोग इकट्?ठा हो गए। जानकारी मिलते ही लोकेंद्र के पिता जगदीश शर्मा और चाचा राम प्रकाश शर्मा मौके पर पहुंचे। राम प्रकाश ने कहा- क्यों चिल्ला रहे हो? राजवीर ने कहा कि यह मुड्डियां किसने उखाड़ी हैं तो राम प्रकाश ने गालियां देना शुरू कर दिया। दोनों में बहस होने लगी। राजाराम बीच में आए तो राम प्रकाश ने पास में पड़ी सब्बल उठाकर उनके सिर में मार दी। राजवीर के पास फरसा था, उसने फरसे का वार जगदीश के सिर पर किया।

# कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन



**सीधी।** फरवरी माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट सीधी में कार्यालयीन कार्यों की शुरुआत राष्ट्गीत व राष्ट्गान के गायन से हुई। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामूहिक रुप से राष्ट्गान एवं राष्ट्गीत का गायन किया।

# जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में कक्षा 9 वी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी लिखित परीक्षा 08 मार्च को

**सीधी।** जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं विकास खंड स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन दिनांक 14.01.2025 से भरे जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10.02.2025 है। लिखित परीक्षा 08.03.2025 को आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी सीधी द्वारा पत्र जारी कर समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी प्राचार्यो एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है कि कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं विकास खण्ड स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया से अवगत करायें। साथ ही इच्छुक विद्यार्थियों को आवेदन करने में सहयोग भी प्रदान करें।



# मां नर्मदा जन्मोत्सव पर किशन भगत के भजनों ने बांधा समा

## निर्झरणी महोत्सव में लोक गायकों ने दी प्रस्तुति, सुबह से शाम तक चला स्नान और भंडारों का दौर

**दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ**



मंडलेश्वर ।मां नर्मदा जन्मोत्सव के अवसर पर स्थानीय श्रीराम घाट पर श्रद्धालुओं का आवागम अल सुबह से ही शुरू हो गया। मां नर्मदा जी के जन्मोत्सव पर मां नर्मदा जी तट श्रीराम घाट ,गणगौर घाट,ब्राह्मण घाट एवं दक्षिणी घाट पर सुबह से हजारों भक्तों ने स्नान कर पूजा पाठ,ध्यान,दान किया नर्मदा जी की अनेकों भक्तों ने मान मन्नत पूरी होने पर मां नर्मदा जी को चुनरी ओढ़ाई नर्मदा जी किनारे स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर,जालेश्वर महादेव, कालेश्वर महादेव,रत्नेश्वर महादेव,श्री छत्रगणेश महादेव,श्री टोकेश्वर महादेव मंदिर में शंकर भगवान की पूजा की नर्मदा जी किनारे ब्राह्मण घाट पर श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर समिति, श्री राम घाट सहित पांच से छ स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में हजारों भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। शाम को साढ़े 6 बजे से प्रदेश के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से निर्झरणी महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें उज्जैन के हीरामणि वर्मा एवं साथियों ने मालवी गायन की प्रस्तुतियां दी। भोपाल की सुमन कोठारी एवं दल द्वारा प्रस्तुत की गई नृत्य नाटिका से उपस्थित श्रद्धालुओं की वाहवाही बटोरी। वही सागर के यश गोपाल श्रीवास्तव एवं दल द्वारा लोक गायन की मंचीय प्रस्तुति से श्रद्धालु भाव विभोर हुए। निर्झरणी महोत्सव का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद गजेंद्र सिंह पटेल एवं विधायक राजकुमार मेव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पूर्व नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद नितिन पाटीदार, विक्की पाटीदार, अनिरुद्ध हलवे, गोलू पाटीदार, जिला कलेक्टर भव्या मित्तल, एसडीएम अनिल कुमार जैन उपस्थित थे। निर्झरणी महोत्सव के समापन के उपरांत रात्रि में संस्था सत्य मेव जयते एवं बालाजी ग्रुप के सौजन्य से इंदौर के प्रसिद्ध भजन गायक किशन भगत की भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित श्रद्धालु किशन भगत के भजनों पर खूब झूमे।

**नर्मदा जन्मोत्सव पर हुए विभिन्न आयोजन :** मंगलवार को नर्मदा जन्मोत्सव पर नर्मदा घाट पर विभिन्न आयोजन हुए। शाम साढ़े 7 बजे नर्मदा घाट पर मां नर्मदा की महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें सकल नगरवासी सम्मिलित हुए। महाआरती के दौरान नगर की निजी शिक्षण संस्था द्वारा ड्रोन से घाट पर पुष्प वर्षा की गई। जो कि नगरवासियों के लिए एक नया अनुभव था।

**निकली मां नर्मदा की शोभायात्रा :** मां नर्मदा जन्मोत्सव के अवसर पर नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा मां नर्मदा की परंपरागत शोभायात्रा स्थानीय नार्मदीय धर्मशाला से निकाली गई। समाज अध्यक्ष सिद्धनाथ उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि नर्मदा जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष निकलने वाली मां नर्मदा की शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नर्मदा घाट पर पहुंची जहा समाजजनों ने मां नर्मदा की सामूहिक आरती की। शोभायात्रा के समापन के उपरांत नार्मदीय धर्मशाला में समाजजनों के सामूहिक सहभोज का आयोजन हुआ। वही मां नर्मदा घाट पर गत 27 जनवरी से चल रही मां नर्मदा पुराण का समापन भी नर्मदा जन्मोत्सव पर हुआ। शाम को आयोजक संस्था आप हम और मां नर्मदा के सदस्यों द्वारा मां नर्मदा की शोभायात्रा नर्मदा घाट से निकाली गई। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नर्मदा घाट पर ही संपन्न होगी।

# प्रतिभा का सम्मान, प्रतिभा और परिजनों को प्रोत्साहित और दूसरों को प्रेरित करता है : पाण्डेय

## श्रीगौड़ सेहरा ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह, उपनयन संस्कार और प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
भगवान मुजाल्दा -**



कुक्षी श्रीगौड़ सेहरा ब्राह्मण समाज की कुलदेवीजी समाज कल्याण समिति, भंवरिया और श्री महालक्ष्मी वाणिज्य संकुल समिति, कुक्षी के तत्वावधान में कुलदेवी मंदिर प्रांगण में यज्ञोपवीत संस्कार, सामूहिक विवाह और समाज की प्रतिभाओं के सम्मान का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया।

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में पंडित रणदीप जी के आचार्यत्व में यज्ञोपवीत एवं सामूहिक विवाह संस्कार संपन्न हुए। समाज के सन् 23--24 में प्रवीण्य सूची में आए प्रतीभाशाली, संस्कृत में अध्ययन करने वालों छात्र छात्राओं, बैचलर एवं मास्टर डिग्री सहित अन्य विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ठ सर्विस, पद और उपाधि प्राप्त करने वाले, सहित विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वालों आदि का प्रशस्ति पत्र, एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में बलवंत सिंह जी मंडलोई, एम आर पाण्डेय, गोपाल जी शर्मा, मनोहर जी शर्मा, सेतुराम जी उपाध्याय, श्याम नारायण जोशी,जगदीश चन्द्र दीक्षित,अश्विन पांडेय, अनिल नटू पाण्डेय आदि अतिथि थे। अतिथियों ने कार्यक्रम में प्रेरक उद्बोधन दिया।

अतिथियों का स्वागत अनिल जोशी, जगदीश चन्द्र मण्डलोई ,पं. मनोहर मण्डलोई , कमल पांडे,अतिरुद्र पाठक, अभय पाण्डे , संजय पाण्डे , अभय दीक्षित, अशोक पाण्डे , आशीष पाण्डे, अंतिम पाठक, सुश्री संगीता जोशी,कमल पाण्डे, दिनेश चंद्र दीक्षित,सुनिल मण्डलोई, दिनेश चंद्र मंडलोई,राजेन्द्र जोशी, बड़वानी सुश्री संगीता जोशी ,सदाशिव पाठक, प्रवीण पुरोहित,रविशंकर भोपे, संजय भोपे, प्रेम प्रकाश पांडे, अनिल कामदार,कमल रावत, अनुराग शर्मा, अंतिम दीक्षित, अश्विन पुरोहित, डॉ ज्ञानेश्वर त्रिवेदी, कमल भार्गव,विजय कामदार आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप जोशी ने किया। कार्यक्रम में बड़ौदा, दाहोद, छोटा उदयपुर,अलिराजपुर, कुक्षी, सुसारी , बड़वानी, मनावर, सिंघाना, डेहरी, बाग, निसरपुर, अंजड, इन्दौर सहित विभिन्न गांवों एवं स्थानों से समाजजन शामिल हुए।

# उत्साह से मनाया जन्मदिन



**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद- नगर की साख संस्था के प्रबंधक, समाजसेवी अनुज सोनी के जन्मदिन पर उनके परिजनों सहित इक्ष्ट मित्रो, समाजजनों, संस्था के कर्मचारियों व ग्राहको ने उन्हें बधाई देकर उत्साह से उनका जन्मदिन मनाया। सोनी ने अपनी पत्नी रितु सोनी सहित भगवान का पूजन अर्चन कर आर्शीवाद लिया। समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणीय सोनी गरीब व मध्यमवर्गीय तबके के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर उन्हें मुख्यधारा में लाने के साथ ही आर्थिक रूप से सक्षम करने का कार्य कर रहे हैं। उनके जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं व आर्शीवाद देकर उनकी लंबी आयु की कामना की।

# इमझिरा से नर्मदा के पावन तट झिरी घाट जाकर अर्पित की 1100 मीटर की चुनरी



**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

**इमझिरा–** मां नर्मदा के प्रति लोगों की आस्था दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, मंगलवार को ग्राम इमझिरा के खेरापति मंदिर से श्रद्धालुओं ने 1100 सौ मीटर की चुनरी नर्मदा को अर्पित करने पैदल पदयात्रा शुरू की, इसके पूर्व मां खेरापति दरबार व ग्राम के सभी धार्मिक स्थलों पर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। लगभग 20 किलोमीटर का सफर कर चुनरी यात्रा का समापन नर्मदा के पावन तट झिरी घाट पर किया गया। श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन करते हुए करीब 6 घंटे में यह यात्रा पूरी की, मां नर्मदा को 1100 सौ मीटर चुनरी ओढातें हुए, मां नर्मदा का श्रंगार कर विधि-विधान से पूजन अर्चन किया गया। पिछले 5 साल से श्री रेवा सेवा समिति के अध्यक्ष श्री शिवनारायण श्रीवास्तव का कहना है कि ग्यारह सौ मीटर की चुनरी खेरापति मंदिर से पूजन अर्चन कर चुनरी पद यात्रा प्रारंभ की गई, जिसका लगभग 6 घंटे की पदयात्रा के बाद समापन हुआ, ग्राम के वरिष्ठ दीवान लेखराज सिंह, दीवान अर्जुन सिंह, कृष्णपाल सिंह, द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, एवं मां नर्मदा को विशेष प्रसादी भोग अर्पित किया गया। इस यात्रा में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री रूपराम पुरोहित, सतीश पुरोहित, देवीदयाल तिवारी, भोलेशंकर कन्हौआ, देवेंद्र पंडा, विजय पुरोहित, रामचरण पंडा, कुलदीप कन्हौआ, मिथिलेश छीपा, प्रियंक देवलिया, सुनील रूसिया,, आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। वही समिति द्वारा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त चाय पानी की व्यवस्था भी की गई।।

वहीं इमझिरा की समीपी ग्राम ईश्वरपुर में भी नर्मदा जयंती पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला जहां ईश्वरपुर सरपंच चंद्रभूषण पटेल के नेतृत्व में 511 मीटर की चुनरी मां नर्मदा को अर्पित की गई इसके पूर्व ग्राम के श्री राम जानकी मंदिर में संपूर्ण विधि विधान से चुनरी का पूजन अर्चन किया गया, एवं संपूर्ण ग्राम में भ्रमण करते हुए यह पदयात्रा मुख्य मार्ग से नर्मदा के पावन तट बारहघाट पर जाकर इस यात्रा का समापन किया गया। सभी श्रद्धालुओं के भोजन पानी की व्यवस्था ग्राम के जगदीश पटेल, भरत पटेल, मनमोहन पटेल, रंजीत सोनी, श्री राम पटेल, द्वारा की गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# जुन्नारदेव में फ्लाइओवर निर्माण से बढ़ी यातायात समस्या, धूल और डस्ट से लोग परेशान



**धनंजय वडसमुद्रकरजोशी
छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान**

जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील जुन्नारदेव में चल रहे फ्लाइओवर निर्माण के कारण न केवल यातायात में रुकावट आ रही है, बल्कि सड़क पर उड़ती धूल और मलबा लोगों की परेशानी का कारण बन गए हैं। नागरिकों का कहना है कि निर्माण स्थल के पास से गुजरते समय धूल की वजह से उन्हें सांस लेने में भी कठिनाई हो रही है।स्थानीय निवासी निशांत जैन ने बताया, फ्लाइओवर का काम महीनों से चल रहा है, लेकिन इस दौरान धूल और मलबा हर जगह फैला हुआ है। ट्रैफिक जाम के अलावा, धूल के कारण आंखों में जलन और सांस की समस्याएं हो रही हैं।

नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में असावधानी बरती जा रही है और निर्माण स्थल को साफ-सुथरा रखने का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द ही इस समस्या का समाधान करने और फ्लाइओवर के निर्माण को तेज़ी से पूरा करने की अपील की है।

# युवा संगम में मिला 60 से अधिक युवाओं को रोजगार




## स्वरोजगार के लिए वितरित किये 145.8 लाख रूपये के ऋण

**दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में 04 फरवरी को शासकीय आईटीआई खरगोन में युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। युवा संगम कार्यक्रम शुभारम्भ के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, खरगोन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापू सिंह परिहार, खरगोन, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा एवं पार्षद बेबीबाई मण्डलोई उपस्थित रहे।

युवा संगम में विभिन्न प्रकार की निजी कंपनियों द्वारा 60 से अधिक युवाओं का प्राथमिक रूप से रोजगार के अवसर प्रदान किये गए। साथ ही स्वरोजगार योजनान्तर्गत खादी ग्रामोद्योग द्वारा 59.50 लाख रुपये, उद्योग विभाग द्वारा 37.25 लाख रुपये, उद्यानिकी विभाग द्वारा 31.95 रुपये, अन्त्यावसायी कार्यालय द्वारा 10 लाख रुपये, पशुपालन विभाग द्वारा 6 लाख रुपये, शहरी अभिकरण द्वारा 70 हजार रुपये, मत्स्य विभाग द्वारा 40 हजार रुपये युवाओं को व्यवसाय स्थापित करने के लिए कुल राशि 145.8 लाख रूपये के ऋण प्रकरण स्वीकृत/वितरित कराये गये। शासकीय आईटीआई में आयोजित युवा संगम कार्यकम्र में उपस्थित युवाओं, जनप्रतिनिधियों को नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत नशीले पदार्थों के सेवन से मुक्ति के लिए शपथ दिलाई जाकर संकल्प पत्र भी भरवाये गए।युवा संगम में उद्योग विभाग महाप्रबंधक श्री आत्माराम सोनी, जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती प्रीतिबाला सस्ते, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री धर्मेन्द्र गांगले, प्राचार्य आईटीआई खरगोन श्री हितेषी सुरागे, व्याख्याता पॉलीटेक्निक कॉलेज श्री रंजीत रावत एवं अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पू वि ताराचंद बावरिया जन कल्याण हेतु मां नर्मदा के लिए किया प्रस्थान

## मां से लिया आशीर्वाद जगत मां की करेंगे परिक्रमा

**धनंजय वडसमुद्रकरजोशी
छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान**

जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील परासिया के पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने अपनी माता जी का आशीर्वाद लेकर मां नर्मदा की 12 दिवस के परिक्रमा करने के लिए आज परासिया से प्रस्थान किया। पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया को अक्सर देखा गया है की विधायक रहते भी वह कुछ ना कुछ जनकल्याण के लिए कार्य करते रहे हैं और जब विधायक नहीं रहे तब भी उनका जनकल्याण कार्य बंद नहीं हुआ।

कभी कावड़ यात्रा तो कभी चुनरी यात्रा ,तो कभी ग्राम विकास यात्रा, कभी प्रदेश विकास यात्रा से, उन्होंने की है। इसी के कारण उनका अपने विधानसभा क्षेत्र में अभी भी वर्चस्व बरकरार है आज भी उनके कार्यालय में दीन दुखियों का आना-जाना लगा रहता है और पूरी निष्ठा से उनकी तकलीफों को दूर करने में लगे रहते हैं बीजेपी के एक कार्यकर्ता का पिछले महीने हार्ट सर्जरी हुआ। प्राइवेट अस्पताल वालों ने उससे ?70000 ले लिए लेकिन जब उन्होंने पूर्व विधायक से संपर्क साधा तो वह तत्काल अस्पताल पहुंचकर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उसे कार्यकर्ता का अस्पताल में इलाज करवाया और उस बीमार व्यक्ति का जितना पैसा लगा था अस्पताल से वापस भी दिलाया यही समर्पित भाव उनको आज भी



ग्रामीण क्षेत्र से और पुराने कर्ताओं से जोड़े रखा है ।कुछ हद तक अब उनके बड़े पुत्र सौरव बावरिया भी उनके कदम ताल में कदम ताल मिलाकर जनता जनार्दन तक अपना संपर्क बनाने में सफल हो रहे हैं। नर्मदा परिक्रमा भी उनका जनकल्याण के उत्थान का ही एक क्रम है ।कई यात्राओं की श्रृंखला में अब पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया नगर जिला एवं विश्व के कल्याण हेतु 12 दिवसीय मां नर्मदे की परिक्रमा करने हेतु प्रस्थान किया ।3 फरवरी से 14 फरवरी तक लगातार नर्मदा मां नर्मदा की परिक्रमा करने के बाद वह अपने विधानसभा तथा जिले के उत्तम विकास के लिए माता नर्मदा से प्रार्थना करके वापस आएंगे। अपने विधायकी के कार्यकाल में वे अन्य विधायकों की अपेक्षा अपने विधानसभा पूरे जिले में सबसे ज्यादा विकास करने वाले वे एकमात्र विधायक रहे हे। कोर्ट कहिए या बायपास रोड या मधानं डैम जहां उन्होंने कावड़ यात्रा की थी,देवरानी दाई में भवन आदि निर्माण उनके द्वारा किए गए विकास के कार्य आज भी दिखते हैं,, ।पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने अपनी मां से आशीर्वाद लिया और मां से कहा कि मैं माता नर्मदा की परिक्रमा करने जा रहा हूं मुझे आशीर्वाद दो ,कि मैं अपने जिले के और प्रदेश के तथा देश के विकास में जो भी अच्छा होगा माता नर्मदा से मांग सकूं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ उनके चाहने वाले भारी संख्या में वहां उपस्थित रहे। विदित हो कि हाल ही में उनके छोटे पुत्र संस्कार बावरिया ने डिप्टी कलेक्टर का परीक्षा उत्तीर्ण कि है। उनके प्रस्थान के समय में भारी संख्या में उनके शुभचिंतक उन्हें कोसमी हनुमान मंदिर तक छोड़ने गए, और उनके सफल यात्राओं के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर उन्हें शुभकामनाएं भी दी।

# विश्व वेटलैंड दिवस पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

**केसरिया हिंदुस्तान रामकरण सूर्यवंशी**

रामपुरा द्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 2 फरवरी 2025 को विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन,पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम एवं मध्यप्रदेश शासन वेटलैंड प्राधिकरण के निर्देशानुसार महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। इसी के तत्वाधान में विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के इको क्लब के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम



की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बलराम सोनी द्वारा की गई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.असावरी खैरनार थी। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को विश्व वेटलैंड दिवस के इतिहास, विश्व के विभिन्न वेटलैंड स्थल उनके संरक्षण, जागरूकता और पारिस्थितिकी तंत्र की दृष्टिकोण से वेटलैंड स्थल क्यों आवश्यक है विषय पर विद्यार्थियों को नवीन और ज्ञानवर्धक जानकारियां प्रदान की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.बलराम सोनी और महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ.डी.एस. फिरोजिया ने भी अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को वेटलैंड स्थल और पर्यावरण संरक्षण पर विचार साझा किए। विश्व वेटलैंड दिवस पखवाड़े के अंतर्गत चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दयाल भील द्वितीय स्थान पर राहुल गहलोत और तृतीय स्थान पर नेहा सुतार रही।निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दयाल भील द्वितीय स्थान पर नेहा सुतार और तृतीय स्थान पर ज्योति माली रही।कार्यक्रम का संचालन और आभार डॉ.मुक्ता दुबे द्वारा किया गया ।

# ओरिएंट पेपर मिल, अमलाई में भारी अनियमितता: जहरीली गैसों से जनजीवन संकट में

## फैक्ट्री में सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं, प्रशासनिक अनदेखी पर उठे सवाल

**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट**
**केसरिया हिंदुस्तान**

**शहडोल।** शहडोल जिले के अमलाई में स्थित ओरिएंट पेपर मिल में चल रही गत्ता फैक्ट्री से लगातार अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। फैक्ट्री में न केवल सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, बल्कि पर्यावरणीय नियमों का भी खुला उल्लंघन हो रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। गत्ता निर्माण से निकलने वाली जहरीली गैसों से स्वास्थ्य पर असर मिल में गत्ते के उत्पादन के दौरान इस्तेमाल किए जा रहे सड़े हुए पल्प से अत्यधिक हानिकारक और जहरीली गैसें निकल रही हैं। यह गैसें बिना किसी समुचित निस्तारण के खुले वातावरण में छोड़ी जा रही हैं, जिससे आसपास के गांवों और इलाकों में सांस लेने में दिक्कत, सिरदर्द, आंखों में जलन और त्वचा रोग जैसी गंभीर समस्याएं बढ़ रही हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी मिल में गत्ते का उत्पादन बढ़ता है, तब क्षेत्र में तीव्र दुर्गंध और वायु प्रदूषण फैल जाता है। कई ग्रामीणों ने शिकायत की है कि यह जहरीली गैसें रात के समय अधिक मात्रा में छोड़ी जाती हैं, जिससे लोग अनजाने में इसे सांसों के जरिए ग्रहण कर रहे हैं। इसका सीधा प्रभाव बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

**प्रशासन की चुप्पी, क्या मिल को मिला है संरक्षण?**

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि प्रशासन इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए है। यह सवाल उठना लाज़मी है कि क्या ओरिएंट पेपर मिल को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है?

पर्यावरण विभाग को कई बार प्रदूषण की शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय प्रशासन** भी इस मामले में अब तक चुप्पी साधे हुए है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी अब तक कोई जांच नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मिल प्रबंधन लगातार प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों से अपने संबंधों का इस्तेमाल कर मामले को दबा रहा है। इस वजह से न तो फैक्ट्री में सुधार हो रहा है और न ही प्रदूषण पर कोई नियंत्रण लगाया जा रहा है।

**क्या पर्यावरणीय नियमों का हो रहा उल्लंघन?** विशेषज्ञों के अनुसार, ओरिएंट पेपर मिल कई पर्यावरणीय और औद्योगिक नियमों का उल्लंघन कर रहा है**। इनमें मुख्य रूप से वायु (प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1981 जिसमें किसी भी उद्योग को वायु में हानिकारक गैसों के अनियंत्रित उत्सर्जन की अनुमति नहीं है, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986जिसके तहत प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान है,खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन और निस्तारण) नियम, 1989 जिसके तहत सड़े हुए पल्प और अन्य हानिकारक कचरे के उचित निस्तारण की जरूरत होती है,

यदि इन नियमों का पालन किया जा रहा होता, तो मिल से निकलने वाले विषैले पदार्थों का इस तरह खुले में निस्तारण नहीं किया जाता।

**स्थानीय निवासियों की लगातार मांग :** अमलाई और आसपास के ग्रामीण इलाकों के निवासियों ने इस पूरे मामले पर कई बार उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि ङ्क ओरिएंट पेपर मिल की गत्ता फैक्ट्री का व्यापक निरीक्षण किया जाए, और पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाए,फैक्ट्री से निकलने वाली जहरीली गैसों के उत्सर्जन पर नियंत्रण लगाया जाए** और प्रदूषण को रोकने के लिए उचित उपाय किए जाएं। ,स्थानीय स्वास्थ्य विभाग इस क्षेत्र में मेडिकल कैंप लगाए और प्रभावित लोगों का उचित इलाज किया जाए।

प्रशासन कब जागेगा? अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब ध्यान देगा। क्या किसी बड़ी स्वास्थ्य आपदा का इंतजार किया जा रहा है?** या फिर मिल प्रबंधन के खिलाफ ठोस कार्रवाई होगी? अगर प्रशासन समय रहते इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करता, तो यह समस्या भविष्य में और विकराल रूप ले सकती है। अब देखना होगा कि शासन और प्रशासन इस मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक दोषियों पर कार्रवाई होती है।

# मध्यमवर्गी समाज को उनके आधार मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखने वाला है आम बजट :अभिषेक गुप्ता

**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट**


**अनूपपुर** बरगवां भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अभिषेक गुप्ता ने बातचीत के दौरान देश के नए बजट को देश में सुधार विकास और समृद्धि का स्वर्णिम झलक कहा है उन्होंने कहा है कि सरकार के निर्णय बजट में देश के विकास को आगे रखते हुए किसान भाई ,मजदूर, भाई ,नौकरी पेशा ,मध्यम वर्ग, महिलाओं को राहत दी है इसके अलावा गंभीर बीमारी से जूझ रहे नागरिको को डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कदम चिकित्सा जगत को मजबूती प्रदान करेंगे वित्त मंत्री सीतारमन ने आठवीं बार पेश किए गए बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना की घोषणा की इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 50000 से बढ़कर एक लाख किया गया है जो अन्नदाताओं को और अधिक समृद्धि प्रदान करेंगे अभिषेक ने कहा कि पिछले दो कार्यकाल में मोदी सरकार ने गरीब युवा, अन्नदाता, और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए हैं मार्गदशक के रूप में देश के प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विकास में परिवर्तनकारी कार्य किए है जिससे देश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है ,नए बजट में सरकार के मध्यम वर्ग को भी राहत दी है अब 12 लाख की सालाना



आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा अंत में उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था और विभिन्न क्षेत्रों में देश के चौहुमुखी विकास को मोदी सरकार का यह आम बजट निश्चित रूप से रेखांकित करेगा युवा नेता अभिषेक गुप्ता ने भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025 26 आम जन के सशक्ति करण का प्रतीक है इसमें 12 लाख तक की आय कर मुक्त कर मध्यम वर्ग को भारी राहत दी गई है जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए दोगुनी कर छूट उनके सम्मान का प्रतीक है टीडीएस की सीमा 10 लाख तक बडाकर व्यवसाईयों को सहूलियत दी गई है वही 4 वर्षों तक की आईटी रिटर्न दाखिल करने की सुविधा करदाताओं के लिए बड़ी सौगात है ई, बी , वाहन मोबाइल फोन एलईडी एलसीडी ,टीवी कैंसर की दवाएं किसानों के क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़कर 5 लाख, धनधान्य, योजना का पूरे देश भर के किसानों को लाभ साथ ही खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए बड़ी सौगातें प्रदान की है देश भर में मेडिकल कॉलेज की 75000 सीट बढ़ाने आईआईटी की सीट दोगुनी करने का ऐलान किया है रोजगार के नए अवसर उद्योग और विकास के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं लाई गई है यह बजट आत्मनिर्भर और समृद्ध शक्तिशाली विकसित भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएगा

# लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में पूरे प्रदेश में एक साथ अर्धदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

अनूपपुर। राजस्व संभाग सागर में 06 जिलों के समस्त अभियंता प्रशिक्षण में उपस्थित हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश नवीन तकनीकी नवाचारों से अपडेट रहना तथा धरातल पर नवीन तकनीकों को लागू करना है। ताकि लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना सशक्त हो सके। प्रशिक्षण में सड़को की उम्र बढ़ाने हेतु व्हाइट टॉपिंग तकनीक, फुल हेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक, अल्ट्रा हाई परफारमेंस तकनीक, ग्लास फाइबर रीइनफोर्ड पॉलिमर, जियोग्रिड, ग्लासग्रिड तकनीक, आदि का प्रशिक्षण मुख्य अभियंता ग्वालियर श्री एस.एल.सूर्यवंशी एवं मुख्य अभियंता भोपाल श्री संजय मस्के द्वारा प्रदाय किया गया। इसके अलावा पर्यावरण हितैषी तकनीकों



जैसे लोक कल्याण सरोवर योजना तथा पेड स्थानातंरण तकनीक को अपनाने का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

इसके अलावा मुख्य प्रशिक्षक श्री विक्रांत तोमर द्वारा समस्त अभियंताओ से सवाल जवाब के माध्यम से उनके कार्यक्षेत्र में आ रही परेशानियों को अवगत कराने हेतु आवश्यक डाटा लिए गए। जिसके आधार पर भविष्य में होने वाली चुनौतियों से सामना आसान प्राय: संभव हो सकेगा कार्यक्रम में निम्न प्रकार से निवाड़ी जिले से लोक निर्माण विभाग से आशीष भारती कार्यपालन यंत्री निवाड़ी , अनुविभागीय अधिकारी ओरछा देवेंद्र शुक्ला , अनुविभागीय अधिकारी निवाड़ी सचिंद्र चौरसिया, उपयंत्री जगाराम धुर्वे, उपयंत्री आर एस सोलंकी, उपयंत्री आनंद सोनी।। समस्त अभियंताओं के साथ प्रदेश स्तर के समस्त अभियंताओ ने इसमें बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्ण भाग लिया।



# राधा कृष्ण प्रतिमा की प्रतिस्थापन के लिए प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान।।**
**प्रेम सिंह कुशवाह पत्रकार नजीराबाद**

नजीराबाद श्री राधा कृष्ण मंदिर पर राधा कृष्ण प्रतिमा की प्रतिस्थापन के लिए प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सभी यजमानो ने विद्या, ज्ञान और परिवार समाज गांव की खुशहाली जीवन ज्ञान, समृद्धि और सफलता से आलोकित । सुख श्रमधि की कामना कर महायज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ किया

**मुझको मालूम नहीं अगला जन्म है कि नहीं,**

**ये जन्म आपके चरणों में गुजरे ये दुआ मांगी है ।**

**और कुछ मुझे जमाने से मिले या ना मिले,**

**मेरे श्री कृष्णा प्रभु मैंने आपकी कृपा ही सदा मांगी है...!!**

जिला भोपाल तहसील बेरसिया आपके नगर नजीराबाद श्री राधा कृष्ण मंदिर पर आज दिनांक 1 फरवरी 2025 से 3 फरवरी 2025 तक प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन प्रारंभ हुआ यज्ञ आचार्य श्री महेश नारायण दुबे, श्री भागीरथ प्रसाद दुबे, संजू दुबे, मंदिर पुजारी श्री द्वारका दास बैरागी व्यवस्थापक बृजेश बैरागी, मोहन दुबे 1 यज्ञ प्रधान बेदी पर रवि मीणा, यज्ञ मुख्य यजमान 2 दिनेश देवड़ा 3डॉ भगवती श्रीवास, 4राजू मीणा, 5 राजू श्रीवास, 6कैलाश विश्वकर्मा, 7 गोलू मीणा 8रवि श्रीवास,9ओम प्रकाश विश्वकर्मा, 10निरज देवड़ा 1शुभम महेश्वरी 12नरेश देवड़ा, सभी ग्रामवाशीओ ने इस महायज्ञ में सम्मिलित हो कर दिनांक 3 .2 .2025 को हनुमान मंदिर से राधा कृष्ण मंदिर तक गंगा पूजन केलिए डीजे के धुन पर विशाल जुलूस निकालकर सैकड़ो ग्रामीणों ने दर्शन कर सुख श्रमधि की कामना कर पूर्ण आहुति पश्चात प्रसाद ग्रहण कर जीवन का पुण्य लाभ अर्जित किया

# वोरना में स्वर्गीय पिता रामकुमार तिवारी की स्मृति में 9वा 21 अनाथ बेटियों का कन्यादान विवाह कवि सम्मेलन एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रीय प्रतिभाओं का कवि एवं पत्रकारों को सम्मानित

**हरिओम चौहान**

**बकतरा।** शाहगंज क्षेत्र के ग्राम बोरना में पंडित स्वर्गीय रामकुमार तिवारी जी की स्मृति में 2 फरवरी को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुई जिसमें 21 अनाथ बेटियों का विवाह पूर्ण शास्त्रीय विधि विधान से संपन्न कराए गए जिसमें तिवारी परिवार की ओर से बेटियों को उज्जवल सरल जीवन हेतु भेंट स्वरूप 3 सोने चांदी के आभूषण पलंग बिस्तर कंबल सहित अलमारी कलर टीवी गैस कनेक्शन सहित गृहस्थी के 51 बर्तन गेहूं चावल आदि प्रदान किया विवाह प्रमाण पत्र नाम आंखों से विदाई की 2024 में विवाहित बेटियों की 16-16 हजार ब्रांड के साथ साड़ी एवं कपड़ा मिठाई दी गई

कार्यक्रम के अंतर्गत 06 बेटियों के ऑपरेशन जेठ हॉस्पिटल होशंगाबाद की मदद से कराए गए जिसमें नेत्र ऑपरेशन और उन्हें कंबल बर्तन प्रदान किए गए उपस्थित जनसुनवाई को नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था की गई बारात बैंड बाजे एवं बड़े धूमधाम से




लगाई गई वह बारातियों को पुष्प की वर्षा की गई कार्यक्रम में उपस्थित जैंस मानस को पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान कृषि मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल संबोधित किया गया अपने उद्बोधन बार कन्या को आशीर्वाद दिया और आयोजक विक्रम तिवारी एवं समस्त समिति का साधुवाद दिया पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि मैं बोलने के ग्राम में प्रथम बार विधायक रहते हुए 1990 में पहली बेटी का विवाह संपन्न कराया था इस ग्राम की प्रेरणा सहित कन्यादान को मुख्यमंत्री योजना बनाकर लाखों बेटियों का विवाह मध्य प्रदेश की सरकार ने कराया वह कार्यक्रम की कड़ी में एक कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रतिभा सम्मान संपन्न किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रमाकांत भार्गव का ढोल धमाके से भव्य स्वागत किया गया विधायक के साथ मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह शर्मा विभिन्न अतिथि के रूप मंच पर उपस्थित जिनका स्वागत विक्रम सिंह तिवारी द्वारा श्रीफल जागेश्वर भगवान की चित्र भेट कर किया गया विधायक श्री भरगामा ने राजनीतिक अस्तित्व नेता के रूप में उन्होंने मरण उपरांत स्वर्गीय बंशीधर पाराशर के प्रति प्रतिनिधि रमेश पाराशर को अलंकार कारण प्रदान किया गया

समयरीयता क्षेत्र में उमा मांगीलाल खंडेलवाल मध्य प्रदेश लोक सेवा द्वारा 2021 के चयनित बेटी पूजा चौहान बकतरा राजेंद्र चौहान राजेश छात्र सुमित लखनलाल गौर समिति द्वारा 111100 के चेक सामाजिक समरता के लिए संयुक्त परिवार के मुखिया को मुख्य रूप से इनाम दिया गया किशोर पटेल शाहगंज द्वारा डबल सेल के रूप में श्री बसंत देव भैरूदा पत्रकार क्षेत्र में संतोष खंडेवाला भेरूदा को पत्र पृसति पत्र एवं सम्मानित किया गया स्वर्गीय रामकुमार तिवारी के अलंकार से सम्मानित किया गया

विधायक रमाकांत भार्गव वैवाहिक कन्या को आशीर्वाद एवं सुखी वैवाहिक जीवन हेतु शुभकामनाएं दी कार्यक्रम आयोजक समिति एवं विक्रम तिवारी को प्रोत्साहन करते हुए कहा कि समाज को जोड़ने का यह हर ग्राम हरनगर में हो तो अच्छा होगा तिवारी परिवार को साधुवाद के पात्र कार्यक्रम में बरतिया और श्रोताओं के लिए अंतरराष्टीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि विनय भार्गव हिंदुस्तान समिति शाहगंज पूर्व मंडल अध्यक्ष खाद्य विभाग के सदस्य वीर सिंह चौहान वर्तमान मंडल अध्यक्ष पवन चौहान जिला पंचायत सदस्य रघुवीर चौहान सुनील गौर अजय शर्मा प्रदीप भार्गव मदन गुरु जी

कवि राजेंद्र मालवी इटारसी कवि हरगोविंद परसाई पिपरिया कवि हरीश पांडे पिपरिया कवि मनीष दुबे देवास कभी पवन प्रबल इटारसी कवि संदीप मदान गुरु का मंच संचालन में श्रोताजन अभिभूत किया

कार्यक्रम में मुख्य आयोजक विक्रम तिवारी सा पत्नी ने वर वधु को विवाह प्रमाण पत्र व्यतीत कर विधि विधान से नाम आंखों से खुशी संसार के लिए बेटियों को विदा किया और समस्त उपस्थित जन समूह कार्यक्रम श्रम सहयोग करने के प्रति साथियों को और अतिथियों का आभार व्यक्त किया

# श्री महाकाल वैदिक प्रशिक्षण व शोध संस्थान में माँ सरस्वती का पूजन किया गया

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक**

**जावरा ।** श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबन्ध समिति द्वारा संचालित प्रतिष्ठापूर्ण इकाई श्री महाकालेश्वर वैदिक प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान परिसर में वसन्त पंचमी के अवसर पर माता सरस्वती का पूजन वैदिक मंत्रों के द्वारा पूजन अर्चन किया गया। कार्यकम में संस्थान के कक्षा 12 वी के छात्र सुमित शर्मा का सम्पूर्ण श्रीमद्भगवद्गीता कठस्थ गीता के श्लोकों का वाचन करने पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मन्दिर पुजारी परिवार के पं. सुरेन्द्र जी शर्मा, शा. संस्कृत



महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गणेश प्रसाद द्विवेदी, आशु एवं हास्य कवि श्री ज्ञानेन्द्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। वसन्त पंचमी के अवसर पर पुजारी परिवार द्वारा संस्थान में अध्ययनरत छात्रों को धौत वस्त्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। संचालन संस्थान के प्राचार्य श्री अपूर्व पौराणिक एवं आभार निदेशक डॉ. पीयूष त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत जावरा में 30 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**(जनपद पंचायत जावरा द्वारा किया गया आयोजन)**

**(वैदिक मंत्रो द्वारा संपन्न हुआ विवाह संस्कार)**

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक**

**जावरा।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्यादान /निकाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत जावरा द्वारा भगत सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में 30 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ

कार्यक्रम की शुरुआत में




मुख्य अतिथि द्वारा पूजन अर्चन के बाद वैदिक मंत्रो द्वारा विवाह संस्कार संपन्न कराया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जावरा विधायक श्री राजेंद्र पांडे आलोट विधायक श्री चिंतामणि मालवीय जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शंभू लाल चंद्रवंशी जावरा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रुक्मणी हेमराज हाडा भाजपा बड़ावदा मंडल अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह राठौर, राजेंद्र सिंह देवड़ा ,मांगीलाल पांचाल, राजेश शर्मा जावरा नगर मंडल अध्यक्ष आदि मंचासिन थे मुख्य अतिथि द्वारा शासन की अनेक योजनाओं के बारे में बताया गया और नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया एवं शासन द्वारा प्रदत्त उपहार प्रदान किए गए कार्यक्रम जनपद सदस्य गन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सौरभ हिंगड़ विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र काकाणी अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन के संस्थापक अभय कोठारी आदि भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण, अधिकारी ,कर्मचारी गण उपस्थित थे

जनपद पंचायत द्वारा सभी नव विवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र भी दिए गए

# अपनी भाषा-भूषा-भावादि के प्रति आग्रह रखें हिन्दू

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय



भाषा-भूषा-भावादि में शुद्धता/पवित्रता अथवा परिष्कार से हमारे जीवन को ऊर्जा प्राप्त होती है, मन को शान्ति मिलती है, आत्मविश्वास बढ़ता है, स्वास्थ्य सुधर जाता है और हमारे सामाजिक सम्बन्धों में घनत्व आता है। इसके विपरीत इनमें साङ्कर्य होने से तन-मन और वातावरण पर दुष्प्रभाव आता है और यदि वह पीढ़ी दर पीढ़ी चलता चला जाए तो हमें पूरी तरह हमारी पहचान से दूर कर देता है।

उदाहरण के लिए हमने अङ्ग्रेज़ी तारीखों को अपने व्रत-पर्वादि में भी सम्मिलित कर उनकी सटीकता को प्रभावित कर लिया है। भारतीय तिथियों अमावस्या माघ महीने में मनाए जाने वाले कुम्भ पर्व के साथ हमारा संवत्सर 2081 विक्रम नहीं, अपितु 2025 ई. जोड़ लिया है और प्रचार कर रहे हैं तब 12 कुम्भ पीछे जाने के लिए 144 वर्ष पीछे जाकर 1881 के कुम्भ को जोड़ रहे हैं जबकि भारतीय गणना के अनुसार हमारा पिछला बारहवाँ कुम्भ 1883 ई. में सम्पन्न हुआ था क्योंकि हमारी गणना में बृहस्पति के अतिचारी होने पर कुम्भ कभी 11 या 13 वर्ष बाद भी हुआ है। अतः अपनी तिथियों से ही हमें वस्तुस्थिति को पकड़कर रखने में सफलता मिल सकती है। इसके विरुद्ध साङ्कर्य से तथ्यगत हानि होती है। यह स्पष्ट है। यही परिस्थिति भाषा, भाव, भूषा आदि में भी परिलक्षित है। उक्त बातें परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री꠳ अविमुक्तेश्वरानन्द꠳ सरस्वती 1008 ने भाषा-भूषा आदि के साङ्कर्य पर विचार विषय पर व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि परमधर्मसंसद् 1008 इस धर्मादेश द्वारा समस्त हिन्दुओं को निर्देश प्रदान करती है कि वे अपने भाषा-भूषा-भावादि की शुद्धता-पवित्रता बनाए रखने के लिए अपनी तिथियों, अपने नामों, अपनी भाषा और भूषा आदि के प्रयोग का आग्रह आरम्भ करें।

आगे कहा कि भारत का नाम केवल भारत स्वीकार करें। उसका अनुवाद भारत ही हो। भारत की तिथि विक्रम संवत् अथवा शक् संवत्सर की गणना से ही हो। जन्मदिन मनाएं, बर्थडे नहीं। अपनी वेशभूषा धोती-दुपट्टा अपनायें। नव संवत्सर मनाएं, न्यू ईयर नहीं। भारतीय पर्व भारत की तिथियों से मनाए जाने जैसे उपक्रमों का आग्रह आरम्भ करें ताकि भारत और भारतीय संस्कृति साङ्कर्य दोषरूपी बादलों से निकलकर स्वच्छ आभा के साथ आकाशमण्डल में देदीप्यमान हो सके। आज विषय स्थापना सक्षम योगी जी ने किया। एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती रति हेगड़े जी उपस्थित रही एवं आईआईटी धनबाद के प्रो. राम नारायण त्रिपाठी जी ने विशेष उद्बोधन प्रस्तुत किया। चर्चा में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती करुणा सिंह जी, हंसा भारती भैरवी माता जी, वृन्दर भगत जी, वसंत कुमार कन्दोई जी, उपस्थिति रहे। इसी क्रम में सचिन जानी जी, अनुसूया प्रसाद उनियाल जी, राज कुमार शर्मा जी, दे जी रैना जी, संजय जैन जी, सन्त त्यागी जी, साध्वी सोनी जी, दंगल सिंह गुर्जर जी, सर्वभूतहृदयानप्द जी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए प्रकर धर्माधीश के रूप में श्री देवेंद्र पांडेय जी ने संसद का सञ्चालन किया। सदन का शुभारम्भ जयोद्घोष से हुआ। अन्त में परमाराध्य ने धर्मादेश जारी किया जिसे सभी ने हर-हर महादेव का उदघोष कर पारित किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर नो कुड़ी यज्ञ हुआ

दिनेश शुक्ला, दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी









या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,आलोट में बसंत पंचमी के उपलक्ष में मां सरस्वती का प्राकट्य उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नौ कुंडीय यज्ञ संपन्न हुआ। जिसने अभिभावकों को मुख्य यजमान के तौर पर आमंत्रित किया गया था। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई। तथा आगामी सत्र के लिए भैया बहनों का विद्या आरंभ संस्कार किया गया। नन्हे मुन्ने भैया बहन मां सरस्वती का वेश धारण करके आए। पूरे समय परिसर वैदिक मंत्रों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर विद्यालय में प्रतिवर्ष की तरह समर्पण दिवस भी मनाया गया। एवं मां सरस्वती का पूजन किया गया। आज का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य विष्णु शोत्रिय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के भैया , बहन एवं आचार्य, दीदियों का सहयोग रहा।

# शासन एवं प्रशासन कर्मचारियों ने ग्राम पंचायत बर्धा पहुंचकर ऐतिहासिक मेले में व्यवस्थाओ का किया निरीक्षण



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** जिले के हटा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम वर्धा पहुंचे ऐतिहासिक मेले व्यवस्थाओं संबंधित का किया निरीक्षण नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार एवं मड़ियादो थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे ने ग्राम पंचायत बर्धा पहुंचकर ऐतिहासिक मेले में व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रदीप गुप्ता, ग्रामीणजन सहित एस.एफ. बटालियन दल की भी उपस्थिति रही।

# अवैध जहरीली यूरिया युक्त देशी महुआ शराब बेचने वाले युवक को सिटी कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक रीवा श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सिटी कोतवाली अरविन्द सिहं राठौर द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध जहरीली यूरिया युक्त देशी महुआ शराब की बिक्री करने के फिराक घूम रहे आऱोपी को पकडकर अवैध शराब जप्त कर आरोपी को भेजा गया जेल।

विवरण : दिनांक 31/1/2025 को थाना मे विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि धोविया टंकी का राज साकेत यूरिया युक्त देशी महुआ की जहरीली शराब बिक्री करने के फिराक मे घूम रहा है। मुखबिर से प्राप्त सुचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम को एलर्ट किया जाकर रेड कार्यवाही हेतु टीम भेजी गई जो मुखबिर के बताये स्थान से राज साकेत को पकड़ा जाकर पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की जाकर आऱोपी की निशादेही पर उसके कब्जे से 5-5 लीटर के प्लास्टिक के 02 डिब्बों मे कुल 10 लीटर यूरिया उक्त देशी महुआ हाथ भठ्ठी से बनी जहरीली शराब को जप्त किया गया तथा आरोपी को मौके से गिऱफ्तार कर आऱोपी के विरुध्द धारा 49 ए आब.एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जहा से आऱोपी को जेल भेजा गया।

गिरफ्तार आऱोपी - राज साकेत पिता स्वं शंकर साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी धोविया टंकी वार्ड क्र 28 थाना कोतवाली जिला रीवा म.प्र.

जप्त मसरुका : 10 लीटर यूरिया युक्त महुआ की जहरीली शराब कीमती लगभग 3000रु

महत्वपूर्ण भूमिका : थाना प्रभारी अरविन्द सिंह राठौर, उप निरी सुशीला साकेत,स.उ.नि गिरजा पाण्डेय, प्र0आऱ0 रामदरश, प्र0आऱ राजकुमार तिवारी, प्र.आर, जितेन्द्र सेन, आर. रवि पाण्डेय, आर,. अभिषेक सिंह, आर रंजन सिंह, आर0 सुधीर शुक्ला, प्र. आर. अनिल कुमार, आर, राजीव तिवारी, आर रज्जन कुम्हार, सैनिक शिवम पाण्डेय,

# आवासीय पट्टा दिए जाने की कलेक्टर से लगाई गुहार

## सुभाष वार्ड मांझी नगर की महिलाओं ने जनसुनवाई में दिया आवेदन

केसरिया हिंदुस्तान



**बैतूल।** जिला मुख्यालय के सुभाष वार्ड स्थित मांझी नगर की महिलाओं ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर आवासीय पट्टा दिए जाने की गुहार लगाई है। आवेदन के माध्यम से महिलाओं ने बताया कि सुभाष वार्ड में लगभग 40 परिवार 14 वर्षों से अधिक समय से निवासरत है, जो मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे है। बावजूद इसके उन्हें अब तक पट्टा नसीब नहीं हो पाया है। आवासीय पट्टा नहीं होने के कारण परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पाया है, जिससे वे कच्चे मकान व झोपड़ियों में गुजर बसर करने को मजबूर हैं।

**जनप्रतिनिधि भी नहीं दे रहे ध्यान :-**

पीड़ित परिवारों ने बताया कि आवासीय पट्टा प्रदान किए जाने के लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक अपनी गुहार लगा चुके है, लेकिन आज पर्यंत तक किसी ने भी गौर नहीं किया है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना, धारणाधिकार योजना के तहत ऑनलाइन फॉर्म भर के चालान भी जमा किया गया, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आवासीय पट्टा नहीं होने से गरीब परिवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन के माध्यम से महिलाओं ने आवासीय पट्टा दिए जाने की मांग की है। आवेदन देते समय मनीता यादव, नीलिमा खवसे, पिंकी झरबडे, भाग्यवंती, सरिता धुर्वे, संतोषी, बाली गायकवाड़ , इंद्रा पवार,सहित अन्य महिलाएं शामिल है।

# सीओ साहब, दया करिए! गरीब ग्रामीणों पर नहीं, सरपंच-सचिव-उपयंत्री पर आपकी कृपा बनी रहे!

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



मैहर तहसील की ग्राम पंचायत करुआ में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण एक साल पहले तय हुआ था, लेकिन हुआ क्या बस नींव बनी और पैसा ग़ायब! ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव और उपयंत्री की तिकड़ी ने मिलकर घटिया निर्माण शुरू किया, लेकिन जब जनता ने विरोध किया, तो निर्माण रोक दिया गया, पर पैसा हड़प लिया गया!सीएम हेल्पलाइन में शिकायत क्रमांक 30564863 दर्ज करवाई गई, लेकिन सीईओ साहब का दयालु हृदय सरपंच-सचिव और उपयंत्री पर पूरी तरह मेहरबान है। जनता के सवालों के जवाब में प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है, क्योंकि शायद भ्रष्टाचार का पैसा जनपद से होते हुए ऊपर तक पहुंच रहा है!15 जनवरी को की गई शिकायत पर 15 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे साफ है कि पंचायती राज व्यवस्था में एल-वन अधिकारी से लेकर बड़े अफसरों तक, सबकी आँखें मुनाफे में डूबी हुई हैं। अब देखना होगा कि यह भ्रष्टाचार रूपी गंगाजल कब तक प्रशासन को पवित्र करता रहेगा, या फिर कभी कार्रवाई की भी नौबत आएगी!

# कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं में प्रवेश परीक्षा 08 फरवरी को

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो राजगढ़



**राजगढ।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कचनारिया सुस्तानी में कक्षा 09 वीं में रिक्त स्थानों हेतु प्रवेश परीक्षा 08 फरवरी,शनिवार को पचोर में स्थित शासकीय कन्या हायर सैंकेडरी स्कूल, शासकीय गांधी छात्र हायर सैंकडरी स्कूल एवं प्रज्ञासागर कॉलेज शुजालपुर रोड स्थित तीन परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। साथ ही कक्षा 11वीं के रिक्त स्थानों हेतु प्रवेश परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया (सुस्तानी) में आयोजित होगी।

# स्पॉन्सरशिप योजना में संरक्षक बदलने की प्रक्रिया की जायें : डीएम

## संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान




कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान स्पॉन्सरशिप योजना के तहत बच्चों के संरक्षक बदलने की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश डीपीओ महिला बाल विकास को दिये। इसके साथ ही करंट लगने से भैस की मृत्यु के मामले में पशुपालक को मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश एमपीईबी अधिकारियों को दिये गये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुवाई के दौरान कुल 127 आवेदन प्राप्त हुए।

**स्पॉन्सरशिप योजना में संरक्षक बदलने की प्रक्रिया की जायें :-**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने स्पॉन्सरशिप योजना से संबंधित आवेदन पर बच्चों के संरक्षक के रूप में बच्चों की दादी का नाम सहमति एवं पंचनामे के आधार पर वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर दर्ज किये जाने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिये गये। बच्चो के साथ जनसुनवाई में आई दादी श्रीमती अकिला ने बताया कि उसके पुत्र स्व. श्री गब्बर हुसैन की मृत्यु हो जाने के बाद उसकी पुत्रवधु ने अन्यत्र विवाह कर लिया है। ऐसे में दो बच्चें उसके पास (दादी) रहते है। पूर्व में स्पॉन्सरशिप योजना में शासन की ओर से लाभ मिल रहा था, लेकिन संरक्षक के रूप में दर्ज मॉ के द्वारा अन्यत्र विवाह कर लेने से लाभ मिलना बंद हो गया है। इस मामले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि पंचनामा सहमति एवं अन्य प्रक्रिया कर दादी को संरक्षक के रूप में दर्ज किया जायें, जिससे बच्चों को योजना में लाभ मिल सकें।

**संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि :-**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि की मांग के आवेदन का निराकरण करते हुए हितग्राही श्री सेवाराम आदिवासी निवासी फूलदा को अवगत कराया कि प्रकरण में ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से दो लाख रूपये की राशि भी प्राप्त होगी। श्री सेवाराम आदिवासी द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर पिता स्व. श्री रामपत आदिवासी की मृत्यु हो जाने से अनुग्रह राशि दिये जाने की मांग की गई थी।

**करंट से भैस की मृत्यु मामले में मुआवजा देने के निर्देश :-**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने गुलमोहर कॉलोनी श्योपुर निवासी श्री देवेन्द्र पंवार के आवेदन पर एमपीईबी अधिकारियों को करंट से भैस की मृत्यु के मामले में मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश दिये गये। आवेदक श्री देवेन्द्र पंवार ने बताया कि करंट लग जाने से उसकी एक भैस की मृत्यु हो गई थी, ततसमय बिजली विभाग के अधिकारी भी मौके पर जांच करने गये थे तथा पंचनामा आदि बनाया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ पूरा प्रकरण विधुत मंडल को भेजा गया है। इस संबंध में प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

**पीएम जनमन में सर्वे उपरांत आवास स्वीकृत करने के निर्देश :-**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान श्रीमती संतरा आदिवासी, श्रीमती धन्नो आदिवासी निवासी सलापुरा एवं श्रीमती लक्ष्मी आदिवासी निवासी रामपुरा डांग के आवास संबंधी आवेदन पर जिला पंचायत के अधिकारियों को पीएम जनमन योजना में सर्वे उपरांत नाम जोडकर आवास स्वीकृत करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार कराहल निवासी श्रीमती लक्ष्मी जाटव को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण-2 अंतर्गत सर्वे कर नाम जोडने के निर्देश दिये गये।

**आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन मामले का निराकरण करने के निर्देश :-**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान जिला चिकित्सालय में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के लंबित तीन माह के वेतन मामले में सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल को समक्ष में निर्देश दिये कि कार्य एजेंसी से चर्चा कर वेतन दिलाने की कार्यवाही की जायें।

# गुरु के बिना मोक्ष नहीं मिल पाता साध्वी चंदनबाला श्री जी

दिनेश शुक्ला, दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी





**आलोट ।** जीवन में गुरु के बिना मोक्ष नहीं मिल पाता आज जो हमें साधु पद मिला है, वह हमारे गुरुवर्या श्री का उपकार है मैं तो मिट्टी का एक लौंदा थी मिट्टी को आकार देने वाले कुंभकार गुरुवर्या श्री थे, मिट्टी तो अपने आप को समर्पित करती है उसमें कोई बड़ी बात नहीं लेकिन कुंभकार उसे स्वीकार कर लेता है तो वह बड़ी बात हो जाती है । जिस प्रकार नदी तिनके को स्वीकार कर लेती है तो उसका वह उपकार हो जाता है उसी तरह शिष्य अपने आपको गुरु के चरणों में समर्पित करता है उसमें कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन ऐसे भामा शिष्य को अपने चरणों में स्थान दे देता है तो सबसे बड़ा उपकार गुरु का होता है ।

उक्त बात है संयम दिवस के 50 वर्ष पर प्रखर व्याख्याति चंदनबाला श्री जी ने धर्म सभा में कहीं । उन्होंने यहां उपस्थित सभी प्रांत के शहरों के श्री संघ के सदस्यों का साधुवाद भी किया और सभी को आशीर्वाद स्वरुप आशीर्वाद दिया, गौरतलब है कि 1 फरवरी से साध्वी चंदनबाला श्री जी के 50 वें संयम दिवस पर श्री जिन कुशल सूरी दादावाड़ी ट्रस्ट उन्हेल द्वारा प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, संयम संवेदना संगीतकार मोहन मनोज जैन चेन्नई द्वारा स्वर की लहरियो में भी जिससे उपस्थित श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए । समाजसेवी उद्योगपति महेंद्र सिंघी दिल्ली द्वारा भी गुरुवर्या के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हैं कहा कि हमारे जीवन में जब से इनका सानिध्य मिला है तब से हमारा जीवन धन्य हो गया है ।

**चंद्रमणि की उपाधि से अलंकृत किया :** कार्यक्रम के दौरान साध्वी चंदनबाला श्री जी के 50 वें संयम दिवस पर श्री जैन श्वेतांबर मालवा खतरगच्छ संघ द्वारा गुरुवर्या चंद्रप्रभा श्रीजी की शिष्या साध्वी चंदनबाला श्री जी को अभिनंदन पत्र सोते हुए चंद्रमणि की उपाधि से अलंकृत किया । इस दौरान संघ अध्यक्ष बसंत सिंह श्रीमाल, महेंद्र गादिया, सुरेश बांठिया, आजाद सिंह दडा, रविंद्र सिंह श्रीमाल, डॉ सुनील चोपड़ा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे । वही श्री जिन कुशल सूरी दादावाड़ी अध्यक्ष वीरेंद्र बाफना, कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक कोठारी, कोषाध्यक्ष सुरेश बांठिया, महेंद्र गादिया , यशवंत लोढा, डॉक्टर बसंत लुनिया, यशवंत लोढा, नितेश बांठिया आदि ट्रस्ट मंडल के सदस्य द्वारा अभिनंदन पत्र दिया गया और उपाधि अध्यात्म रश्मि से अलंकृत किया । मालवा संघएवं नागेश्वर ट्रस्ट के ज्ञापन का वचन सचिन बसंत सिंह श्रीमाल ने किया श्री नागेश्वर तीर्थ पेढ़ी उन्हेल की ओर से सचिव धर्मचंद जैन ने अभिनंदन पत्र दिया ।

**निकली रथ यात्रा :** संयम दिवस के चौथे दिन मंगलवार को नागेश्वर तीर्थ उन्हैल में दादावाड़ी परिसर से साध्वी चंदनबाला श्रीजी आदि ठाणा की निश्रा में पार्श्वनाथ भगवान की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई, जिसमें भक्त नाचते गाते उत्साह के साथ चल रहे थे वहीं गुरुदेव के जयकारे भी लगाए जा रहे थे । आलोट, चोमेला, नलखेड़ा, नागेश्वर उन्हेल आदि महिला मंडलों द्वारा रथ यात्रा में अलग-अलग प्रस्तुतियां देकर साथ में चल रहे थे । जगह-जगह साध्वी जी को एवं भगवान को अक्षत से श्राविकाओं द्वारा बधाया गया ।

# जिले में लाउड स्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यन्त्रों के उपयोग पर 31 मई तक रोक

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो राजगढ़

**राजगढ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा संचालित हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षा प्रारम्भ हो रही है। जिले के प्रमुख नगरों एवं ग्रामों में लाउड स्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग बिना किसी रोक-टोक के किया जा रहा है। इस कारणवश विद्याथयों के अध्ययन में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा-18 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लाउड स्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यन्त्रों के उपयोग पर 31 मई तक प्रतिबन्ध आरोपित किया है। विशेष-परिस्थितियों में इनका उपयोग राजगढ/ ब्यावरा/ नरसिंहगढ़/ सारंगपुर/ खिलचीपुर-जीरापुर नगर से संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा अन्य स्थानों के लिए संबंधित तहसीलदार कार्यपालिक दण्डाधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त कर किया जा सकता है।

चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# किराना व्यापारी के यहां की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**श्योपुर।** कोतवाली पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी जहां कोतवाली पुलिस टीम ने ब्लॉक कॉलोनी में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी के सुनने घर में चोरी करने गए आरोपी चमन उर्फ चीनू चौरसिया अंकुश चौरसिया निवासी ब्राह्मण पाडा श्योपुर को गिरफ्तार किया गया है 13 जनवरी को फरियादी दिनेश कुमार बंसल पुत्र द्वारका प्रसाद बंसल निवासी ब्लॉक कॉलोनी श्योपुर ने थाने में जाकर रिपोर्ट कार्रवाई की में 9 जनवरी को अपने परिवार सहित धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने गोवर्धन धाम मथुरा उत्तर प्रदेश गया था 12 जनवरी को परिवार के साथ वापस घर आया तो घर का ताला टूटा हुआ मिला कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे घर का ताला तोड़कर मेरे घर में राखी 18 लख रुपए वह डेढ़ किलो चांदी जिसकी कुल कीमत 19 लाख50 हजार चोरी करके ले गया जिस पर कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 12/ 2025 धारा 331 (4) 305 ए बीएनएस का कायम किया गया

पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात चोर वह माल की बरामदगी हेतु कोतवाली निरीक्षक सतीश कुमार दुबे के नेतृत्व में एक टीम का गठित गठन किया गया इस टीम के द्वारा घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल की गई और अज्ञात चोर अपनी पहचान को छुपाने के लिए फरियादी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरा की सीसी टीवी कैमरो की डीवीआर खोल कर ले गया फरियादी के घर के आसपास वह नगर में मुख्य आवागमन के स्थान पर लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच की गई 11 12 जनवरी में रात्रि को गाना कोरा होने से सीसीटीवी कैमरो, मैं स्पष्ट नजर नहीं आ रही



थी किंतु पुलिस टीम द्वारा तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी अपने कार्य करने की क्षमता के अनुरूप निरंतर सीसीटीवी कैमरा की बारीकी से मॉनिटरिंग की गई घटना की दिनांक की रात्रि को 3ः00 बजे के करीबन फरियादी के पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में फरियादी के घर के सामने दीवार पर एक परछाई दिखाई दी जिसमें एक व्यक्ति गेट पर चढ़कर घर के अंदर कूदता हुआ दिखाई दिया

पुलिस द्वारा परछाई को फॉलो अप कर आसपास कॉलोनी में लगी सीसीटीवी फुटेजों की जांच पड़ताल शुरू की टीम द्वारा घटना के दिनांक से एक दिन पूर्व के सीसीटीवी कैमरे का भी अवलोकन कर संदिग्ध आरोपी को चिन्हित किया गया अपराधी चोर ने पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए घटना घटित करते समय 5 घंटे तक अपने मोबाइल को फ्लाइट मोड पर डाल दिया था, जिससे उसकी लोकेशन व डाटा को ट्रेस नहीं किया जा सके उसके बाद भी पुलिस टीम ने साइबर साईबर सेल मुखबिर तंत्र की मदद से 2 फरवरी को आरोपी चमन उर्फ चीनू चौरसिया पुत्र लक्ष्मी नारायण चौरसिया 21 साल उसी का भाई अंकुश पुत्र लक्ष्मी नारायण चौरसिया निवासी ब्रह्मण पाडा श्योपुर को गिरफ्तार कर लिया गया

अपराधी चमन चौरसिया के खिलाफ गुमानपुरा कोटा राजस्थान थाने में अपराध क्रमांक 456/ 2024 धारा 457,,380 भादवी इसी थाने में अपराध क्रमांक 482 /2024 धारा 379 भादवी के अपराध कायम है

पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन द्वारा टीम की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र से 10000 का इनाम भी देने की घोषणा की इस टीम में निरीक्षक दिनेश सिंह राजपूत सिया शरण केवट संजय यादव जाहर सिंह अरविंद भदौरिया शैलेंद्र सिंह अंसार खान अजय तोमर आशुतोष शर्मा दिलीप शर्मा अजहरुद्दीन बृजमोहन यादव मनोज शर्मा राधेश्याम शर्मा रविंद्र त्यागी मनीष त्यागी चालक अरमान राजबल्लभ साइबर सेल राज साइबर सेल मोहिनी शर्मा मोनिका तोमर सीसीटीवी कंट्रोल रूम की विशेष भूमिका रही।

# अमहिया पुलिस ने शातिर अपराधी राहुल रसिया को अपहरण कर मारपीट के मामले में किया गिरफ्तार , समान थाने से भी एनडीपीएस के मामले में था फ़रार

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक- 1 रीवा श्रीमती डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर अपहरण कर मारपीट करने वाले आरोपी राहुल रसिया को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया जहां से न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया हैं। घटना का विवरण: । दिनांक 29/12/24 को फरियादी बृजेश विश्वकर्मा पिता श्री रामकुमार विश्वकर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम भटनवारा थाना उचेहरा जिला सतना हाल मुनीम जी के मकान में किराये का कमरा पुष्पराजनगर वार्ड नंबर 2 रीवा थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि का ठेला लगाता हूँ। दिनांक 29/12/24 को रोज की तरह दोपहर 03 बजे से ठेला लगाया था रात करीबन 10 बजे के बाद ठेला बंद करके सामान समेट रहा था उसी समय एक पल्सर मोटरसायकल से अमहिया के टिंकू




खान व शेखू अंसारी तथा एक स्कूटी से राहुल रसिया एवं राशिद अंसारी जिन्हे मैं अक्सर चौपाटी में आने से जानता पहचानता हूँ चौपाटी के अंदर आये थे। शेखू अंसारी निवासी अमहिया का अपने हाथ में तलवार लिये हुये थे जो तलवार लहराते हुये बोल रहा था कि मादरचोद चौपाटी वालों के भाव काफी बढ़ गये हैं आज इनका भाव ठीक करना है तब मैं बोला कि भाई गाली क्यों दे रहे हो तब मुझे गाड़ी में बैठाकर ले गए और एक जगह चारों ने मेरे साथ मारपीट की और मुझे छोड़कर भाग गए आरोपियो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 540/2024 धारा 296,140(3),115(2),351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया है मुखबिर की सूचना पर दिनांक 02/02/2025 को आरोपी राहुल रजक उर्फ राहुल रसिया पिता हरीश रजक उम्र 27 वर्ष निवासी रसिया मोहल्ला थाना सिविल लाइन जिला रीवा को बड़ी दरगाह के सामने अमहिया रोड से गिरफ्तार कर पेश न्यायालय गया है।

महत्वपूर्ण भूमिका:- उनि शिवा अग्रवाल, सऊनि राजेन्द्र द्विवेदी, आर.577 पीयूष मिश्रा आर0 विक्रम वर्मा, आर विकास तिवारी,आर विवेक सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# गीताबाई को मिली पांच हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि

जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो राजगढ़

**राजगढ।** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम मबडीपुरा निवासी गीताबाई ने बताया कि पति की मृत्यु हो जाने से परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर द्वारा रेडक्रास से पांच हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि दी गई वही जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास कुंडलिया



परियोजना अंतर्गत डुब क्षेत्र में गई कृषि भूमि का मुआवजा नहीं मिला,लाडली बहना योजना का लाभ नहीं मिला है। किसी को लाडली लक्ष्मी योजना का किसी को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है। जैसी समस्या के आम जनों ने जनसुनवाई में आवेदन दिया जनसुनवाई में आवेदकों से 65 आवेदन प्राप्त हुए। समस्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिये डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया गया।

## जनसुनवाई में 215 आवेदनों पर हुई सुनवाई



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 215 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 27 आधार कार्ड संबंधित, 01 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए एवं 141 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 02 आवेदकों ने प्रसूति मध्य प्रदेश शासन चल रही सहयोग सुविधा संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सनातन धर्म का विरोध करने वाले रावण बचेंगे नहीं : पं मोहितरामजी

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जिस सनातन धर्म की स्थापना के लिए भगवान श्री राम ने अपना सर्वस्व निछावर कर दिया था जिस धर्म की रक्षा के लिए भगवान श्री राम ने अयोध्या का राज सिंहासन छोड़ परिवार छोड़ा माता-पिता को छोड़ दिया किंतु धर्म को नहीं छोड़ा वही धर्म का आज कई लोग विरोध करते हैं वह सब रावण हैं उक्त उद्गार पाल वाले बाबा हनुमान मंदिर प्रांगण दौराहा में चल रही नव दिवसीय श्री राम कथा के दौरान कथा व्यास क्रांतिकारी वक्ता गौभक्त पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किए आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि भगवान



श्री राम ने धर्म की स्थापना की है जब राजा जनक धनुष यज्ञ में धनुष न टूटने के कारण दुखी हुए तो भगवान ने धनुष को तोड़कर धर्म की स्थापना की राजा जनक हताश हो गए और उन्होंने कहा कि क्या कोई भी मेरी पुत्री के योग्य नहीं है? तब महर्षि वशिष्ठ ने भगवान राम को शिव जी के धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने को कहा। गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए भगवान राम शिव जी के धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने लगे और धनुष टूट गया। इस प्रकार सीता जी का विवाह राम से हुआ। भगवान श्री राम जानकी भारत की आत्मा है हम सबके परमात्मा है और राम का विरोध करने वाले सभी लोग रावण हैं इन रावण से सनातन रूपी सीता को बचाना होगा कहीं रावण सनातन का विरोध कर रहे हैं सभी सनातनी हिंदू एक होकर उनके खिलाफ खड़े होंगे तभी धर्म की विजय होगी आज कथा में सीहोर के विधायक श्री सुदेश जी राय मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा प्रीतम सिंह ठाकुर आश्रम परिवार से जितेंद्र जी तिवारी रामबाबू जी सक्सेना प्रेमलता जी राठौर उर्मिला जी गुप्ता एवं बड़ी संख्या में श्रोता राम भक्त पढ़ रहे हैं आयोजन समिति में संपूर्ण क्षेत्र वासियों से कथा में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया राशन दुकान पर डाक विभाग के पूर्ण स्वामित्व वाले बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) के बैंकिंग सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

शासकीय उचित मूल्य दुकानों को बहु उद्देशीय बनाने की दिशा में शासन कार्य कर रहा है, इसी कड़ी में मंगलवार को शहर के गंज क्षेत्र की राशन दुकान वार्ड क्रमांक 15,16,17 पर नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर जी के मुख्य आतिथ्य, जिला आपूर्ति अधिकारी एस के बोहित जी के विशेष आतिथ्य व आईपीपीबी बैंक जिला शाखा प्रबंधक श्री विकास कृपलानी जी की अध्यक्षता में अधिकृत बैंकिंग सुविधा केंद्र का शुभारंभ फीता



काट कर किया गया। इस अवसर पर सुविधा केंद्र संचालक नितिन राठौर ने अतिथियों को केंद्र का भ्रमण कराते हुए पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर आई पी पी बी, जिला शाखा प्रबंधक विकास कृपलानी ने बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं जैसे समस्त प्रकार के लोन, बीमा, बचत खाते आदि को विस्तार से बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष राठौर ने नागरिकों से शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ लेने की अपील की। शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में उचित मूल्य दुकान हितग्राही वा अन्य नागरिक गण मौजूद थे।

## आरटीओ द्वारा सुसनेर क्षेत्र के 28 स्कूली वाहनों की चैकिंग, 9 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली

**सुसनेर।** जिला परिवहन अधिकारी बरखा गौड़ द्वारा मंगलवार को सुसनेर क्षेत्र में 28 स्कूली बस/वाहन की चैकिंग की गई। इस दौरान स्कूली बसों में सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन अनुसार व्यवस्था एवं सुविधा, फिटनेस एवं दस्तावेजों की जांच की जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश चालक एवं परिचालक को दिये। साथ ही नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर 9 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही की गई।

# आईडीबीआई बैंक द्वारा निशुल्क वाटर कूलर शासकीय मनु बेन स्कूल में प्रदान किए गए

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

आज सोमवार दिनांक 3/2/25 को आई डी बी आई बैंक शाखा तहसील दोराहा सीहोर द्वारा गर्मियों को देखते हुए छात्र छात्राओं को स्वच्छ व शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी सीहोर में वोल्टास कम्पनी के दो वाटर कूलर निशुल्क प्रदाय किए गए। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक श्री अनिरुद्ध सिटोके , टेरिटरी सेल्स मैनेजर श्री हिर्देश विश्वकर्मा, रीजनल ऑफिस से पधारे अधिकारी एवं संस्था प्राचार्य श्री दीप सिंह राठौड़ एवं विद्यालय



के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ को इसके लिए अत्यधिक धन्यवाद ज्ञापित किया तथा बताया कि निश्चित ही बैंक द्वारा यह है एक बहुत ही उपयोगी एवं छात्र हित में किया गया कार्य है ग्रीष्म काल के दौरान छात्र-छात्राओं को शुद्ध पेयजल शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा

# बाबा साहब डॉ आंबेडकर वाटिका चंदनगांव में हो रहे अवैध निर्माण पर

बहुजन समाज पार्टी ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

मारुति लाल विश्वकर्मा

**छिंदवाड़ा।** आज बहुजन समाज पाटी छिंदवाड़ा द्वारा चंदनगांव वार्ड नंबर 34 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित डॉ. आंबेडकर वाटिका में हो रहे नगर पालिक निगम के अवैध कार्य को रोकने एवं अन्य 4 सूत्रीय मांगो चंदनगांव स्थित डॉ. बाबा साहब अंबेडकर वाचनालय एवं डॉ. बाबा साहब अंबेडकर वाटिका की भूमि में किये गये शिलान्यास की संपूर्ण खुली भूमि का अधिकृत पट्टा सुजाता महिला संघ को सौंपे जाने, छिंदवाड़ा वार्ड क्र. 13 में स्थित डॉ. बाबा साहब अंबेडकर सामुदायिक भवन में वर्तमान में टी.वी. हास्पिटल





संचालित हो रहा है, उस हास्पिटल को वहॉ से हटाकर डॉ. बाबा साहब अंबेडकर सामुदायिक भवन को यथावत रखकर बहुजन समाज को सौंपने, छिंदवाड़ा में स्थित डॉ. बाबा साहब अंबेडकर तिराहे पर बाबा साहब एवं शहर के अन्य सभी महापुरूषों की प्रतिमा के आसपास किसी भी राजनेताओं के या समाज के और नगर निगम द्वारा लगाये जाने वाले पोस्टर, बैनर, होर्डिंग लगाने पर प्रतिबंधित टकरने, पोला ग्राउण्ड स्थित आदिवासी समुदाय के पेन्टाना खण्डेरा स्थल को फेंसिंग से सुरक्षित करने आदि मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष त्रिविक्रम हिरपापी, ज्ञानेश्वर गजभिये जोन प्रभारी ब स पा अब्दुल रब खान, डॉ. सी.एम. गेडाम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# मां की तरह कई राज्यों को पाल रही मां नर्मदा, मप्र-राजस्थान के गले तो गुजरात के खेतों को कर रही तर

**इंदौर।** आज नर्मदा जयंती है। माघ माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को नर्मदा जयंती का पर्व मनाया जाता है। नर्मदा नदी मध्य प्रदेश की जीवन रेखा मानी जाती है। मप्र के विकास में अहम योगदान इस नदी का माना जाता है। प्रदेश की जीवनदायनी नर्मदा नदी तीन हजार किलोमीटर लंबाई में बहती है और हरियाली के साथ आसपास के क्षेत्रों की समृद्धि और विकास की फैलाती है। नर्मदा नदी इंदौर, जबलपुर, भोपाल सहित कई शहरों और गांवों की प्यास बुझा रही है।

नर्मदा मप्र में 1077 किलोमीटर, महाराष्ट्र में 32 किलोमीटर, महाराष्ट्र-गुजरात में 42 किलोमीटर एवं गुजरात में 161 किलोमीटर प्रवाहित होकर कुल 1312 किलोमीटर पश्चात् अंततः गुजरात में भड़ूच के निकट खंभात की खाड़ी के अरब सागर में



समाहित होती है। मध्य प्रदेश और गुजरात की जीवनदायिनी नर्मदा का उद्गम स्थल अनूपपुर जिले के अमरकंटक में है। इस नदी पर गांधी सागर, ओंकारेश्वर बांध, सरदार सरोवर जैसे बड़े बांध इस नदी पर बने हैं।

इंदौर की प्यास बुझाने के लिए नर्मदा 47 सालों से हर रोज कर रही 70 किलोमीटर की यात्रा : प्रदेश के सबसे बड़े शहर इंदौर की प्यास नर्मदा नदी 47 सालों से बुझा रही है। 1978 में नर्मदा का पहले चरण के कदम इंदौर में पड़े थे। इसके बाद दो चरण और तैयार हुए। अब चौथे चरण को लाने की तैयारी हो रही है। हर दिन तटबंधों को लांघ कर मां नर्मदा 70 किलोमीटर की यात्रा करती है। 540 एमएलडी पानी हर दिन इंदौर की 40 लाख की आबादी की प्यास बुझाता है।

नर्मदा को लाने के लिए इंदौर में आंदोलन : इंदौर में 60 के दशक में सूखा पड़ गया था। यशवंत सागर, बिलावली जैसे जल स्त्रोत सूख गए थे। इंदौर शहर फैल रहा था, लेकिन शहर के पास कोई बड़ी जलराशि नहीं थी। तब शहर के लोगों ने नर्मदा को इंदौर लाने की मांग उठाई। इस महंगी योजना को अमला में लाना सरकार के लिए आसान नहीं था। तब इंदौर में दो माह से भी ज्यादा समय तक लंबा आंदोलन चला। सभी दल एकजुट हो गए। आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा और नर्मदा को इंदौर लाने की घोषणा हुई।

# केन्द्रीय बजट मजदूरों किसानों और बेरोजगार युवाओं की उम्मीदों पर खरा नहीं संजय नामदेव

**संवाददाता लालबहादुर सिंह-**

सिंगरौली- एआईटीयूसी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर 5 फरवरी, 2025 को बजट के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2025-2026 पर प्रारंभिक प्रतिक्रिया में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस- एटक के उप महासचिव कामरेड संजय नामदेव ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि बजट 2025-2026 मजदूरों, किसानों और बेरोजगारों की उम्मीदों पर पानी फेरता है।

आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से आम आदमी को राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। 2025-2026 का बजट दर्शाता है कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से लागू नीतियों का सिलसिला जारी है, जिसके परिणामस्वरूप असमानताएं बढ़ी हैं यह बजट भी हमें उसी दिशा में ले जाएगा।

बजट पेश करते समय वित्त मंत्री ने बड़े-बड़े बयान दिए, जिनका शोषित वर्गों से कोई लेना-देना नहीं था। इस सरकार का रिकॉर्ड यह रहा है कि वह योजनाओं की घोषणा तो करती है, लेकिन देश को कभी नहीं बताती कि उनके क्रियान्वयन का क्या हुआ।

इतना ही नहीं यह बजट अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के श्रमिकों, बेरोजगार युवाओं, गरीबों और सीमांत किसानों के लिए एक और झटका है, जिनकी उपेक्षा की गई है। बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, गरीब, हाशिए पर पड़े और निम्न आय वर्ग की जरूरतों के साथ न्याय नहीं करता है, जिन्हें सहायता के लिए तत्काल अधिक आवंटन की आवश्यकता है। ये घोषणाएं केवल वोट हासिल करने के लिए थोड़े समय के लिए होती हैं। मध्यम वर्ग के लिए कर छूट बढ़ा दी गई है, लेकिन आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से लोगों को पहले ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और यह बजट मुद्रास्फीति के मुद्दे को हल करने में विफल रहा है।

मुद्रास्फीति के कारण मजदूरी में गिरावट आई है। आर्थिक सर्वेक्षण से पता चला है कि स्वरोजगार और वेतनभोगी श्रमिकों के मासिक वेतन में 2017-2018 की तुलना में 2023-2024 में कमी आई है। स्वरोजगार वाले पुरुषों के मामले में, इस अवधि के दौरान मजदूरी 9.1 प्रतिसत कम है, तथा महिलाओं के लिए 32 प्रतिशत कम है। इसी तरह वेतनभोगी वर्ग में पुरुषों के लिए 6.4 प्रतिशत और महिलाओं के लिए 0.5 प्रतिशत की कमी आई है। इसी अवधि के दौरान कॉर्पोरेट्स की संपत्ति में 22.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसका एक प्रमुख कारण वहां काम करने वाले लोगों के वेतन में कटौती करना है। इसी सर्वेक्षण के अनुसार, रोजगार में केवल 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शिक्षा और स्वास्थ्य पर व्यय में भारी वृद्धि हुई है, जो हमारे गरीबों और यहां तक ??कि मध्यम वर्ग पर बोझ है। इसलिए मध्यम वर्ग के लिए कर स्लैब में वृद्धि की यह तथाकथित खुशी, विशेष रूप से दिल्ली विधानसभा चुनावों और बिहार में आगामी चुनावों में वोट



हासिल करने के लिए एक दुष्प्रचार है। बिहार में अपने सहयोगी को एनडीए में बनाए रखने और राज्य में आगामी चुनावों में भी साथ बनाए रखने की योजना की घोषणा की गई है। लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि वे साकार होंगे, क्योंकि पिछला रिकॉर्ड दयनीय है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण और बिक्री का इसका एजेंडा प्रतिशोध के साथ जारी है। बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत विदेशी निवेश की घोषणा की गई है, जिसका मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के साथ-साथ कृषक समुदाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सरकार ई.एल.आई. और उत्पादन-सम्बन्धित प्रोत्साहनों की अपनी असफल योजनाओं को जारी रखे हुए है, जिनसे बेहतर वेतन वाली नौकरियां सृजित करने में मदद नहीं मिली, बल्कि कॉर्पोरेट्स के हितों की पूर्ति हुई, तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में प्रोत्साहनों के नए रूपों को जारी रखा जा रहा है।

बजट में एमएसएमई को ऋण सुविधाएं बढ़ाने की बड़ी-बड़ी बातें की गई हैं, लेकिन उन इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए पर्याप्त पैकेज नहीं दिया गया है, जो योजनाबद्ध विमुद्रीकरण और जीएसटी नीतियों के कारण बंद होने को मजबूर हो गईं। कृषि संकट का समाधान नहीं किया गया है, बल्कि कुछ दिनों पहले घोषित नई योजना, जिसका नाम राष्ट्रीय कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति ढांचा है, किसानों की परेशानियों को और बढ़ाएगी तथा उन्हें खेती से दूर कर देगी। मनरेगा के लिए धनराशि में आवश्यकतानुसार वृद्धि नहीं की गई है, न ही कार्य दिवस बढ़ाए गए हैं। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा शहरी रोजगार गारंटी योजना की मांग को भी नजरअंदाज कर दिया गया है। यह कहना बहुत आसान है कि प्रवासन एक विकल्प होना चाहिए।

यह कहना बहुत आसान है कि प्रवासन एक विकल्प होना चाहिए, लेकिन इसके लिए रोजगार सृजन में प्रत्यक्ष निवेश की आवश्यकता है। वित्त मंत्री ने इस संबंध में कुछ भी नहीं किया है, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों को कई प्रोत्साहनों की पेशकश की है और दावा किया है कि इससे नौकरियां पैदा होंगी। घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन के सरकारी रिकार्ड से पता चलता है कि यह महज एक कल्पना बनकर रह जाएगी। सरकार केंद्रीय व राज्य सरकार के विभागों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पूर्व-स्वीकृत पदों पर भर्ती करने को तैयार नहीं है, वहीं उसने रोजगार सृजन पर भी प्रतिबंध लगाया हुआ है।

सरकार परमाणु ऊर्जा/परमाणु रिएक्टरों पर जोर दे रही है, जहां वह देश में बिजली उत्पादन और वितरण के तेजी से निजीकरण के कदमों के माध्यम से देश को जोखिम में डाल रही है। ट्रेड यूनियनों ने धन जुटाने के लिए कॉर्पोरेट टैक्स में वृद्धि, संपत्ति और उपहार कर लागू करने की मांग की थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया, बल्कि इसके बजाय आम लोगों पर अप्रत्यक्ष कर और उपकर लगाकर उनका बोझ बढ़ा दिया गया। हम जानते हैं कि सरकार राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए यह रास्ता अपनाती है।

व्यापार करने में आसानी के नाम पर सरकार नियोक्ता-समर्थक, श्रमिक-विरोधी श्रम संहिताओं को आगे बढ़ा रही है, जबकि एकाधिकार कॉर्पोरेट्स के लाभ के लिए नीतियां एक और बजट में परिलक्षित होती हैं। वित्त मंत्री द्वारा प्रावधानों को आपराधिक नहीं बनाने तथा उल्लंघनों में छूट देने की घोषणा वास्तव में ट्रेड यूनियन आंदोलन को कमजोर करने के उद्देश्य से की गई है, जो देश के 57 करोड़ श्रमिकों की आवाज और हितों का प्रतिनिधित्व करता है। सरकार की मंशा बहुत स्पष्ट है कि व्यावसायिक सुरक्षा और श्रमिकों का स्वास्थ्य सरकार के एजेंडे से बाहर है, क्योंकि उसका इरादा निरीक्षण प्रणाली को समाप्त करने का है। एटक ने बजट 2025-2026 के खिलाफ 05 फरवरी 2025 को अन्य केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ देशव्यापी विरोध में शामिल होने का फैसला लिया गया है।

# बैतूल जिले में पुलिस जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित, 40 से अधिक शिकायतों का त्वरित समाधान

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**
**शिबू विश्वकर्मा**

**बैतूल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम ज़ोन के निर्देशानुसार, नागरिकों की पुलिस संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मंगलवार, 4 फरवरी 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बैतूल सहित जिले के समस्त थानों में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विशेष जनसुनवाई शिविर :** पुलिस अधीक्षक श्री निश्चल एन. झारिया के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बैतूल में विशेष शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री निश्चल एन. झारिया, एसडीओपी शाहपुर श्री



मयंक तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अजाक श्रीमती शिखा भलावी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और 20 से अधिक मामलों का समाधान मौके पर ही किया।

**जिलेभर के थानों में भी हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम :** इसी क्रम में जिले के सभी प्रमुख थानों, जिनमें कोतवाली, बैतूलबाजार, शाहपुर, सारणी, भैंसदेही, आठनेर, चिचोली, आमला सहित अन्य थाने शामिल रहे, में भी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की।

**जनसुनवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक का बयान :** पुलिस अधीक्षक श्री निश्चल एन. झारिया ने कहा कि, जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। भविष्य में भी इस प्रकार के जनसुनवाई शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे आमजन को एक प्रभावी मंच मिल सके।

**जनता ने व्यक्त किया संतोष :** जनसुनवाई कार्यक्रम के सफल आयोजन के पश्चात उपस्थित शिकायतकर्ताओं ने संतोष व्यक्त किया। इस पहल से पुलिस प्रशासन और आमजन के बीच आपसी विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने में मदद मिली है।

# जिला पंचायत राज अधिकारी को रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा

## आवास से लाखों रुपए टीम ने किए बरामद, लखनऊ ले गई विजिलेंस टीम

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** मंगलवार सुबह जनपद की जिला पंचायत राज अधिकारी पीसीएस एलाइड किरण चौधरी को लखनऊ से आई विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान टीम ने उनके इंद्रप्रस्थ कालोनी स्थित घर को पूरी तरह घेर लिया।

महानिदेशक विजिलेंस राजीव कृष्णा के मुताबिक एसपी विजिलेंस बबिता सिंह के साथ गयी टीम ने किरण चौधरी को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। टीम 4 कारों के जरिए किरण चौधरी के घर पहुंची। कार में करीब 4-5 महिला अधिकारियो के साथ पुरुष अधिकारी भी थे। छापेमारी के दौरान



किरण चौधरी का मोबाइल फोन जमा करा लिया गया। बंद कमरे में महिला अधिकारियों ने उन से काफी पूछताछ की। विजिलेंस की टीम अपने साथ कार्यालय के बड़े

बाबू महेंद्र सिंह को भी पूछताछ के लिए ले गई है। सूत्रों का कहना है कि उक्त कार्रवाई कराने में भाजपा के ही एक बड़े नेता ने चक्रव्यूह रचा था।

डीपीआरओ किरण चौधरी के हाईवे थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित आवास पर टीम पहुंची थी। यहां उन्हें कथित शिकायतकर्ता द्वारा 70 हजार रुपये की रिश्वत दी गई। जैसे ही महिला अधिकारी ने ये रकम ली तभी टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दूसरी टीम राजीव भवन स्थित उनके कार्यालय पहुंची। यहां शिकायतकर्ता भी साथ में थे। टीम ने यहां से कुछ फाइलें जब्त कीं जिन्हें अपने कब्जे में ले लिया। बताया गया है कि पीसीएस अधिकारी के खिलाफ एक ग्राम प्रधान ने विजिलेंस लखनऊ में शिकायत की थी जिसके बाद लखनऊ से गयी कई टीमों ने एक साथ ये कार्रवाई की। टीम महिला अधिकारी को अपने साथ लखनऊ ले गई है। चर्चा है कि झुंडावाई के किसी पप्पू प्रधान की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है।

# भटगांव थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया गया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**सूरजपुर उदित ठाकुर**

भटगांव के थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में के स्थापना का वार्षिक उत्सव धूम धाम के साथ थाना प्रभारी सरफराज फ़िरदौसी के नेतृत्व में मनाया गया। ज्ञात हो मंदिर का स्थापना तिथि आने पर कई थाना प्रभारियों के द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया जाता रहा है इसी कड़ी मे इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की इच्छा का ध्यान रखते हुए नवनीत थाना प्रभारी सरफराज फिरदोषी ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन कराया। जिसमें जरही के दिलीप द्विवेदी व उनके साथियों द्वारा सुंदरकांड का गायन वह पाठ किया गया। साथ ही पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अन्य समुदाय के लोगों भी इस पूजा अर्चना के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। पूजा पाठक सुंदरकांड के बाद पुलिस परिवार के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस परिवार के द्वारा क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्गों को तथा आम नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, एस आई अश्वनी पांडे



प्रधान आरक्षक संजय चौहान, शत्रुघ्न पोर्ते,दिनेश ठाकुर, प्रकाश साहू, राधेश्याम साहू,नौशाद खान,संतोष जायसवाल, भोला राजवाड़े, रजनीश पटेल, पूर्व एल्डरमैन अफरोज खान, मोहन प्रताप सिंह, शरद चंद्र द्विवेदी,पप्पू मिश्रा,शशि रंजन सिंह, जेपी गुप्ता, देवेंद्र सिंह, उदित नारायण ठाकुर,आलोक अग्रवाल सहित भारी संख्या में क्षेत्र को लोग उपस्थित थे।

# शादी से पहले दुल्हन हुई फरार फेरो से पहले भागी,, कॉलेज कर्मचारियों के साथ प्रेम प्रसंग का आरोप

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**



पीलीभीत , एक विवाह समारोह में उसे समय हड़कंप मच गया जब फेरो से पहले दुल्हन घर से फरार हो गई दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के एक युवक की शादी बरखेड़ा क्षेत्र की युवती से तय हुई थी सोमवार को रात बारात लड़की के गांव पहुंची/ द्वाराचार की रस्म के बाद बरातियो का भोजन शुरू हुआ जब परिवार के लोग दुल्हन को कपड़े और जेवर पहनाने के लिए घर पहुंचे तो पता चला कि वह कहीं चली गई है इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई परिवार वालों ने कभी खोजबीन की लेकिन दुल्हन का कोई पता नहीं चला बाद में बारात को वापस लौटना पड़ा अगली सुबह दुल्हन एक ग्रामीण के घर से मिली जहां से पूर्व प्रधान की मदद से उसे घर वापस लाया गया लड़की के पिता बीसलपुर के एक इंटर कॉलेज में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई पुलिस मामले की जांच में जुटी है पुलिस के अनुसार सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी

# मामूली बात लेकर युवकों में मारपीट जमकर चले लाठी डंडे, वीडियो वायरल...जांच में जुटी पुलिस

**गणेश वर्मा ब्यूरो चीफ - कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान**

कौशांबी ।जिले में मार-पीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि भीड़ में मौजूद लोग आपस मे मार-पीट कर रहे है। इस मार पीट में कई लोग घायल बताए जा रहे है। इतना ही नही दबंगों ने पुलिस के सामने भी मारपीट किया। वीडियो में एक सिपाही युवक को पकड़ कर ले जा रहा था। तभी युवक के उत्तेजित होने पर सिपाही भी युवक को थप्पड़ जड़ देता है। किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल दिया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

घटना मंझनपुर कोतवाली के टेवा गाँव का है। जहाँ पर बताया जा रहा है कि वंश केशरवानी और नीतीश श्रीवास्तव के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। मंगलवार को किसी बात पर फिर से दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गयी। और जमकर मारपीट हुई। मामले में सीओ मंझनपुर शिवंक सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और बीच बचाव कर मामले को शान्त कराया। जो अन्य आवश्यक कार्यवाई है वह की जा रही है। जो पुलिस के सामने मारपीट हो रही है दोनो के बीच मारपीट हुई और तत्काल चौकी को सूचना मिली सभी पुलिस मौके पर पहुचे बीच बचाव किया। जो घायल है उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# डंडे से मारपीट करने वाले आरोपी को 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये जुर्माना से दण्डित किया

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

सिलवानी - सिलवानी नगर के न्?यायालय न्?यायिक मजिस्?ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील सिलवानी जिला रायसेन म0प्र0 द्वारा आरोपी विश्राम पिता नन्?हेवीर अहिरवार उम्र 45 वर्ष निवासी तुलसीपार थाना बम्?होरी जिला रायसेन म.प्र. को धारा 325 भादवि में एक वर्ष का सश्रम कारावास व 500/- रूपये तथा धारा 323 भादवि में एक माह का सश्रम कारावास व 500/- रूपये अर्थदण्?ड से दण्डित किया गया। इस मामले में शासन की ओर से श्री राजेन्?द्र कुमार वर्मा, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, तहसील सिलवानी, जिला रायसेन ने पैरवी की।

घटना का संक्षिप्?त विवरण ~- फरियादी हरिसिंह ने आरक्षी केन्?द्र बम्?होरी में उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट लेख करायी कि वह घटना दिनांक 05/11/2022 को 11~30 बजे अपनी पत्नि हल्?कीबाई के साथ खेत जा रहा था जैसे ही घुमन पाल के घर के पास पहुंचा तो विश्राम ने फरियादी एवं उसकी पत्नि को रास्?ते में रोक लिया और बोला जिस खेत में तुम जा रहे हो वह मेरा खेत है उस खेत में अपने कदम भी मत रख देना तब फरियादी ने बोला कि वह खेत उसका है तो अभियुक्?त विश्राम फरियादी व उसकी पत्नि




को गंदी ङ्क गंदी गालियां देने लगा उसने विश्राम को गाली देने से मना किया तो अभियुक्?त विश्राम वहीं पर डंडे से फरियादी व उसकी पत्नि के साथ मारपीट करने लगा जिससे उसे बायें हाथ के कंधे व भुजा पर दाहिने हाथ के पंजे पर, बायें हाथ की कलाई व पंजे पर चोट आई तथा फरियादी हरिसिंह की पत्नि को पीछे तरफ कमर में, बायें हाथ की कलाई व पंजे पर चोट आई। घटना गांव के संतोष व गोपाल ने देखी जिन्?हें देख विश्राम भाग गया और जाते ङ्क जाते बोला कि थाने में रिपोर्ट कि तो जान से खत्?म कर देगा। उक्?त घटना कि रिपोर्ट के आधार पर आरक्षी केन्?द्र बम्?होरी में अभियुक्?त विश्राम के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं विवेचना पश्?चात अभियोग पत्र मान0 न्?यायालय में पेश किया गया। विचारण उपरांत माननीय न्?यायालय द्वारा अभियोजन की समस्?त दलीलों एवं साक्ष्?यों को सुनते हुए आरोपी को धारा 325 भादवि में दोषी पाते हुए एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/- रूपये अर्थदण्?ड तथा धारा 323 भादवि में एक माह का सश्रम कारावास व 500/- रूपये अर्थदण्?ड से दण्डित किया गया।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# धर्मगुरूओं के सुझाव को समझकर होगा परिक्रमा मार्ग का व्यवस्थीकरण

## परिक्रमा के दौरान मार्ग पर दौड़ेगी मोबाइल टीमें

**सीतापुर** । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में तहसील सभाकक्ष मिश्रित में आगामी 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला एवं पंचकोसीय परिक्रमा मेला के दृष्टिगत बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में आये हुये सभी धर्मगुरूओं का माला पहनाकर स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया गया। सभी पड़ावों से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं एवं सुझावों पर चर्चा की गयी। धर्मगुरुओं, पड़ाव प्रभारियों एवं परिक्रमा मेला से सम्बन्धित पदाधिकारियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए अभी तक की गयी व्यवस्थाओं के विषय में फीडबैक दिया एवं शेष कार्यों व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी देते हुए प्रशासन द्वारा समयबद्ध रूप से कार्यों को पूर्ण कराए जाने की अपेक्षा भी की। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पड़ाव स्थलों तथा परिक्रमा मार्ग पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, मार्ग व्यवस्था, रैन बसेरा आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि मार्गों का दुरूस्तीकरण कराया जाये तथा तथा चोक नालियों, जलभराव एवं साफ-सफाई को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि जर्जर हुये विद्युत तारों को सही करा दिया जाये तथा जिनकी भी ड्यूटी लगायी जाये उनका नम्बर कन्ट्रोल रूम में उपलब्ध करा दिया जाये। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाय। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि धर्मगुरूओं के सुझावों को संज्ञान में लेते हुये सभी अधिकारी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ावों में पड़ने वाले मार्गों की झाड़ियों को हटवा दिया जाये। इसके साथ ही सम्बन्धित मार्गों



पर स्वच्छता, प्रकाश आदि के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि होली परिक्रमा के पड़ावों में जो भी कार्य कराये जा रहे है उसको पूरी लगन व निष्ठा के साथ पूर्ण करायें, यह कार्य धर्मार्थ का कार्य है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा समय रहते सभी कार्य पूर्ण कर लिये जायें।बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस के प्रबंध के विषय में सभी को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेहतर सुरक्षा व्यवस्था हेतु मोबाइल टीमों का भी गठन किया जा रहा है, जिससे परिक्रमा के दौरान सुरक्षा के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए जा सके। माननीय विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव ने सभी से कहा कि यह हम सभी का आयोजन है, इसलिए सभी को बेहतर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सफल आयोजन हेतु अपना सहयोग प्रदान करें।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण, मेला समिति के पदाधिकारी, धर्मगुरु आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं समय से समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश, पार्किंग आदि हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिधौली की पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त छोटू पुत्र हीरा निवासी मोहल्ला तुलसीनगर कस्बा व थाना सिधौली जनपद सीतापुर के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना सिधौली पर मु0अ0सं0 35/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है।

# खैराबाद आगमन पर पंकज जी महराज पर हुई पुष्प वर्षा

**खैराबाद (सीतापुर)** । जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज इस समय 86 दिनों के सत्संग भ्रमण पर धर्म-कर्म एवं अच्छे समाज के निर्माण का सन्देश देते हुये कल सायंकाल 52वें पड़ाव पर खैराबाद ब्लाक के ग्राम अशरफपुर पधारे। बड़ी संख्या में स्थानीय भाई-बहनों एवं छोटे-छोटे बच्चे व बच्चियों ने फूलमालाओं, पुष्पवर्षा, दीप प्रज्वलित आरती, थाल, बैण्ड तथा बीन बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। अपने सत्संग सम्बोधन में सन्त जी ने कहा महात्माओं के सत्संग से विवेक जागृत होता है कि हम कौन हैं? कहां से आये? और हमको जाना कहां है? यह मानव मात्र



के लिये एक जटिल प्रश्न है। प्रेमी भाई-बहनों! इस कलयुग में संतों ने पूर्व के युगों की पूजा पद्धति को निषेध कर दिया और लिख दिया ''यहि कलिकाल न साधन दूजा, योग यज्ञ-जप तप व्रत पूजा।'' तो प्रश्न उठता है कि इस युग के जीवों का कल्याण कैसे होगा? उसके लिये सन्तों ने सरल साधना (सुरत शब्द योग) का भेद जारी किया और लिख दिया ''कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिरि सुमिरि नर उतरहिं पारा। इसी रास्ते का भेद सन्त कबीर ने, नानक जी ने, पलटूसाहब, जगजीवन साहब, मीराबाई एवं सहजोबाई ने भी दिया था। हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी ने देश में करोड़ों लोगों की आपराधिक प्रवृत्ति छुड़ाकर उनके हाथों में भजन की माला पकड़ा दी, जिससे उनका जीवन सुधर गया। हम भी उन्हीं के आदेश का पालन करते हुये एक अच्छे समाज के निर्माण में लगे हैं। आपस में मिल जुलकर रहें।हमारी आप सभी बुद्धिजीवियों, समाज सेवियों, धर्मावलम्बियों से अपील है कि आप सब मिलकर येन केन प्रकरेण युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचा लें। उन्हें शाकाहारी बनायें जिससे वे अपने परिवार का नाम रोशन करें और एक अच्छे समाज के निर्माण के भागीदार बन सकें।संस्थाध्यक्ष ने आगामी 13 से 15 मार्च तक मथुरा आश्रम पर होने वाले पावन होली पर्व पर आने का निमन्त्रण भी दिया। सत्संग समारोह में अग्निशमन टेण्डर एवं पुलिस का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर राम प्रसाद, भूस्वामी संजय श्रीवास्तव एवं मुरली यादव, सुशील कुमार गुप्ता, हरीश यादव, अमित यादव, चुन्नी यादव, चिन्टू श्रीवास्तव, जगत पाल यादव, विनोद पटेल, शैलेष मौर्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव ग्राम व पोस्ट बनियामऊ ब्लाक मछरेहटा के लिये प्रस्थान कर गई। यहां कल (आज) अप. 12.30 बजे से सत्संग संदेश आयोजित है।

# सभासद संघ ने किया समरसत्ता भेजा का आयोजन



**सीतापुर।** सभासद संघ के द्वारा शहर के एक गेस्ट हॉउस मे सामाजिक तहरी समरसता भोज का आयोजन किया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मे नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु व अन्य अतिथि मे क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, भाजपा नेत्री पूनम मिश्रा, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, अधिवक्ता सत्य प्रकाश मिश्रा समाजसेवी प्रभात कश्यप आदि रहे कार्यक्रम का संचालन तेजू गुप्ता ने किया कार्यक्रम के सुभारम्भ संघ के अध्यक्ष पिंकू गुप्ता, सभासद किशोरी लाल कश्यप, धीरज पाण्डेय सहित सभी सभासद गणो ने मुख्य अतिथी सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया इसके उपरांत सभी अतिथियों के द्वारा मा सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व द्वीप प्रज्वलन से हुआ भाजपा सक्रिय सदस्य के पदाधिकारियों मे अनीत मिश्रा, विजय शुक्ला, ममता दौड़ेजा, मनीष पाण्डेय, विनोद त्रिपाठी आदि ने सामूँहिक रूप से स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया सभा को सम्बोधित करते हुए नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि तहरी भोज भारतीय संस्कृति में सामूहिकता और सहयोग का प्रतीक है। निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा ऐसे आयोजन कार्यस्थल पर सौहार्द और आपसी विश्वास को बढ़ावा देते हैं। इसके साथ साथ भाजपा नेत्री पूनम मिश्रा, भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, हरिओम मिश्रा, ऋषभ त्रिवेदी, भगवती गुप्ता आदि ने अपने विचार रखे कार्यक्रम के अंत मे सभासद संघ के अध्यक्ष पीकू गुप्ता ने सभी का आभार जताया तहरी भोज के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, व्यापारी नेता सुशील अग्रवाल, राम बाबू श्रीवास्तव,आशुतोष दीक्षित, राहुल मिश्रा, उमाकांत मिश्रा, मधु श्रीवास्तव, दीप शिखा जायसवाल, इंदू सिंह चैहान, राहुल अवस्थी, आशीष शास्त्री, सुरेश दीक्षित,सभासद विनोद गिहार, विष्णु वर्मा, कुसुम लता, रिजवान खान, चंद्र शेखर, आयुश दीक्षित,आकाश वर्मा, सुरेश कनोजिया, गोविंद राठौर, शैलेन्द्र विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार रस्तोगी, राज किशोर सिंह, शकर यादव, प्रदीप गुप्ता, अनूप बाजपेयी, शंकर यादव इकबाल अंसारी, नितिन सिंह, राम शरण,शालीम, प्रभात श्रीवास्तव, कंचन मेहरोत्रा, राज किशोर सिंह, बबलू सिंह, सर्वेश विश्वकर्मा, अनिल निषाद आदि सभासद व अन्य लोग मौजूद रहें।

## दफा 25 के तहत गिरफ्तार

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त छोटू पुत्र हीरा निवासी मोहल्ला तुलसीनगर कस्बा व थाना सिधौली जनपद सीतापुर के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना सिधौली पुलिस ने मु0अ0सं0 35/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है।

## कब्जा कर बनवाया मकान अब तलाब पर हो रहे काबिज

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत गांव गुलालपुरमें में दबंग सुरेंद्र सिंह बंजर भूमि गाटा संख्या 0.1344 पर अवैध कब्जा कर मकान तो बनवा ही रखा था और अब तालाब पर भी अवैध कब्जा कर करने लगा सिंघाड़ा की खेती जिसकी शिकायत जनसुनवाई के आधार पर मुख्यमंत्री से की गई है। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्र में गुलालपुर निवासी बबलू सिंह पुत्र अशोक ने गांव के सुरेंद्र सिंह पुर शिवनन्दन सिंह के द्वारा बंजर जमीन पर अवैध मकान बनवाकर कब्जा करने तथा एक तालाब पर सिंघाड़ा डालकर अवैध खेती करते हैं उसे पर अवैध कब्जा किया गया है और इस नंबर के एक तालाब पर अवैध रूप से सिंघाड़े की खेती कर रहे हैं जिस पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## यूपी में सीतापुर प्रथम, 24 थानों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद के समस्त थानो को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो की गुणवत्तापूर्ण जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए जनसमस्याओ के शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण हेतु सर्वसंबंधित को निर्देशित किया गया है। उक्त दिए गए निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल व थानो द्वारा विगत माह जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो का शीघ्रातिशीघ्र गुणवत्तापरक विधिक निस्तारण किया गया।

# कप्तान को मिली गोपनीय सूचना, धर्मान्तरण करवाने वाले हुए गिरफ्तार

**सीतापुर।** कप्तान के मुखबिरों द्वारा मिली गोपनीय सूचना पर कार्यवाही करते हुए कमलापुर थाने की पुलिस ने धर्मान्तरण करवाने वाले पांच लोगों का बन्दी बनाकर जेल भेजने की कार्यवाही की है। यह स भी लोग सभी प्रार्थना सभा की आड़ में लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में मतांतरण से जुड़े साहित्य और सामग्री भी मिली है। एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि गोपनीय सूचना मिली थी कि कमलापुर के गांव ककैयापारा में धर्मांतरण हो रहा है। मौके से लखनापुर निवासी रामबरन और उसकी पत्नी मोना को गिरफ्तार किया गया। दोनों ही लखनऊ के सैरपुर क्षेत्र में कॉस्मो पॉलिटन स्कूल के पीछे रहते हैं। इनके साथ ही सुरैंचा निवासी राहुल, राजेश्वर दयालपुर निवासी अमरिका और मानपारा निवासी रामवती को भी पकड़ा गया। आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में साहित्य और तीन हजार रुपये भी बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि अशिक्षित लोगों को नौकरी व पैसे का प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराते थे। इसके लिए रविवार को प्रार्थना सभा का आयोजन करते थे। आरोपियों ने एक बुजुर्ग को अपने साथ रखा था, जो प्रार्थना सभा में आने वालों को बताता था कि ईसाई बन जाने पर गंभीर से गंभीर बीमारी भी दूर हो जाती है। बुजुर्ग ही बताता था कि उसे तीन साल से ब्लड कैंसर था, जो अब ठीक हो गया है। पुलिस ने जब उसे हिरासत में लिया तो वह बार-बार अपनी बीमारी बदलने लगा। आखिर में बताया कि उसे ऐसी कोई बीमारी नहीं थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी जिस ककैयापारा गांव में सभा करते थे, वहां एक टीन शेड पड़ा था, लेकिन गांव वालों के लिए वह चर्च था। स्थानीय लोगों के अनुसार 90 फीसदी आबादी का धर्मांतरण हो चुका है। खास बात यह है कि इसमें मुस्लिम परिवार भी शामिल हैं। आरोपियों का जुड़ाव लखनऊ के कुछ चर्च से भी सामने आया है। रामबरन और उसकी पत्नी के मोबाइल से विदेश के भी नंबर मिले हैं। ऐसे में पुलिस उनकी कॉल डिटेल खंगालने में जुटी है। कुछ दिन पहले सिधौली इंस्पेक्टर बलवंत शाही ने पादरी एल्गिन सहित सात लोगों को धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार किया था। उसकी पैरवी करने वाले लोग कमलापुर में पकड़े गए आरोपियों के साथ भी आए हैं। एल्गिन के साथ पकड़ी गई महिला का पति होमगार्ड है, जो लोगों तक सभाओं की जानकारी पहुंचाता था।

# विवाद को लेकर एसडीएम से की शिकायत

**सिधौली -सीतापुर।** तहसील अंतर्गत रामपुर कला थाना क्षेत्र की एक महिला ने उप जिलाधिकारी को एक पत्र लिखकर अवैध रूप से नाली निर्माण को रोकने के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है वही दबंगों द्वारा विवाद कर उसे मारपीट किए जाने की भी न्याय मांगा है । रमाकांत की पत्नी ब्रह्मा ने उप जिलाधिकारी को एक पत्र लिखा है जिसमें बताया है कि उसके घर के सामने नाली का विवाद है अगर नाली नाली की जगह पर बंटी हो तो कोई विवाद नहीं होता परंतु नाली को पीड़िता की जगह में बढ़कर दबंगों द्वारा बनवाकर विवाद उत्पन्न किया जा रहा है जिसमें राजेंद्र पुत्र चंद्रिका, रामसहाय पुत्र चंद्रिका, राजेंद्र सतीश ,दीनबंधु, विजय आदि से विवाद हुआ सब लोग मिलकर गाली गलौज और गंदी-गंदी गालियां दी और आमदार फौजदारी हो गए तथा उसे धक्का देकर गिरा भी दिया जिसमें उसके घर की एक छोटी बच्ची को भी चोट आई है।

# 1500 लोगों को वितरित किये गये कम्बल

**सीतापुर** । रेडिको खेतान द्वारा सी0एस0आर0 गतिविधियों के अंतर्गत नि:शुल्क कम्बल वितरण समारोह विकास खण्ड मिश्रिख के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 1500 से अधिक लोगों को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रेडिको खेतान द्वारा जनपद में उपलब्ध कराए गए रोजगार के अवसरों की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि रेडिको खेतान द्वारा सी0एस0आर0 गतिविधियों के माध्यम से सदैव प्रशासन का सहयोग किया गया है। उन्होंने कंबल वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अपेक्षा की कि आगे भी इसी प्रकार सीएसआर



गतिविधियों के अंतर्गत अच्छे प्रोजेक्ट लेकर कार्य किए जायेगे। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव ने रेडिको खेतान द्वारा कम्बल वितरण कार्य की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास सर्वे के विषय में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु प्रेरित किया। माननीय विधायक ने सभी अभिभावकों को भी प्रेरित किया कि अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें।रेडिको खेतान, कन्दुनी के यूनिट हेड ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि विकास का रास्ता औद्योगिकरण से ही होकर जाता है। वर्तमान में प्रदेश के माहौल से उत्तर प्रदेश भी औद्योगिकरण के मार्ग पर अग्रसर हुआ है। उन्होंने रेडिको खेतान द्वारा संचालित सीएसआर गतिविधियों के विषय में भी जानकारी दी।इस दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, गन्ना समिति के चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी, सांसद मिश्रिख प्रतिनिधि राजकुमार सोनी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुरू, माता, पिता के माध्यम से अन्तरमन में प्रवेश करती है मां सरस्वती

**सीतापुर।** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर संस्कार भारती जिला इकाई सीतापुर के तत्वावधान में सूक्खूमल रोड स्थित सुमित्रा पब्लिक इंटर कॉलेज सीतापुर के प्रांगण में मां सरस्वती पूजन सह संस्कारित सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र प्रियम अवस्थी द्वारा की गई वादी वंदना से हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य के. बी. श्रीवास्तव ने उपस्थित छात्रों को मां सरस्वती को प्रसन्न करने के निमित्त अनेक मंत्रों के बारे में जानकारी देते हुए कहा, माता सरस्वती का बीज मंत्र ऐं है। ऐं ह्लीं क्रीं सरस्वत्यै नम: मंत्र के निर्धारित जाप मात्र से ही मां सरस्वती सिद्ध होकर व्यक्ति को ज्ञानवान एवं विद्वता में प्रवीण बना देती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थाध्यक्ष इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर ने कहा,



चूंकि मां सरस्वती सर्वप्रथम हमारे अंतस में माता-पिता एवं गुरु के माध्यम से ही प्रवेश करती हैं अत: मां की उपासना से पूर्व माता-पिता एवं गुरु की उपासना अत्यावश्यक होती है। विद्यालय के छात्रों हर्ष, पुष्पेंद्र, दिव्यांश भास्कर, सक्षम एवं ऋषि आदि ने अनुशासित रहकर मां सरस्वती पर आधारित अपनी-अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां संप्रेषित की जिसके निमित्त संस्था द्वारा उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों में प्रीति अवस्थी, ललिता गुप्ता, साधना सिंह, विभा श्रीवास्तव, मितेंद्र सारस्वत एवं पीयूष मिश्रा आदि ने अपने-अपने वक्तव्य एवं कविताओं के माध्यम से छात्रों को मां सरस्वती के महत्व एवं उनकी उपासना पद्धति के बारे में अवगत कराया । संस्था के पदाधिकारी तुषार मिश्र ने छात्रों की मंचीय झिझक को दूर कराते हुए उन्हें मंच पर बोलने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला नाट्य विधा संयोजक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सामाजिक छुआछूत को दूर करने से उद्देश्य से छात्रों को इस हेतु प्रेरित करते हुए उन्हें इस पर आधारित एक लघु नाटिका बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जिसके लिए अनेक छात्रों ने अपनी सहमति भी प्रदान की। गीता श्रीवास्तव ने उपस्थित छात्रों के अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें अपनी कविता के माध्यम से मां सरस्वती का प्रतिक्षण ध्यान करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रामकिशोर श्रीवास्तव ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में संतशरण वर्मा, विमलेश पांडे, अंकित अवस्थी, अविनाश, दीपक, राजू एवं विजय आदि सहित विद्यालय के बहुसंख्यक छात्र उपस्थित रहे। अंत में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय के प्राचार्य श्री श्रीवास्तव को अंग वस्त्र पहनाकर एवं अभिनंदन-पत्र प्रदान करके उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया।

# पराविधिक स्वयं सेवको की बैठक का आयोजन




**सीतापुर** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में तथा जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर ''कुलदीप सक्सेना'' के पराविधिक स्वयं सेवकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा उपस्थित समस्त पी.एल.वी.गण को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा से कार्य किया जाये। अपर जिजा जज सचिव द्वारा समस्त पी.एल.वी. को यह भी निर्देशित दिये गये कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक-08.03.2025 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

# फागिंग मशीन घोटाला के बाद निकला नाली निर्माण घोटाला

**रामपुर मथुरा सीतापुर।** प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कदम उठा रही है लेकिन कुछ सरकारी नुमाइंदे सरकार की मंशा पर पानी फेरकर सरकार को चूना लगाने में लगे हुए हैं ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी मिलकर फर्जी भुगतान कर रहे हैं जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत उमरिया का है जहां पर फागिंग मशीन का भुगतान सरकारी अभिलेखों के अनुसार 22. 10. 2022 को हुआ था लेकिन



फागिंग मशीन खरीदी ही नहीं गई जिसकी खबर 1फरवरी को प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। जो सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन को चुनौती दे रही है। फागिंग मशीन के बाद ग्राम पंचायत में नाली निर्माण घोटाला सामने आ रहा है जो राजेंद्र के घर से पप्पू के घर तक नाली निर्माण दर्शाया जा रहा है जिसमें लाखों रूपयो का बंदर बाट किया गया है ग्राम पंचायत के मकसूद, खेलावन, बचूलाल,कुबेष अलीमोहम्मद आदि लोगों ने बताया कि यह नाली पिछले वर्ष जहां-तहां मरम्मत करवाई गई थी जो जर्जर पड़ी हुई है ।

# षड्यंत्र कर लिखाया झूठ मूठ का मुकदमा आरोप, पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के जलालपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बृजलाल मौर्य पुत्र स्व0 जोखई मौर्य निवासी ग्राम जैनापुर का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा अनैतिक कार्य करने की शिकायत किया गया था और शिकायत पर मौके पर जाकर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी शिकायत का निस्तारण करने हेतु दोनो पक्षों को समझौता के आधार पर कार्य किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर समझौता हुआ कि ग्राम प्रधान महानन्द मौर्य के दरवाजे से बन रही नाली कुएं के बगल से पारस, तीरथ, सागर की दीवाल से 3 फीट छोड़ कर 4 फिट की नाली रहेगी यह नाली धर्मराज के कोने से मुड़ कर संदीप व बृजलाल के बीच से कोलिया से होते हुए तालाब में मिल जायेगी और ग्राम प्रधान महानन्द मौर्य के घर से पारस आदि व कुए के बीच से 12 फिट का रास्ता कुएं तक बनेगा। बृजलाल अपने हिस्से की भूमि रास्ते में दे रहें हैं इस पर हम सभी सहमति है। आरोप है कि आराजी नं0 1629 रकबा 0.025 हे0 व आराजी नं0 1632 रकबा 0.0400 हे0 पीड़ित की भूमिधरी जमीन है। लेकिन फिर भी सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी से दबाव डाल कर हमारी भूमिधरी लेकर नाली निर्माण करा दिया गया जो समझौता दिखा कर लेकिन जब पीड़ित बोला कि अब आप सड़क बनाने के लिए समझौता है तो बनाइये तो ग्राम प्रधान गलत ढंग से बात करने लगा। पूर्व में ग्राम प्रधान महानन्द मौर्य और उनके भाई सम्पूर्णानन्द मौर्य द्वारा गाँव की चाची की लड़की आंकाक्षा पुत्री विरेन्द्र मौर्य की लड़की लेकर भागे थे और शादी कर घर आये और एक महीने के बाद आकांक्षा मौर्य को मार कर भगा दिये जिसकी शिकायत पर ग्राम प्रधान महानन्द मौर्य उनके भाइयों पर मुकदमा पंजिकृत हुआ है।इसी मुकदमें के कारण पीड़ित का सड़क नहीं बना रहें हैं। और ग्राम प्रधान द्वारा कई ऐसे संगीन धाराओं और अवैध अतिक्रमण किये गये हैं। झूठ मूठ के मुकदमें में फसाने के लिए ग्राम सभा के किसी मजदूर को पैसे का लालच देकर एक प्रार्थना पत्र राजित राम पुत्र रिबई राम से शिकायत करा कर जो की प्रार्थना पत्र देने वाला अनुसूचित जाति का है जो कि पीड़ित के लड़के पंकज पुत्र राजबली व अमन मौर्य व अनुज मौर्य व अजय मौर्य पुत्रगण दिनेश मौर्य व दिनेश मौर्य पुत्र बृजलाल व बृजलाल पुत्र जोखई को अनाधिकार रुप से प्रधान द्वारा षडयंत्र के तहत हम प्रार्थी को एस.सी. / एस.टी. मुकदमा कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया है। पीड़ित व उनके लड़कों को दबाव डाला जा रहा है कि अगर आकांक्षा का मुकदमा का उठवा लोगे तो आपके ऊपर एस.सी./एस. टी. नहीं लगेगा। इसी प्रकरण के कारण ग्राम प्रधान के द्वारा नाली के बाद न सड़क बनाया जा रहा है और मजदूरों के आड़ में फर्जी मुकदमें में फसाने का षणयंत्र रचा जा रहा है। दिनांक 04/02/2025 पीड़ित को सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली कि अनुज मौर्य व अजय मौर्य व अमन मौर्य व पंकज मौर्य के नाम धारा 152 (2), 351,352(2), 125, 3(1) द, 3(1) ध, 3(2) 1ड्ड के तहत फर्जी तरीके से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पीड़ित का भतीजा अनुज कुमार मौर्या घर पर नहीं है बाहर है और नौकरी की तैयारी का बेरिफिकेशन कराने गया है और जिस की समय घटना होना बताया जा रहा है उस समय मौके पर क्रम सं0 6 के पंकज पुत्र राजबली व अमन मौर्य पुत्र दिनेश मौर्य व दिनेश मौर्य पुत्र बृजलाल व बृजलाल पुत्र जोखई तहसीलदार महोदय से बात करने तहसील जलालपुर गये थे और प्रधान द्वारा समय पाते हुए राजित राम पुत्र रिबईराम के परिवार को मिलाकर कुछ पैसा और सरकार की योजनाओं का लालच देते हुए झूठ मूठ का मुकदमा पंजिकृत कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक अम्बेडकर नगर से की गई है।

# दलित युवती की हत्या का खुलासा, शराब के नशे में की हैवानियत

## तीनों ने हत्या कर साक्ष्य छिपाने की बात स्वीकार की

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** ब्लाइंड मर्डर को सुलझाने में युवती को बर्बरता के साथ मौत के घाट उतारने वालों तक पहुंचना आसान नहीं था। यह घटना, जितनी वीभत्स है, उसकी जांच भी उतनी ही जटिल थी। घटनास्थल पर कहीं भी सीसीटीवी कैमरा नहीं था और न ही कोई प्रत्यक्षदर्शी। ऐसे में इस ब्लाइंड मर्डर को सुलझाने में शराब की बोतल और खून के धब्बों ने पुलिस को रास्ता दिखाया। घटनास्थल पर मिली शराब की बोतल और आईटीआई के बाथरूम में खून के धब्बों ने पुलिस के संदेह की सुई गांव में ही टिकी थी।



निजी आईटीआई के आसपास दो-चार घर ही हैं, जहां गहनता से पूछताछ पुलिस कर चुकी थी, ऐसे में बाथरूम में मिले रक्त के निशान ने आईटीआई के चौकीदार दिग्विजय पर संदेह को और गहरा कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर मिली शराब की बोतल के आधार पर जांच शुरू की। इस घटना से पूर्व आरोपियों ने शराब पी थी। यह शराब आशापुर स्थित ठेके से खरीदी गई थी।

पहली बार में दिग्विजय और हरीराम शराब लेने ठेके पर गए थे, जबकि दूसरी बोतल लेने विजय गया था। इसकी पुष्टि ठेके के सीसीटीवी फुटेज से भी हुई है। फुटेज ने घटना में तीनों आरोपियों की भूमिका को और स्पष्ट कर दिया। इसके बाद इन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो तीनों ने हत्या करने और साक्ष्य छिपाने की बात स्वीकार की। पुलिस के पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अपमानित करने के लिए दिग्विजय ने युवती के कपड़े फाड़ने शुरू कर दिए। उसने इसका विरोध किया तो उसे मारा-पीटा। इसके बाद आईटीआई के बाथरूम में बंद करके पीटा, लेकिन स्थान की पहचान न हो सके इसके लिए दम तोड़ने के बाद उन्होंने उसके हाथ-पांव बांध कर उसे झाड़ी में फेंक दिया। दिग्विजय ने खून से सनी अपनी जैकेट भी जला दी थी, लेकिन शराब की बोतल और खून के धब्बों ने पुलिस को आरोपियों तक पहुंचा दिया।एसपी सिटी मधुबन सिंह के नेतृत्व में सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, कोतवाल अयोध्या मनोज शर्मा, स्वाट टीम प्रभारी अमरेश त्रिपाठी, एंटी थेप्ट सेल प्रभारी रतन शर्मा एवं चौकी प्रभारी दर्शननगर जगन्नाथमणि त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने इस घटना की कड़ियों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पुलिस उन्हें रिमांड पर लेकर इस घटना से जुड़ी अधिक से अधिक जानकारियां प्राप्त करने का प्रयास कर रही है। सोमवार को मीडिया के सामने घटना का अनावरण करते हुए एसएसपी ने इसका संकेत दिया।

# नगर में सौंदर्यकरण के लिए दिया पत्र



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत सरकार नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 13 के सभासद अजीत निषाद ने उपजिलाधिकारी पवन जायसवाल को नगर में सौंदर्यकरण के लिए पत्र दिया। उन्होंने बताया कि थाने के सामने स्थित दुर्गा माता का मंदिर अतिक्रमण के चपेट में हैं,इस मंदिर को सुरक्षित करते हुए इसके सौंदर्यीकरण के साथ साथ यहां एक भव्य तिरंगा लगवाया जाए। मेरे वार्ड में श्री शीतला माता मठिया मंदिर का भी अभी तक सौंदर्यीकरण नहीं हुआ है। जबकि पर्याप्त स्थान है।उक्त दोनों मंदिरों का सौंदर्यीकरण करते हुए थाने के सामने एक भव्य तिरंगा लगवाया जाय। जिससे नगर की शोभा बढ़ेंगी और लोगों देशभक्ति को तरफ आकर्षित होंगे। इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद, प्रमोद विश्वकर्मा ,विशाल, निषाद, सूरज निषाद समेत मौजूद रहे।

# पाक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत श्रवनक्षेत्र चौकी के एक गांव का है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अपहरण दुष्कर्म, एससी एसटी, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओ में अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत जीतपुर यरकी निवासी शुभम विश्वकर्मा उर्फ अर्जुन विश्वकर्मा पुत्र कृष्ण कुमार विश्वकर्मा के खिलाफ दर्ज कर लिया था।



आरोपी युवक तभी से फरार चल रहा था। वांछित आरोपी को पुलिस तलाश कर रही थी मुखबिर से सूचना मिलने पर पता चला कि वह अपने नानी के घर कनकपट्टी आया हुआ है। इस सूचना पर उप निरीक्षक राहुल कुमार पांडेय अपने हमराही के साथ उक्त स्थान पर पहुंच गए। आरोपी युवक पुलिस को देखकर भागने लगा तो उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पुलिस ने कनक पट्टी दशमड़े मोड़ से सुबह करीब 11.00 बजे गिरफ्तार किया है। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।

# होलिका दहन को लेकर गांव के कुछ लोगों द्वारा दूसरे स्थान पर होलिका दहन जलाने को लेकर विवाद

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

## मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को भेजा गया शिकायती पत्र

**अम्बेडकर नगर ।** जनपद के जलालपुर तहसील अंतर्गत कान्दीपुर गांव में स्थित होलिका दहन हेतु सुरक्षित दर्ज खतौनी भूमि गाटा संख्या-1133 क मि /0.210हे0 मे 0.0190हें0 के बजाय विपक्षी गढ़ के प्रभाव व धन उगाई कर जिला स्तरीय अधिकारी की निष्क्रियता के कारण उप जिलाधिकारी जलालपुर एवं तहसीलदार जलालपुर द्वारा1115 ख मे होलिका दहन के लिए साफ सफाई करने से रोकते हुए सुरक्षित होलिका दहन भूमि पर ही होलका दहन कराए जाने के संबंध में प्रभावी आदेश है।होलिका दहन हेतु सुरक्षित और खतौनी अभिलेख में दर्ज है इसमें काफी समय से उनका दहन का कार्य होता चला रहा है। उक्त भूमि को राजेश प्रशासन द्वारा पुलिस बल के साथ पैमाईश आदि की प्रक्रिया पूर्ण कर वर्ष 2019 में पिलर लगाया गया था। सुरक्षित होलिका दहन भूमि को गांव के सर्वेश नारायण पुत्र बैद्यनाथ रूप नारायण पुत्र बैद्यनाथ द्वारा जबरन तीन पिलर को उखाड़कर उक्त होलिका भूमि पर अपना ट्रैक्टर ट्राली पुआल, आदि रखकर अवैध कब्जा किए हैं,मना करने पर फौजदारी के लिए अमादा है। होलिका दहन सुरक्षित भूमि मे 2द्व3 फरवरी बसंत पंचमी के पूर्व अतिक्रमण का अवैध अतिक्रमण खाली करने हेतु होलिका स्थापित किए जाने हेतु उप जिलाधिकारी जलालपुर एव जिला अधिकारी अपर जिलाधिकारी अंबेडकर नगर को प्रार्थी गण प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया उल्टे उजाला अधिकारी एवं तहसीलदार जलालपुर द्वारा दूसरी भूमि गाटा संख्या 1115 ख मे होलिका दहन हेतु साफ सफाई कराया जा रहा है, जो पूर्णतः अवैधानिक है। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेज कर किया है।

# 07 फरवरी से 14 केन्द्रों पर शुरू होगी एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा

## सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी एलएलबी परीक्षा

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 07 फरवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगी। इन दो पालियों की परीक्षा के लिए विभिन्न जनपदों में कुल 14 केन्द्र बनाये गए है जिसमें 21,603 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी की गई। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में एलएलबी सेमेस्टर की परीक्षा कराई जायेगी। पारदर्शीपूर्ण परीक्षा के लिए सभी केन्द्रों को सूचित किया गया है। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से बताया कि विवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों के एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 07 फरवरी से 14 केन्द्रों पर शुरू हो रही है जो 14 फरवरी तक चलेगी। दो पालियों की एलएलबी परीक्षा में 21,603 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनमें एलएलबी त्रिवर्षीय में 15,614 व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा में 5989 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 1:30 से सायं 4:30 बजे तक होगी। इस परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर दिया गया है। सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न कराई जायेगी।

# मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर तैयारी पूर्ण, मतदान आज




**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए राजकीय इंटर कॉलेज से 414 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां पहुची कड़ी सुरक्षा के बीच पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया । 3 लाख 70 हजार 829 मतदाता 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। प्रमुख रूप से भाजपा के चंद्रभानु पासवान और सपा के अजीत प्रसाद चुनाव मैदान में है। 210 मतदेय स्थलों की वेब कास्टिंग होगी,25 मत देय स्थल की वीडियोग्राफी होगी, 71 मतदान केंद्र पर माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए है,09 टीम उड़न दस्ता, 09 टीम स्टेटिक निगरानी टीम, 06 टीम वीडियो निगरानी, दो सुपर जोनल मजिस्ट्रेट,04 जोनल मजिस्ट्रेट 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात होंगे, सिविल पुलिस पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ मतदान संपन्न कराए जाएंगे। 3 लाख 70 हजार 829 मतदाता 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे जिसमे 1 लाख 92 हजार 984 पुरुष मतदाता,1 लाख 77 हजार 838 महिला मतदाता,सात थर्ड जेंडर भी करेंगे मतदान,विधानसभा क्षेत्र में 4811 नए युवा मतदाता,विधानसभा में है 255 मतदान केंद्र,414 मतदेय स्थल है।

# सरकारी किताबें कबाड़ी को बेचने के मामले में प्राथमिक स्कूल का शिक्षक सस्पेंड

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** सरकारी शिक्षक द्वारा प्राथमिक विद्यालय की नई किताबें कबाड़ी को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने आरोपी शिक्षक अजय भास्कर को निलंबित कर दिया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब लंभुआ कस्बे में एक कबाड़ की दुकान पर 11 बोरी सरकारी किताबें बिक्री के लिए रखी मिलीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने तुरंत कार्रवाई की और किताबें बेच रहे ई-रिक्शा चालक को पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि किताबें बूधापुर निवासी कृष्ण कुमार अग्रहरि के माध्यम से भदैया ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय केनौरा में कार्यरत इंचार्ज हेडमास्टर अजय भास्कर द्वारा बेची गई थीं। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है।

# यूपीयूएमएस में विश्व कैंसर दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम




**सैफई ( इटावा )।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के रेडिएशन ऑकोलॉजी तथा ईएनटी विभाग द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर इस वर्ष की थीम ''यूनाइटेड बाय यूनिक'' को केन्द्र में रखकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें सामान्य ओपीडी के ईएनटी विभाग तथा सुपर स्पेशियलिटी 500 बेडेड् अस्पताल की रेडिएशन ऑकोलॉजी विभाग द्वारा ओपीडी में मरीजो को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर रेडिएशन ऑकोलॉजी विभाग द्वारा एकदिवसीय सतत् चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) का आयोजन भी किया गया जिसमें मैक्स हास्पिटल, लखनऊ के वरिष्ठ कन्सलटेंट, मेडिकल ऑकोलॉजी डा0 नीरज अग्रवाल ने व्याख्यान दिया। इसके अलावा सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी में 10 गंभीर कैंसर पेसेंट जो इलाज से कैंसर को हराने में सफल हुए को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मरीजों को तम्बाकू छोड़ने के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डा0) पीके जैन के अलावा प्रतिकुलपति डा0 रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष चिकित्सा डा0 आदेश कुमार, कुलसचिव डा0 चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा0 एस0पी0 सिंह, ओपीडी प्रभारी डा0 गणेश कुमार वर्मा, सुपर स्पेशियलिटी 500 बेडेड् ओपीडी से विभागाध्यक्ष रेडिएशन ऑकोलॉजी डा0 कैलाश मित्तल फैकेल्टी डा0 प्रभा वर्मा, डा0 अतुल मिश्रा, डा0 सिद्धार्थ कुमार डा0 अर्पित द्विवेदी तथा जनरल ओपीडी ईएनटी विभाग से विभागाध्यक्ष डा0 जितेन्द्र चौहान फैकेल्टी डा0 रितु गुप्ता, डा0 संजीव यादव, डा0 तेजस्वी गुप्ता, डा0 ज्योति वर्मा, सीनियर एवं जूनियर रेजिडेंट्स, एमबीबीएस स्टूडेन्ट्स आदि ने भाग लिया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सनातन के हिसाब से मनाई गई बसन्त पंचमी

**सिधौली-सीतापुर।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर मीरनगर मैं बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों का पाठी पूजन कार्यक्रम कराया गया वहीं स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत प्रस्तुत किये गये । विद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर माता सरस्वती व भारत माता की पूजन अर्चना कर हवन किया गया इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी अभिभावकों से निवेदन है कि विद्यालय उन्नत के लिए सहयोग करें और अपने बच्चों को प्रवेश कराए व अच्छी शिक्षा दिलाये।वही इस अवसर पर विद्यालय में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को स्वर्गीय राजरानी विश्वनाथ मानव सेवा संस्थान के द्वारा एक एक साइकिल उपहार स्वरूप भेंट की गई संस्था व विद्यालय के प्रबंधकधीरज कुमार शुक्ला ने कहा कि हर वर्ष संस्था द्वारा विद्यालय में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की जाएगी प्रबंधक के द्वारा विद्यालय में प्रधानाचार्य व शिक्षक शिक्षकों को बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय की ड्रेस उपहार स्वरूप भेंट की गई और घोषणा की गई की इस वर्ष अप्रैल माह से विद्यालय में कक्षा 6 मैं प्रवेश लिए जाएंगे। जो बच्चे कक्षा 5 पास करने के बाद दूर गांव से बाहर कक्षा 6 में प्रवेश लेकर पढ़ने जाते थे अब उन बच्चों को अपने विद्यालय में ही कक्षा 6 में प्रवेश मिल जाएगा। स्व राजरानी विश्वनाथ मानव सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष अजितेश कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी सिखाती है आप कहीं भी किसी भी अधिकारी के पास चले जाएं उसे अधिकारी की बातचीत से दूर से ही पता चल जाता है कि वह सरस्वती शिशु मंदिर का छात्र रह चुका है। उन्होंने संबोधन में यह भी कहा कि अब संस्था समय-समय पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करावेगी जिससे बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा निकल कर सामने आएगी और बच्चे समाज में अपना एक अलग स्थान बनाने में सफलता हासिल करेंगे।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकाधिक लोगों की स्क्रीनिंग करते हुए जांच कर आवश्यकतानुसार दिया जाए उपचार

फोटो सहित

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

*औरैया 04 फरवरी 2025। जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में विस्तार पूर्वक समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी संबंधित अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए ईमानदारी के साथ हर जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायें।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 10 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत जनपद के समस्त विद्यालयों एवं आँगनवाडी केन्द्रों पर 01 वर्ष से 19 वर्ष के समस्त बच्चों को कृमि नाशक गोली (एल्बेंडाजॉल ) खिलायी जायेगी तथा 10 फरवरी 2025 को छूटे हुए बच्चों को मॉअप दिवस दिनांक 14 फरवरी 2025 को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलायी जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आई0सी0डी0एस0 को निर्देशित किया गया कि उक्त दिवस पर शतप्रतिशत बच्चों को दवा खिलायी जाये, साथ ही कार्यक्रम के पूर्व अभिभावकों को जानकारी प्रदान करते हुए उनसे आवश्यकतानुसार सहमति भी ले ली जाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त विद्यालय समय से खुले एवं बच्चों की उपस्थिति




सुनिश्चित करायी जाये तथा एम0डी0एम0 बनवाया जाये। नोडल अधिकारी डा0 शिशिर पुरी के द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय समस्त गतिविधियाँ पूर्ण करा ली गयी है। जनपद में लगभग सात लाख बच्चों को दवा खिलाये जाने का लक्ष्य है, इस हेतु दवाएं ब्लाकों को उपलब्ध करा दी गयी है। साथ ही प्रत्येक ब्लाक पर दो रैपिड रिस्पान्स टीम का गठन किया गया है, किसी भी तरह की प्रतिकूल प्रभाव होने पर नोडल अधिकारी के मोबाइल नम्बर 9450351277 अथवा एम्बुलेन्स हेतु 108 नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है, इस हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम की भी स्थापना की जा रही है तथा ब्लाक पर कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी 2025 से चलाया जा रहा है जो 13 फरवरी 2025 तक कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा के रूप में संचालित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत जनपद में 48 स्थानों पर जागरुगता एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा 04 नये मरीज खोजे गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अभियान के तहत समस्त ग्रामों में प्रचार-प्रसार किया जाये तथा नये खोजे गये रोगियों को ससमय उपचार प्रदान किया जाये।

साथ ही राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 डेज कैम्पेन जनपद में चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत असुरक्षित श्रेणी (ङ्खह्वद्यठ्ठद्दह्लड्डह्वद्यद्द) व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर उनकी जाँच कराना तथा उनका अविलम्ब उपचार शुरू कराने का लक्ष्य है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक व्यक्तियों की टी0बी0 सम्बन्धित स्क्रीनिंग की जाये तथा उनकी जाँच कर आवश्यकतानुसार उपचार शुरू किया जाये। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम में कम उपलब्धि को लेकर जिला क्षय रोग अधिकारी की कार्यप्रणाली पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सुधार कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि ज्यादा से ज्यादा प्रसव सरकारी इकाईयों पर कराये जाये तथा क्षेत्रीय नोडल अधिकारी द्वारा नियमित समीक्षा की जाये। मातृ मृत्यु की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विगत माहों में हुए मातृ मृत्यु की समीक्षा क्षेत्रीय नोडल अधिकारी द्वारा की जाये तथा आगामी बैठक में आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्टाफ नर्सों की ट्रेनिंग करायी जाये तथा ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये जिससे मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सके। पोषण पुनर्वास केन्द्र पर कुपोषित बच्चों की कम भर्ती के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा सी0डी0पी0ओ0 को चेतावनी देते हुए आदेशित किया कि ऑगनवाड़ियों के माध्यम से अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण करते हुए उन्ज

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रत्येक ग्राम सभा में विकास कार्य का पत्थर बिना भेदभाव के लगेगा :ब्लॉक प्रमुख रावेन्द्र गर्ग

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

कमासिन बांदा 4 फरवरी क्षेत्र पंचायत कमासिन की विकास कार्यों की प्रस्तावित बैठक सभागार में क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष रावेंद्र गर्ग ने सदन में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम पंचायत के प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत की प्रत्येक ग्राम पंचायत में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य सरकार की मंशानुसार कराकर विकास कार्य को प्रदर्शित करने वाला पत्थर जरूर लगेगा। यह संकल्प मेरे द्वारा शपथ ग्रहण के दौरान लिया गया था जो क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण है। इसमें उपस्थित ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है ।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र गर्ग, खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश द्विवेदी के साथ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ बैठक की शुरुआत की। बैठक का संचालन




योगेंद्र कुमार ग्राम विकास अधिकारी ने करते हुए 11 जुलाई की बैठक में पारित विकास कार्यों की प्रगति को पढ़कर सदन को अवगत कराया। बैठक में ब्लॉक प्रबंधक भारत द्विवेदी ने स्वयं सहायता समूहों के गठन ग्राम संगठन से जुड़कर सीसीएल खाता में प्राप्त धन से महिलाओं को स्वरोजगार, ब्यूटी पार्लर ,भैंस पालन, बकरी पालन का लघु उद्योग स्थापित कर लखपति दीदी महिलाओं के बनने की जानकारी दी ।समाज कल्याण विभाग के जगत नारायण ने वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन सहित कन्या सुमंगला योजना शादी अनुदान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 7 फरवरी को बांदा पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में आयोजन के बारे में बताया। प्रोबेशन अधिकारी बांदा ने बाल सेवा योजना के लाभ को बताया। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक ने आयुष्मान कार्ड योजना सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर भी चर्चा की ।बाल विकास परियोजना अधिकारी राम प्रकाश ने 178 आंगनबाड़ी केंद्रो में पंजीकृत जीरो से 5 वर्ष के बच्चों, गर्भवती धात्री माता को पोषण टेकर ऐप में ऑनलाइन हुए बच्चों को पोषाहार वितरण जिला अधिकारी बांदा के आदेश पर अक्टूबर माह का ग्राम प्रधान सदस्यों की उपस्थिति में किए जाने की जानकारी दी। इस पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष सुनील यादव, ग्राम प्रधान बंथरी ,ग्राम प्रधान मऊ ने पोषाहार वितरण का आरोप लगाया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजकुमार से प्रधान बंथरी ने स्कूलों में शिक्षा के गिरते स्तर का आरोप लगाते हुए शीघ्र निरीक्षण की अपेक्षा की ।पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश सिंह ने पशुपालन, गोपालन, बकरी पालन योजना के साथ पशुओं का टीकाकरण करने संबंधी जानकारी दी। एल एंड टी के अवर अभियंता निशांत मिश्रा को अपनी बात रखने पर बैठक में उपस्थित प्रधानों के आक्रोश का सामना करना पड़ा ।प्रधानों ने जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डालने पर तोड़ी गई सड़कों ,आम रास्तों को शीघ्र ठीक न करने ,घर-घर पीने का पानी न मिलने का आरोप लगाया ।आपूर्ति विभाग के अजय शुक्ला ने सरकार द्वारा अंत्योदय पात्र गृहस्थी राशन कार्डों के संदर्भ में सदस्यों को बताया। ग्राम प्रधान मऊ ने राशन कार्ड बनाने में हो रही दलाली को रोकने के साथ ग्राम पंचायत में बैठक के साथ पात्र चयनित लाभार्थियों का राशन कार्ड बनाये जाने को वरीयता देने को कहा। खंड विकास अधिकारी कमासिन ने ग्राम पंचायत में नमामि गंगा योजना के सड़कों की खुदाई कार्य की गुणवत्ता का शीघ्र निरीक्षण करके पीएम आवास सर्वे सहित पीएम फार्मर रजिस्ट्री कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने की सदन से अपेक्षा की ।उक्त कार्य में कोई समस्या होने पर संपर्क कर शिकायत की जानकारी देने के लिए भी कहा गया ।अपने अध्यक्षीय संबोधन में ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र गर्ग ने कहा कि आवास सर्वे में कोई पात्र परिवार न छूटे, सरकार जल जीवन मिशन पर सक्रियता से कार्य कर रही है। गरीबी रेखा के लोगों को राशन कार्ड बनाने में पूरा सहयोग किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायत में विकास कार्य के पत्थर, विकास कार्य बिना भेदभाव के शासन से निधि आने पर करने को कहकर बैठक समापन की घोषणा की।

# अधिकारियों के प्रयासों से आईजीआरएस रैंक में हुआ सुधार : डीएम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता**

बाराबंकी,। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन-शिकायत पोर्टल आईजी आरएस के निस्तारण सम्बन्धी जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री धर्मेंद्र उपाध्याय ने जिलाधिकारी को आईजीआरएस सम्बंधी शिकायतों के निस्तारण की जानकारी देते हुए बताया कि जन-शिकायतों के निस्तारण में 127 अंकों के साथ जिले को प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।



इससे पहले जिले की 16 वीं रैंक थी। जिस पर जिलाधिकारी ने विभाग के अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जन-शिकायतों के निस्तारण को लेकर आप लोगों द्वारा किये जा रहे प्रयास सफल हो रहे है। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने जेनेस्मा डिग्री कालेज का किया निरीक्षण, साफ-सफाई के दिये निर्देश

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता**

**बाराबंकी,** जिलाधिकारी बाराबंकी श्री शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (जेनेस्मा) का निरीक्षण किया। कॉलेज में छात्रों की उपस्थिति कम होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पठन-पाठन के लिये बनाये टाइमटेबल को देखा। इसके अलावा कॉलेज में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी, परीक्षा भवन, विज्ञान प्रयोगशाला, सहित



संपूर्ण कॉलेज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी में रखी निष्प्रयोज्य वस्तुओं को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही कॉलेज परिसर सहित कक्षा-कक्षों की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कैंपस में बने अनुसूचित जाति आवासीय छात्रावास का भी निरीक्षण किया। छात्रावास में निर्माणाधीन शौचालय और पेयजल की समस्या को अविलंब दूर करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने छात्रों से बातचीत की और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम श्री आर जगत साईं, जेनेस्मा कॉलेज के प्राचार्य डॉ सीताराम सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कॉलेज का स्टॉफ उपस्थित रहा।

# फिरौती के लालच में दोस्तों ने ही कर दी थी तरुण की हत्या, आठ घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

## परिजनों के साथ करते रहे ढूंढने का नाटक

## शव को बोरे में भरकर फेंक दिया नाले में

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** सोमवार को घर से सर्विस के लिए होंडा शोरूम पर खड़ी स्कूटी को लेने गये किशोर का शव हाईवे पर नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। किशोर की हत्या उसके ही दोस्त ने अपहरण की फिरौती वसूलने के लिए की थी। पुलिस ने चारों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। डीआईजी ने बताया कि साहिल से पूछताछ में बताया अमीर एक नम्बर के पैसे से नहीं बनते है हर अमीर के पीछे कोई न कोई मकसद है।



मंगलवार को पुलिस लाइन की सभागार में डीआईजी/एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सोमवार को गोविंद नगर के लाल दरवाजा पुराना जवाहर स्कूल निवासी मृतक तरुण के पिता योगेश ने थाने पर बेटा गुम और अपहरण होने का अंदेशा व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर एसपी सिटी के निर्देशन में सीओ सिटी और प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए छानबीन में जुट गए। परिजनों से जानकारी के बाद पुलिस ने मृतक के दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। उनकी निशान देही पर आगरा दिल्ली हाईवे स्थित राजीव एकेडमी के समीप नाले से तरुण का शव बरामद किया है।

डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि अभियुक्त कुश द्वारा अपने मित्र साहिल हर्ष व लव के साथ मिलकर योजना बद्ध तरिके से रुपये कमाने की लालच में सोमवार को तरुण का अपहरण करने के उद्देश्य से महाविघा में अपने मकान में पार्टी करने के बहाने से बुलाया तथा साहिल की मोटरसाईकिल से कुश और हर्ष तरूण को बैठाकर निवाड वाली फैक्ट्री के पीछे से लियाकत पैलेस के सामने वृन्दावन रोड तथा आगे से गली के माध्यम से गुरूद्वारा गोकुल रेस्टोरेन्ट की ओर से महाविद्या में लव और कुश के मकान में जहाँ कोई नही रहता है में ले आये जहाँ साहिल व लव पहले से ही मौजूद थे। बहाने से तरूण का मोबाइल फोन ऐलाईट स्कूल के पास ले जाकर स्विच ऑफ कर दिया जिससे लव व कुश के घर की लोकेशन न आये तथा वापस घर आकर तरूण के परिवार से फिरौती मांगने की योजना बनाने लगे तो तरूण को शक हो गया वह भागने की कोशिश करने लगा और चिल्लाने लगा तो उसको अन्दर वाले कमरे में पटक दिया और चारों ने मफलर से गला घोटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद चारो ने शव को बांधकर छोटा कर दिया गया ताकि लोगों को शंका न हो तथा प्लास्टिक की लाल रस्सी से बांधकर 02 जूट के बोरों में रखकर ऊपर से खाखी कार्टून मे रखकर सफेद रस्सी से बांधकर साहिल व लव द्वारा मोटर साइकिल पर रखकर मसानी लिंक रोड होते हुए राजीव अकेडमी के किनारे मुख्य मार्ग से लगभग 200 मीटर अन्दर नाले में फेंक दिया था तथा तरूण के घरवालों के साथ आकर उसको ढूँढवाने का नाटक करने लगे तथा पुलिस की गतिविधियों पर ध्यान दे रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

# नशे में धुत होकर दबंग ने मां बेटे को पीटा : केस दर्ज

कौशाम्बी ।जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव के रहने वाले लल्लू निषाद पुत्र धर्मपाल निषाद ने थाना में शिकायती पत्र देकर केस दर्ज कराया है। उसने बताया की रविवार की रात्रि आठ बजे गांव के ही रहने संदीप उर्फ लाला पुत्र लल्लू घरेलू विवाद को लेकर अनावश्यक रुप से बिना कुछ कहे सुने शराब के नशे मे धुत होकर जबरन घर मे घुस आया और लाठी डन्डो से सर पे हमला कर दिया ।हमले से सर में गंभीर चोटें आई हैं ।बीच बचाव करने पहुंचे लौकुश को भी जमकर मारे पीटे। इसके साथ ही जान से मारने की धमकियां देते हुए भाग गया ।मंगलवार को महेवा घाट पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच पकड़ताल में जुट गई है।

# भवन निर्माण कामगार यूनियन जिला रजि 1425 संबधित सीटू बलॉक कमेटी पिल्लू खेड़ा का 7 वां सांगठनिक सम्मेलन गांगोली गांव की धानक चौपाल में संपन्न

केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा

मनोज गांगोली और अशोक ढाठरथ की संयुक्त अध्यक्षता में संपन हुवा । सम्मेलन का संचालन राजेश भम्बेवा और राजेंद्र गांगोली ने किया, सम्मेलन पिल्लू खेड़ा ब्लॉक के यूनियन की ग्राम स्तर की इकाईयो से 40 प्रतिनिधियों ने लिया भाग।आज सबसे पहले भवन निर्माण कामगार यूनियन के पिल्लू खेड़ा ब्लॉक के केशीयर राजेश भंभेवा ने यूनियन का झंडा रोहन किया

सबसे पहले अनेको मुख्य लोगो को , अनेको दुर्घनाओं व अन्य तरिके से पिछले 3 वर्षो के दौरान मारे गए लोगों का शोक प्रस्ताव रखा गया और 2 मिनट का मोन धारण करते हुए श्रंदाजली दी।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यूनियन के राज्य और जिला जींद के सचिव कपूर सिंह ने कहा इस देश और हरियाणा की तस्वीर बदलने वाले निर्माण मजदूरों कारीगरो की हालात दयनीय है जंहा पर यह मजदूर रहता है वंहा की वंहा अमाजन को मिलने वाली सुविधाओं का टोटा है। आम बजट में भी केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमन ने देश भर के मजदूरों के लिए कोई घोषणा नही की, आगे बोलते हुए कहा कि ने बताया कि हरियाणा सरकार का भ्रष्टाचार खुलकर सबके सामने आया है लेकिन भ्रष्टाचार कि सजा निर्माण मजदूरों को अपना पंजीकरण रद्द करवाने के रूप में भुगतनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन लंबे समय से बोर्ड से मिलने वाले लाभ व 90 दिन की वेरिफिकेशन में फैले भ्रष्टाचार को उजागर करती रही है। विभाग की ओर से अधिकारियों व भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्यवाही करने की बजाए कल्याण बोर्ड से अकेले जींद जिले के 32 हजार मजदूरों का पंजीकरण ब्लॉक कर दिया है। इसी प्रकार अन्य जिलों का पंजीकरण रद्द करने की तैयारी की जा रही है जिसे कतई बर्दाष्त नही किया जाएगा और अतं में सफल सम्मेलन की बधाई दी और अपना बात खतम की।

ब्लॉक सचिव बलराज ने सम्मेलन में रिपोर्ट पेश की सम्मेलन में आए हुए डेली गेट साथियों ने रिपोर्ट ने बहस



करते हुए अपने सवाल जवाब किया और रिपोर्ट को पास किया

यूनियन के जिला सहसचिव राधेश्याम कहा की देश और प्रदेश में निर्माण सामग्री व जमीनों के आसमान छूती कीमतों के खिलाफ बात रखते हुए कहा की निर्माण सामग्री मंहगी होने के कारण आज हरियाणा में निर्माण मजदूरों और कारीगरो को ओस्तन दिहाड़ी महीने में 15 से 20दिन ही मिल पाती है। देश व प्रदेश पिछले 10 वर्षों के सता पर काबिज भाजपा सरकार के आने से लेकर अब तक आम जनता की गाढ़ी खून पसीने से खड़े किए गए सार्वजनिक क्षेत्र बैंक, बीमा, रेलवे, परिवहन, टेलीकॉम, डाकखाना, बिजली, सड़के, एयरपोर्ट, कृषि से जुड़े, कारखाने, पेट्रोलियम आदि और यहां तक की अस्पताल स्कूल कॉलेज या तो बेच रहे हैं या उनको ठेके पर दिया जा रहा है। जिससे आम जनता को सस्ती सुविधा और पढ़े-लिखे युवाओं को पक्का रोजगार मिलना था आज भाजपा सरकार इन सबको पूंजीपतियों के हवाले करने जा रही है। कृषि क्षेत्र में सरकारी निवेश नहीं होने से कृषि घाटी का सौदा बनकर रह गया है भारी संघर्षों के दम पर बने श्रम कानूनों को पूंजी-पत्तियों के हक में चार लेबर कौड में समाहित कर दिया है। सीधा-सीधा असर पढ़े लिखे युवाओं के खेत मजदूरों व असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों पर पढ़ना लाजमी है। दूसरी तरफ रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल या जरूरत की अन्य चीजों को महंगा होने से आम लोगों को जीना मुश्किल हो गया है पूंजीवादी राजनीतिक पार्टियों देर सवेर जातीय, धार्मिक भावनाओं को भड़काकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकती रहती है। भाजपा इनमें सबसे आगे है और बार-बार मंदिर, मस्जिद, मुसलमान, हिंदू का मुद्दा उछालती रहती है जिसके अनेको उदाहरण हमारे सामने है जिसकी वजह से पूंजीवादी राजनीतिक पार्टियों बारी-बारी चेहरा बदल कर सता पर बनी रहती है जिस पर हमें विचार करना होगा। इस प्रकार देश व प्रदेश में माहौल खराब होने या भाईचारा बिगड़ने से महिलाओं, बच्चियों, दलितों पर हमले में बढ़ोतरी हुई है।सम्मेलन में सर्वसमित से 11 सदस्ययी ब्लॉक कमेटी का चुनाव सर्वसमिति से किया गया जिसमे मनोज मिस्त्री को ब्लॉक प्रधान, राजेश भंभैवा को ब्लॉक सचिव, राजेंद्र गांगोली को केशीयर चुना गया,अशोक ढाठरथ को उपप्रधान, बलराज मोरखी को सहसचिव, बंटू गांगोली, कृष्ण पिल्लुखेड़ा, अलीजान भंबेवा को कमेटी सदस्य चुना गया, तीन स्थान खाली रखे गए । यूनियन के राज्य सचिव व जींद के केशीयर संदीप जाजवान ने समापन भाषण देते हुए।

# भारत में पैदा होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सबको एक समान अधिकार हो एक झंडा एक निशान एक विधान एक संविधान हो

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जयदेव यादव ब्यूरो चीफ**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने पहुँचे कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्ण ने मीडिया से बात की, इस दौरान मीडिया के सवालों के जवाब में कई बयान दिए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह हमारे देश की विडंबना है हमारे देश में कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें ना भारत से प्यार है ना भारत माता से,, ना भारत की संस्कृति से हैं,, ना भारत के संस्कारों से है,, जो हिंदुस्तान के लिए भी खतरनाक है और सनातन के लिए भी खतरनाक है उन्हें कुंभ में जो करोड़ों लोगों की आस्था है वह दिखाई नहीं दे रही है उन्हें सिर्फ आलोचना दिखाई दे रही है यह दुर्भाग्यपूर्ण है महाकुंभ हमारी आस्था का महापर्व है महाकुंभ सनातन का महापर्व है महाकुंभ पूरी दुनिया का एक ऐसा महान आयोजन है जहां 40 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान करते हैं और श्रद्धा के हिसाब से पूजा करते हैं अर्चना करते हैं उसे पर हमला करना भारत की संस्कृति पर हमला करना है यह भारत के संस्कारों पर हमला करना है यह सनातन पर हमला है।

**सवाल:- जया बच्चन ने महाकुम्भ को लेकर बयान दिया कि वहां हज़ारों लोग मारे गए ....**

**जवाब :** जया बच्चन से अब तक अमिताभ बच्चन दुखी थे अब पूरा सनातन दुखी हो जाए वह ऐसा प्रयास कर रहे हैं पूरी भारत की संसद उनसे दुखी है मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि जया बच्चन को सद्बुद्धि दे उनकी आस्था विश्वास और श्रद्धा जिस तरह वह एक बड़ी कलाकार रही है एक अच्छी पार्लियामेंट्रियन हैं उसी तरह तरह एक अच्छे सनातनी की तरह व्यवहार करें। नास्तिक और वामपंथियों की तरह व्यवहार ना करें।



**सवाल : वक्फ़ बोर्ड को लेकर ओवेशी कह रहे हैं कि बिल पास हुआ तो बुरा होगा**

**जवाब :** असदुद्दीन ओवैसी इस देश को तोड़ना चाहते हैं ओवैसी बहुत ही पढ़े-लिखे और विद्वान वकील हैं देश की संसद के सम्मानित सदस्य हैं लेकिन अफसोस उनके अंदर कुछ दिनों से जिन्ना की रूह घूम रही है ओवैसी अपने भीतर से जिन्ना की रूह को निकाले और अगर जिन्ना की रूह को नहीं निकाल पाते हैं तो तो पाकिस्तान में जाकर वह सियासत करें वहीं पर जाकर चुनाव लड़े।

**सवाल : उत्तराखंड के बाद गुजरात मे छ्ष्ट बिल पास होने की तैयारी है।**

**जवाब :** पूरे देश में छ्ष्ट लागू होना चाहिए भारत में पैदा होने वाला प्रत्येक व्यक्ति एक समान होना चाहिए हिंदुस्तान के मुस्तकबिल के लिए भारत के भविष्य के लिए यह बहुत जरूरी है

# लोगों ने लगाया आरोप, जेके सीमेंट प्लांट की वजह से आसपास फैल रहा प्रदूषण

## प्रदूषण की वजह से सूख रहे हैं पेड़, खराब हो रही हैं फसलें , लोगों को नहीं दी रोजगार में वरीयता

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**प्रयागराज शनि कुमार यादव**








**शंकरगढ़ ।** क्षेत्र के गाढ़ा कटरा लेदर के पास लगे जेके सीमेंट प्लांट की वजह से पूरे क्षेत्र में दिन प्रतिदिन प्रदूषण फैलता जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि सीमेंट प्लांट की वजह से अगल-बगल के पेड़ पौधे सूख रहे हैं तथा फसलों को भी नुकसान हो रहा है।

बता दें कि लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से 20 लाख टन हर साल की उत्पादन क्षमता वाली सीमेंट इकाई प्रयागराज के बारा तहसील से लेदर गांव में लगाई गई है। अगस्त 20124 में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने वर्चुअल माध्यम से इसका उद्घाटन भी किया था और उसे समय संभावना जताई गई थी कि अब क्षेत्र का विकास होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। लेकिन लोगों की माने तो कंपनी का उत्पादन चालू तो हुआ लेकिन अनुमान से उलट नतीजे सामने आने लगे। कंपनी से उठने वाले डस्ट और प्रदूषण की वजह सेअगल-बगल के खेतों में बोई गई फसलों को नुकसान होने लगा। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि मेरा पेड़ कंपनी के डस्ट की वजह से पूरी तरह से सूख गया। देखा गया कि कंपनी के पीछे मौजूद किसानों के पेड़ों पर पूरी तरह से डस्ट जमा हो रही है। सीमेंट कंपनी से निकलने वाले वाहनों से हो रहे प्रदूषण से आम लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। कंपनी की तरफ से ना तो टैंकर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है ना तो ग्रीन बेल्ट का निर्माण किया जा रहा है । लोगों ने बताया कि इस कंपनी से हम लोगों को फायदा तो नहीं लेकिन नुकसान जरूर हो रहा है।

# न्यू सेंट्रल एकेडमी में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती जी की पूजा का आयोजन किया गया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव**







इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक अंकुश मिश्रा, प्रिंसिपल अजय गुप्ता, दीपक केशरवानी, स्टाफ निकिता पाण्डेय, अनुराधा सिंह, रेनू यादव, अमन तिवारी, क्षमा त्रिपाठी, संध्या सिंह, वंदना दुबे सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों ने मां सरस्वती जी की पूजा-अर्चना की और ज्ञान की देवी से आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबन्धक अंकुश मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि मां सरस्वती जी की पूजा से हमें ज्ञान और बुद्धि की प्राप्ति होती है। विद्यालय के प्रिंसिपल अजय गुप्ता ने कहा कि इस आयोजन से हमारे छात्रों को हमारी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन विद्यालय के परिसर में संपन्न हुआ और सभी ने इसे बहुत ही भक्ति और उत्साह के साथ मनाया।

# श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट में पीताम्बरा बंगलामुखी यज्ञ हुआ

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जयदेव यादव ब्यूरो चीफ**
**मुरादाबाद**



आज श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट में प्रात: कालीन सत्र में माँ पीतांबरा बगलामुखी यज्ञ हुआ जिसमे मुख्य यजमान पुनीत बंसल श्वेता बंसल रहे शरद सिन्हा (नोएडा)अर्चित खन्ना के के गुप्ता उमेश सैनी उपस्थित रहे साथ ही एक यज्ञ हिंदू राष्ट्र के नाम हुआ जिसमे मुख्य अतिथि आचार्य प्रमोद कृष्णम एव संघ प्रचारक बृजमोहन जी रहे अविनाश गुप्ता अमित गुप्ता जयदेव यादव सुभाष शर्मा उपस्थित रहे महायज्ञ श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी जी के निर्देशन महायज्ञ संचालक आचार्य कामेश्वर मिश्र पंडित तेजनारायण पंडित जगदंबा प्रसाद द्वारा संपन्न हुआ ।

आज सांय कालीन सत्र में बाल व्यास देवी देविका दीक्षित ने श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता के प्रसंग का भावपूर्ण वाचन किया। कथावाचन के दौरान सुदामा चरित्र, बृज की फूलों की होली, सुखदेव विदाई का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि हमेशा धर्म के मार्ग पर चलें। कर्म करो, लेकिन फल की इच्छा मत करो। कर्म करने वाले को उचित फल अवश्य मिलता है। उनके बताएं सच्चाई के रास्ते पर चलने वाला भक्त जीवन में कभी हार का सामना नहीं करता है। सुदामा चरित्र का बखान करते हुए कहा कि संसार में मित्रता भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर वे एक दूसरे को भूल भी जाते हैं। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। भगवान से बनाए गए वह रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाएगा। उन्होंने श्रीकृष्ण व सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि स्वाभिमानी सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा कृष्ण का चितन और स्मरण नहीं छोड़ा। जिसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया। कथा के अंत में बृज की फूल होली खेली गयी इसी के साथ कथा को विश्राम दिया गया ।मंच संचालन राजीव अग्रवाल मल्लू अवनीत सक्सेना ने किया इस अवसर पर संरक्षक के के गुप्ता अध्यक्ष अंरविद अग्रवाल सुधीर श्रीवास्तव अवनीत सक्सेना दिनेश अग्रवाल विपिन अग्रवाल वरुण नरेश सक्सेना मुकेश दत्त कौशिक विकास ममगाईं तनु सम्राट अतुल सोती प्रणीत गुप्ता भावना गुप्ता गुंजन अनुराधा तोमर प्रिया सक्सेना पूनम सक्सेना रहे राजीव अग्रवाल मल्लू

# मुरादाबाद में चलते-चलते गिरे सिपाही ने दम तोड़ा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जयदेव यादव ब्यूरो चीफ**



मुरादाबाद मैं सुबह ट्रेन से उतरे थे आबकारी विभाग के आरक्षी संदीप जमीन पर गिरने के बाद फिर उठे नहीं मुरादाबाद में आबकारी विभाग के एक आरक्षी की अचानक चलते-चलते मौत हो गई। ट्रेन से उतरकर रेलवे स्टेशन से बाहर आ रहे सिपाही अचानक नीचे गिरे, फिर उठे नहीं। उन्हें आसपास के लोगों ने हिलाने डुलाने की कोशिश की। लेकिन उनके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने चेक कराया तो पता चला कि सिपाही की मौत हो चुकी है।

मुरादाबाद में सदर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन गेट नंबर 2 पर सहारनपुर ट्रेन से उतरे आबकारी विभाग के सिपाही की अचानक हई मौत से रेलवे स्टेशन पर हडकंप मच गया। संदीप सिंह (40साल) पुत्र मनीराम सिंह मऊ के नई बस्ती के रहने वाले थे।

जीआरपी का कहना है कि संदीप आबकारी विभाग में मुख्य आरक्षी थे। उनकी तैनाती इन दिनों संभल जिले के गुन्नौर में थी। परिजनों को जीआरपी की ओर से इस हादसे के बारे में सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। संदीप मंगलवार की सुबह सहारनपुर से ट्रेन से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर सुबह करीब 10ः30 बजे उतरे थे। स्टेशन से उतरने के बाद वो घर के लिए निकले। गेट नंबर 2 से निकलते समय वो अचानक चलते-चलते गिर पड़े। संदीप के परिवार में उनकी पत्नी ममता और इकलौता बेटा है।

# बीमार गाय का इलाज करवाकर प्रधान ने भेजा गौशाला

**गणेश वर्मा ,ब्यूरो चीफ**
**कौशांबी, केसरिया हिंदुस्तान**

कौशाम्बी। मंझनपुर ब्लाक पवारा गांव के ग्राम प्रधान पति रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बीते हफ्ते भर पहले समाज सेवी प्रेमू मिश्रा की सूचना पर गाय को गड्ढे से निकाल कर बाहर किया और वही एक स्थान पर बात कर चारा पानी की व्यवस्था करवाते रहे। लेकिन कहीं पर गड्ढे में गिरने से गंभीर चोट लग गई थी जिसके कारण वह गौवंश को दिक्कत बढ़ती गई। इसकी जानकारी ग्राम प्रधान ने तत्काल पशु डॉक्टर को दी और नजदीकी गौशाला में भेज दिया ।ग्राम प्रधान के इस कार्य से क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

# थूकने से मना करने पर हुआ जानलेवा हमला-केस दर्ज

**गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ -**
**कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान**

कौशाम्बी ।जनपद के सराय अकील थाना क्षेत्र के रक्सराई गांव के रहने अभिषेक कुमार पुत्र शत्रुधन प्रसाद अग्रहरि ने थाना में शिकायती पत्र देते हुए केस दर्ज कराया है। उसने बताया वह अपने आँगन बैठे थे ।इस दौरान पड़ोसी युवक विवेक, अभिषेक , अनुष्का पुत्र भगौती माली और रमन माली उर्फ बन्टू को थूकने से मना किया तो ये सभी लोग जाती सूचक भद्दी भद्दी गालियां देने लगे ।इसका विरोध करने पर उक्त लोगों ने सरिया, बल्लम, डंडा लेकर निकल आये और मारने पीटने लगे ।वहीं विवेक जानलेवा हमला करते हुए सर पर बल्लम से प्रहार कर दिया ।शोर गुल सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बीच बचाव करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया है ।मंगलवार को सराय अकील थाना पहुंचकर पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर केस दर्ज करा दिया है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# नाबालिग भतीजी और बुआ को लेकर एक साथ फुर्र हुए दो युवक- केस दर्ज

कौशाम्बी ।जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव से हैरत एंगेज घटना प्रकाश में आई है। नाबालिक भतीजी और बुआ को पहले फोन के माध्यम से गांव के बाहर बुलाया गया फिर बहला फुसलाकर दोनो को दो युवक लेकर फुर्र हो गए। कौशांबी थाना क्षेत्र के तारा का पुरवा बेरौचा गांव का रहने वाला दिन्ना पुत्र जमना केवट और मोहित पुत्र गिरजा केवट ने पश्चिम शरीरा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय भतीजी और 16 वर्षीय बुआ को लेकर फुर्र हो गए ।दोनो से पहले दोनो किशोरियों को फोन करके गांव के बाहर बुलाया और बात चीत किया और फिर बहला फुसला कर दोनो को भगा ले गए। देर शाम दोनो किशोरियों के घर न पहुंचने पर परिजनो ने खोजबीन किया ।खोजबीन के दौरान यह जानकारी सामने आई है ।पीड़ित परिजनो ने पश्चिम शरीरा थाना में शिकायती पत्र देकर केस दर्ज कराया है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस खोजबीन में जुट गई है।

# विकास भवन के नवनिर्मित मुख्य गेट का जिलाधिकारी ने फीता काट कर किया लोकार्पण

**विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**औरैया ।** जिलाधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने ककोर मुख्यालय स्थित विकास भवन के नवनिर्मित मुख्य गेट का फीता काटकर लोकार्पण करते हुए कहा कि गेट के बन जाने से आवागमन में होने वाली असुविधा से निजात मिलेगी और वाहनों को सुव्यवस्थित ढंग से पार्किंग किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विकास भवन जिले के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र होता है जो स्वयं अच्छा और सुंदर बनेगा और अन्य विकास के महत्व कार्य भी बेहतर ढंग से होंगे।



मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम ने अवगत कराया कि विकास भवन में आने वाले फरियादियों के लिए शीतल पेयजल सहित बैठने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी जिससे फरियादियों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि आवागमन को सुलभ बनाए जाने हेतु विकास भवन के चारों ओर सड़क निर्माण के साथ-साथ वाहनों के खड़े करने की व्यवस्था होगी जिससे वाहनों को पार्क करने में आसानी होगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रहेगी । विकास भवन की साफ-सफाई के साथ-साथ पुताई आदि का कार्य करा दिया गया है जिससे विकास भवन आकर्षक और आधुनिक स्वरूप दृष्टिगत होता है इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से चाहरदीवारी का भी निर्माण कराया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम पूर्ण विधि विधान से जिलाधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर, मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने मंत्रोच्चार के द्वारा किया।

# घर में घुसकर कुनबे को पीटकर तोड़ा हड्डी-केस दर्ज

**कौशाम्बी।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के नारा का मजरा सहीदाबाद के रहने वाले मोहम्मद रईस पुत्र छोटेलाल ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर केस दर्ज कराया है। उसने बताया की रविवार की दोपहर नाली के विवाद को लेकर पड़ोस के ही शबनम पत्नी सलमान, सलमान पुत्र सुभान, आजम पुत्र रिजवान, आलिब पुत्र उस्मान एकराय होकर घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए जमकर पीट दिए हैं ।मारपीट से शरीर पर काफी चोटे आई और बाए हाथ की उगली की हड्डी टूट गई है। बीच बचाव करने पहुंचे जबीरून व शानू को भी उक्त लोगों ने पीट दिया है ।इसके साथ ही कहीं भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिए हैं ।मंगलवार को पुलिस ने केस दर्ज करते हुए घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण हेतु अस्पताल में भेज दिया है। साथ ही जांच पड़ताल में जुट गई है।

# घर में घुसकर कुनबे को पीटा ,सर फटा : केस दर्ज

**कौशाम्बी।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के सेलरहा गांव की रहने वाली सोनी गुप्ता पत्नी सोहन लाल गुप्ता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए केस दर्ज कराया है। उसने बताया बीते शनिवार को देर शाम दवा खाकर वह बिस्तर पर लेट गई थी तभी गांव के ही रहने वालेनरेन्द्र पुत्र अर्जुन व सोनू, मंजय व संजय पुत्रगण चन्द्रभान लाठी-डण्डा लेकर जबरन घर में घुस आए और पुरानी रंजिश को लेकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जमकर पीट दिया। शोर मचाने पर बीच बचाव करने पहुंचे राकेश गुप्ता व बृजेश यादव के सर में उक्त लोगों ने डंडे से सर में मारकर प्राण घातक हमला कर दिए ।शोर शराबा सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए तो उक्त दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले ।मंगलवार को पुलिस ने केस दर्ज करते हुए घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण हेतु भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई है।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

**पीलीभीत ,** अवैध कॉलोनीयो के खिलाफ प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने चंदौई गांव में आधा दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनीयो पर बुलडोजर चलाया जिले में कई कॉलोनाइजर राजस्व की चोरी कर अलग-अलग इलाकों में अवैध रूप से कॉलोनीया बसा रहे थे इनमें कुछ कलोनिया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में बिना लेआउट पास कराए बनाई गई थी प्रशासन की कार्रवाई में अमरिया के एक प्रभावशाली नेता के संरक्षण मैं बनी अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त किया गया प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई के दौरान सभी अवैध कॉलोनी निर्माताओ को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की कड़ी चेतावनी दी अधिकारियों के अनुसार जिले में अवैध कॉलोनीयो पर लगातार नजर रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जिले भर में सैकड़ो अवैध निर्माण : पीलीभीत में इन दिनों से अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वाले लोगों शहर समिति ग्रामीण आंचलो में भी अवैध कॉलोनी का मकडजाल बिछा रखा है भोले भाले लोगों को बेवकूफ बनाकर अवैध कॉलोनी में प्लांट दे दिए जाते हैं सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन सिंह ने कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई है आगे भी अभियान चला कर अवैध निर्माण व कॉलोनीयो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी




# चार पहिया वाहन ने टक्कर मारकर हुआ फरार,टूटा पैर - केस दर्ज

कौशाम्बी ।जिले के सैनी थाना क्षेत्र के कमंगलपुर थुलगुला गांव के रहने वाला शुशील कुमार पुत्र राम आसरे ने सैनी थाना में शिकायती पत्र देते हुए केस दर्ज कराया है। उसने बताया की भाई सुन्दर लाल अपने ससुर भइया लाल सौरई बाजार जा रहे थे तभी कमासीन संयारा रोड पर एक तेज रफ्तार से पिकअप गाडी जिसका नम्बर क्र33 ञ्र 5661 जोरदार पिछे से टक्कर मार दिया। भाई का पैर टूट गया और भाई के ससुर को भी चोट आई हैं ।टक्कर मारने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया ।पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है।